आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या 12:19 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 43, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





वेब सीरीज डायनेस्टी में काम करेंगी रवीना 15

मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान 16


## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 48.5 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन या एटीएफ की कीमत 6.3 प्रतिशत की कटौती के बाद मंगलवार को इस साल के निचले स्तर पर आ गई। वहीं, तेल कंपनियों ने होटलों तथा रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी (19 किलोग्राम) की कीमत में 48.5 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की है। 48.5 रुपये बढ़ने के बाद 1,740 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है।

### आरती सरीन बनीं सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की डीजी

**नई दिल्ली।** शल्य चिकित्सक वाइस एडमिरल आरती सरीन ने मंगलवार को सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) का महानिदेशक पद संभाल लिया। वह यह पदभार संभालने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। महानिदेशक सशस्त्र बलों से संबंधित समग्र चिकित्सा नीति मामलों के लिए सीधे रक्षा मंत्रालय के प्रति उत्तरदाई हैं। वह एएफएमसी पुणे की पूर्व छात्रा हैं और उन्होंने दिसंबर 1985 में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में कार्यभार संभाला था।

### बंगाल में जूनियर डॉक्टर फिर हड़ताल पर गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन कर रहे कनिष्ठ चिकित्सकों ने सभी चिकित्सा प्रतिष्ठानों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर राज्य सरकार पर दबाव बनाने के मकसद से मंगलवार को फिर से अनिश्चितकाल के लिए काम पूरी तरह बंद कर दिया। उनका कहना है कि हम पर हमले हो रहे हैं।

# नशा और मोबाइल फोन छोड़ बहाएं पसीना तो नौकरियों की होगी बारिश

## पेरिस ओलंपिक-पैरालंपिक के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री ने दिए 22.70 करोड़ के पुरस्कार

- कहा, सम्मानित करने के साथ पदक विजेताओं को सरकार बनाएगी राजपत्रित अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक व पैरालंपिक गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को 22.70 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देते हुए नवोदित खिलाड़ियों को सचेत भी किया। कहा कि नशा और स्मार्ट फोन से दूर रहकर बड़ा खिलाड़ी बनने को जितना पसीना बहाएंगे, उतना ही नौकरियों के साथ धन की बारिश भी होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि युवा पीढ़ी के लिए स्मार्ट फोन आज सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। यह युवाओं के समय और श्रम दोनों को प्रभावित करता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने को सचेत किया। कहा कि नशा नाश का कारण है। जो नशे की तरफ गया वह जीवन में फिर किसी के लायक नहीं रह पाएगा। योगी ने कहा कि युवा खुद को तैयार करें। उनकी सुविधाओं के लिए केंद्र और राज्य सरकार समुचित माहौल तैयार कर रही है। युवा खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। सरकार प्रदेश के शहरों से लेकर गांवों तक खेल की सुविधाएं विकसित कर रही है। अच्छे प्रशिक्षण के साथ अच्छे प्रशिक्षक भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



पेरिस पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतीक चेक सौंपते मुख्यमंत्री योगी।

### राजपत्रित अधिकारी बनेंगे पदक विजेता खिलाड़ी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए सम्मान समारोह में आए खिलाड़ियों की प्रेरक कहानी भी साझा की। कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को धनराशि आवंटन में पीछे नहीं है। सरकार ने खेलों में देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने बनाने का निर्णय लिया है। 2 खिलाड़ी पुलिस उपाधीक्षक, 2 नायब तहसीलदार, 1 माल कर अधिकारी और 2 खिलाड़ी जिला युवा कल्याण अधिकारी बनेंगे।

### सरकार ने खिलाड़ियों को बनाया करोड़पति

पेरिस पैरालंपिक-2024 में गौतमबुद्ध नगर के प्रवीण कुमार ने ऊंची कूद प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था, उन्हें 6 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई। कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम में शामिल वाराणसी के ललित उपाध्याय और गाजीपुर के राजकुमार पाल को एक-एक करोड़ रुपये दिए। पैरालंपिक स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई और इटावा के अजीत सिंह को 4-4 करोड़ की धनराशि दी गई। 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली मुजफ्फरनगर की प्रीति पाल को 4 करोड़ और 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाली गाजियाबाद की सिमरन को 2 करोड़ रुपये दिए गए। इसके अलावा पारुल चौधरी, अनु रानी, प्रियंका गोस्वामी, प्राची चौधरी, साक्षी कसाना, दीपेश कुमार व यश कुमार को प्रतियोगिता में भाग लेने पर 10-10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि से सम्मानित किया गया। पदक विजेताओं के प्रशिक्षक भी सम्मानित हुए।

## एसआईटी ने रोकी लड्डू प्रसाद मामले की जांच

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के डीजीपी द्वारका तिरुमाला राव ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तिरुपति के लड्डू में पशु वसा के कथित मिलावट मामले की जांच अस्थायी रूप से रोक दी है, क्योंकि मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। राव ने कहा कि पिछले दो दिनों में एसआईटी ने खरीद और नमूनाकरण प्रक्रियाओं की जांच की है तथा यह समझने की कोशिश की है कि लड्डुओं में मिलावट कैसे संभव है। डीजीपी ने कहा कि सबसे पहले उन्हें (एसआईटी को) प्रक्रिया को समझना होगा, उसका अध्ययन करना होगा।

## भारत में नजर नहीं आएगा सूर्यग्रहण

**नैनीताल।** बुधवार को लगने जा रहा साल का दूसरा सूर्यग्रहण भारत में नजर नहीं आएगा। भारतीय समय के अनुसार ग्रहण रात 9.13 बजे शुरू और सुबह 3.17 बजे समाप्त हो जाएगा। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन ने बताया कि ग्रहण की तीव्रता पर सूर्य का लगभग 93 प्रतिशत बीच का हिस्सा ढक जाएगा। दक्षिण अमेरिका के चिली और अर्जेंटीना में ग्रहण दिखेगा। आंशिक सूर्य ग्रहण अंटार्कटिका, उत्तरी अमेरिका, अटलांटिक और प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में दिखाई देगा।

# जल निगम के पांच रिटायर अफसरों के ठिकानों पर छापा

- आय से अधिक संपत्ति के मामले में विजिलेंस ने की कार्रवाई
- मकान, कृषि भूमि, फ्लैट, गाड़ियों के पेपर और जेवर बरामद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) लखनऊ की टीम ने मंगलवार दोपहर जल निगम की इकाई कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के सेवानिवृत्त पांच अभियंताओं के घरों पर छापा मारा। कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले में की गई। इन सेवानिवृत्त अभियंताओं में से तीन अपनी तैनाती के समय परियोजना प्रबंधक भी थे। पूर्व में इनके खिलाफ शासन के आदेश पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा दर्ज हुआ था। एफआईआर के बाद विजिलेंस ने इनसे कई दस्तावेज मांगे थे लेकिन ढुलमुल रवैया देख अदालत से सर्च वारंट लेकर यह कार्रवाई की।

जल निगम के अफसरों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के लगभग 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। मंगलवार को विजिलेंस टीम ने इंदिरानगर, गोमती नगर और विकास नगर में छापेमारी की। लगभग आठ घंटे तक चले छापे में मकान, खेती की ज़मीन, फ्लैट, गाड़ियों के कागजात, करोड़ों की अघोषित संपत्ति में निवेश, म्यूचुअल फण्ड, बीमा पॉलिसी, पोस्ट ऑफिस निवेश के कागजात और लैपटाप, जेवरात बरामद हुए हैं। विभिन्न बैंक के खाते एवं बैंक लॉकर के प्रपत्र भी हासिल हुए हैं। दरअसल, साल 2020 में सीएंडडीएस के इन अभियंताओं के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें शासन को मिली थी। इन्हें गंभीरता से लेते हुए शासन ने 12 जून 2020 को जांच के आदेश दिए थे। जांच में इन पर लगे आरोप सही पाए गए थे। इसके बाद ही विजिलेंस ने इनके खिलाफ अलग-अलग एफआईआर दर्ज की थी।

### इनके ठिकानों पर पड़े छापे

विजिलेंस एसपी डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी, एएसपी बबिता सिंह के निर्देश पर पांच टीमों ने दोपहर में छापा मारा। यह छापा सीएंडडीएस के तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर व सहायक अभियंता इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी राघवेन्द्र कुमार गुप्ता, इंदिरानगर सेक्टर सी निवासी अधीक्षण अभियंता सत्यवीर सिंह चौहान, निगम के मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ में तैनात रहे गोमती नगर विशेष खंड निवासी अधीक्षण अभियंता रहे अजय रस्तोगी, एल्डिको ग्रीन निवासी सहायक अभियंता कमल कुमार खरबंदा और विकासनगर सेक्टर दो निवासी सहायक अभियंता कृष्ण कुमार पटेल के घरों पर मारा गया। अजय मूल रूप से बरेली के हाफिजगंज, कमल कुमार मध्य प्रदेश के रामपुर और कृष्ण कुमार प्रयागराज के मऊआइमा के रहने वाले हैं।

## विधानसभा चुनाव

### जम्मू-कश्मीर : तीसरे चरण में 65 प्रतिशत हुआ मतदान

**जम्मू/श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे एवं अंतिम चरण के तहत मंगलवार को 65.65 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इस चरण में जम्मू-कश्मीर के सात जिलों में 40 विधानसभा सीटों पर सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू होने के साथ मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें दिखीं। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के 39.18 लाख से अधिक मतदाताओं ने 415 उम्मीदवारों के लिए मतदान में हिस्सेदारी की। इन उम्मीदवारों में दो पूर्व उपमुख्यमंत्री तारा चंद और मुजफ्फर बेग भी शामिल हैं।

सबसे ज्यादा उधमपुर में 72.91 प्रतिशत वोटिंग हुई जबकि सबसे कम बारामूला में 55.73 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक वोट डाले गए। तीसरे चरण में वोटिंग परसेंटेज पहले और दूसरे चरण से ज्यादा रही। पहले चरण में 61.38 प्रतिशत और दूसरे चरण में 57.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीसरे चरण की 40 सीटों में से 24 जम्मू डिवीजन और 16 कश्मीर घाटी की हैं। आखिरी चरण में 415 उम्मीदवारों में 387 पुरुष और 28 महिला हैं।

# अभिनेता गोविंदा के पैर में लगी गोली, खतरे से बाहर

मुंबई, एजेंसी



- रिवाल्वर आलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दबने से चली गोली
- पुलिस ने लाइसेंसी रिवाल्वर को जांच के लिए किया जब्त

अभिनेता गोविंदा मंगलवार को अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से दुर्घटनावश गोली चलने के कारण घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब वह हवाई अड्डा जाने के लिए मुंबई स्थित अपने घर से निकलने वाले थे। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गोविंदा (60) की हालत खतरे से बाहर है। गोविंदा ने एक बयान जारी करते हुए प्रशंसकों को सूचित किया कि अब वह बेहतर महसूस कर रहे हैं।

पुलिस ने अभिनेता के जुहू स्थित आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। अभिनेता के प्रबंधक शशि सिन्हा ने बताया कि गोविंदा को कोलकाता में एक कार्यक्रम के लिए सुबह छह बजे उड़ान भरनी थी और वह 4:45 बजे अपने घर से निकलने वाले थे तभी लाइसेंसी रिवॉल्वर को अलमारी में रखते वक्त ट्रिगर दुर्घटनावश दब गया जिससे गोली चल गई। पुलिस ने बताया कि गोली उनके पैर में लगी। गोविंदा के भाई कीर्ति कुमार ने कहा कि यह एक अजीब घटना थी। वह भाग्यशाली थे कि बच गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया था कि गोविंदा को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इससे पूर्व अभिनेता को उपचार के लिए उनके आवास के समीप क्रिटिकेअर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी गई है। लाइसेंसी रिवॉल्वर को जांच के लिए जब्त कर लिया गया है।

## दोषी होना संपत्ति ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

- निर्णय होने तक बुलडोजर एक्शन पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह संपत्तियों को ध्वस्त किए जाने के मुद्दे पर सभी नागरिकों के लिए दिशा निर्देश जारी करेगा। इसके साथ ही न्यायालय ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया जिनमें आरोप लगाया गया है कि कई राज्यों में आरोपियों की संपत्ति समेत अन्य संपत्तियां ध्वस्त की जा रही हैं। न्यायालय ने कहा कि उसके दिशा निर्देश पूरे भारत में लागू होंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति का महज आरोपी या दोषी होना संपत्ति के ध्वस्तीकरण का आधार नहीं हो सकता।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि हम सभी नागरिकों, सभी संस्थानों के लिए इसे जारी कर रहे हैं न कि किसी खास समुदाय के लिए। पीठ ने कहा कि किसी खास धर्म के लिए अलग कानून नहीं हो सकता है। अदालत ने कहा कि वह सार्वजनिक सड़कों, सरकारी जमीनों या जंगलों में किसी भी अनधिकृत निर्माण को संरक्षण नहीं देगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट के 17 सितंबर के आदेश का उल्लेख किया जिसमें एक अक्टूबर तक संपत्तियों को नहीं गिराने का निर्देश था। इस पर पीठ ने कहा कि इस मामले में निर्णय लेने तक यह आदेश बना रहेगा।

# कांग्रेस की नसों में भ्रष्टाचार : मोदी

## हरियाणा की चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री-यह दलालों-दामादों की पार्टी

पलवल (हरियाणा), एजेंसी

- कहा-बापू-बेटे की राजनीति का मोहरा नहीं बनेंगे यहां के दलित



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस की हरियाणा इकाई में कलह होने का दावा करते हुए कहा कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी से सबसे अधिक नाराजगी राज्य के दलित, पिछड़े और वंचित समाज की है और वे बापू-बेटे (हुड्डा परिवार) की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस की नस-नस में भ्रष्टाचार दौड़ता है और यह दलालों व दामादों की पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के भीतर जो कलह मची है, उसे भी यहां के लोग देख रहे हैं। कांग्रेस से सबसे अधिक नाराजगी तो दलित, पिछड़े, वंचित समाज की है। दलित समाज ने भी ठान लिया है कि वो बापू-बेटे की राजनीति को चमकाने का मोहरा नहीं बनेंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसी का नाम नहीं लिया लेकिन उनका इशारा स्पष्ट तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर था। कांग्रेस से दलितों की नाराजगी का उनका इशारा विपक्षी पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा से था। मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने झूठ का प्रयोग किया था और अब हरियाणा में वह उसी का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगता है कि उसका अपना वोटबैंक तो पक्का है। साथ ही वो सोचती है कि लड़ेंगे और बंटेंगे वो लोग जो भारत से प्रेम करते हैं। हमें कांग्रेस की इस सोच और साजिश को कभी भी सफल नहीं होने देना है।

### खर्ची-पर्ची की व्यवस्था को फिर लाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने करीब 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दीं और वो भी बिना 'खर्ची-पर्ची' के, साथ ही हजारों कर्मचारियों को पक्का किया। उन्होंने कहा कि लेकिन अब कांग्रेस वाले फिर वही 'खर्ची-पर्ची' व्यवस्था हरियाणा में वापस लाना चाहते हैं और आप पर थोपना चाहते हैं। कहा कि उनकी सरकार बनने के दूर-दूर तक आसार नजर नहीं आ रहे हैं। लेकिन लूट-खसोट का बंटवारा अभी से हो गया है। ये है कांग्रेस की सच्चाई।

# व्यवसाय के लिए 5 लाख बिना ब्याज देगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## मंत्रिमंडल के फैसले

- एक लाख युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से मिलेगा लाभ
- युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में मंगलवार को हुई बैठक में 25 प्रस्तावों में से 24 पर मुहर लगाई गई। इस कड़ी में एक अहम प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को जमीन पर उतारने का रास्ता साफ कर दिया गया। इसके तहत 1 लाख युवाओं को हर साल बिना ब्याज के 5 लाख रुपये का लोन माइक्रो यूनिट स्थापित करने के लिए दिया जाएगा। इसके जरिए बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य है। जिसमें सामान्य वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 12.5 प्रतिशत, अनसूचित जाति जनजाति के लिए 10 प्रतिशत मार्जिन मनी देनी होगी। 8वीं से 12वीं पास बेरोजगार इसके लिए पात्र होंगे।

मंत्रिमंडल ने राज्य के युवाओं के लिए उप्र. उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति 2024 प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इस नीति के जरिए विदेशी उच्च शैक्षिक संस्थानों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 50 करोड़ तक के निवेश पर भूमि लागत से 50 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, 150 करोड़ तक के निवेश पर 30 प्रतिशत और 150 करोड़ से अधिक के निवेश पर 20 प्रतिशत की स्टाम्प ड्यूटी की छूट का प्रस्ताव दिया गया है। पहली 5 विदेशी संस्थाओं को निवेश करने पर विशेष प्रोत्साहन किया जाएगा।

### मक्का, बाजरा और ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। इसी दर पर सरकार मोटे अनाज खरीदेगी। कैबिनेट के निर्णय की जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रुपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रुपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में खरीद की जाएगी तो बाजरा की खरीद 32 जिलों में होगी। वहीं, ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।


!! हर हर महादेव !! !! श्री काशी विश्वनाथ धाम की जय !! !! माँ कामाख्या की जय !!

रोग मुक्त भारत ! शोक मुक्त भारत ! नशा मुक्त भारत ! भय मुक्त भारत !

श्री करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति धाम



यज्ञ/ अनुष्ठान/ संकल्प/ प्रार्थना हेतु

श्री करौली शंकर महादेव धाम में प्रत्येक माह की "अमावस्या" को निःशुल्क होने वाले उपरोक्त "पूर्वज मुक्ति" कार्यक्रम में आप सभी भक्तजनों का हार्दिक स्वागत है

कृपया 2 अक्तूबर दोपहर 2 बजे से श्री करौली शंकर (गुरूजी) द्वारा किए जाने वाले उपरोक्त कार्यक्रम में भाग लें

शंकर सेना उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री सुबोध चोपड़ा के संयोजन में प्रत्येक रविवार सरसैया घाट पर होने वाली गंगा महाआरती में अवश्य भाग लें

Ph: +91 9018992244 www.karaulisarkar.com @KarauliShankar

Shree Karauli Shankar Mahadev Poorvaj Mukti Dham, Lau Kush Ashram, Kanpur - 208021 (UP)



# पालकी पर आएंगी मां और मुर्गे पर होगी विदाई

शारदीय नवरात्र

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 5.30 से 11.30 बजे तक
- बाजार में सजीं देवी मूर्तियों और पूजन सामग्री की दुकानें



सरायमीरा में सड़क के किनारे दुकान पर सजीं देवी प्रतिमाएं व पूजन सामग्री।

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र को लेकर शहर से लेकर देहात तक तैयारी शुरू हो गई है। गुरुवार से शुरू होने वाले पर्व को लेकर बाजार में मूर्तियों तथा पूजन सामग्री की दुकानें सज गईं हैं। इस बार मैया का आगमन पालकी पर हो रहा है जबकि विदाई मुर्गे पर होगी। चतुर्थी तिथि दो दिन होने से इस बार 10 दिन की नवरात्र है।

आज यानी बुधवार को पितृ विसर्जन के साथ पितरों की विदाई हो जाएगी। कल यानी परवा के दिन शारदीय नवरात्र का प्रारंभ हो रहा है। इसको लेकर जहां शहर भर में पंडाल सजाने का काम अंतिम चरण में है तो वहीं घरों में भी साफ सफाई के साथ साज सज्जा कर देवी के स्वागत की तैयारी शुरू हो चुकी है। शरद ऋतु की इस नवरात्र में जिले भर में आयोजन होते हैं। पूरे नौ दिनों तक कई स्थानों पर देवी भागवत, दुर्गासप्तशती पाठ का आयोजन किया जाता है तो वहीं भक्त नौ दिन तक व्रत रखकर मां की आराधना में रत रहते हैं। नवरात्र के चलते बाजार में भी दुकानें सज गईं हैं। दुकानदारों की मानें तो बुधवार को खरीदारों के उमड़ने की संभावना है।

### इस बार चतुर्थी 2 दिन की होगी



- आचार्य बब्लू मिश्रा ने बताया कि इस बार कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 5 .30 बजे से लेकर 11 .30 बजे तक है। जानकारी दी कि इस बार माता का आगमन पालकी पर होगा जबकि विदाई मुर्गे पर होगी। इसके कारण मानव जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव हो सकता है। इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन 6 और 7 अक्टूबर को पड़ रही है। इस बार नवदुर्गा पूजा 10 दिन की है।

## 4 पर हुई जानलेवा हमले की रिपोर्ट

**सौरिख, कन्नौज ।** क्षेत्र के सलेमपुर गांव में पूर्व में जमकर ईंट पत्थर चले थे जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। 4 लोगों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई।

थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी देवेंद्र कुमार दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 सितंबर की शाम को बेटा गौरव दुबे, लोकेश दुबे सलेमपुर गांव से दुकान बंद कर आवास जा रहे थे । तभी घात लगाए बैठे सलेमपुर निवासी राम मोहन, नीलेश , गौरव , चमन ने जान से मारने की नीयत से सरिया बेलचा से हमला बोल दिया। हमले में गौरव व लोकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए।

## सार-संक्षेप



बाइक चालक को निर्देश देते टीएसआई। अमृत विचार

### तिर्वा में यातायात व्यवस्था को सुधारेंगे अरशद अली

**तिर्वा।** यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए एसपी ने तिर्वा में टीएसआई अरशद अली को नियुक्त किया है। उन्होंने पहले दिन ही चेकिंग कर वाहन चालकों को हिदायत दीं। चार्ज लेने के बाद टीएसआई ने मेडिकल कालेज, ठठियारोड, गांधी चौराहा, इंदरगढ़ तिराहा पर चेकिंग लगाकर वाहन चालकों को नियम पालन की हिदायत दी। टीएसआई ने आमजन से अनुरोध किया कि सड़क किनारे वाहन को न खड़ा करें, नशे की हालत में वाहन को न चलाएं, दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। पहले दिन ही एक वाहन को सीज कर कोतवाली तिर्वा में खड़ा किया गया वही 10 अन्य वाहनों के चालान की कार्रवाई की गई।

### कंडक्टर ने बस में युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

**सौरिख,कन्नौज ।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नोएडा से लखनऊ जा रही बस में कंडक्टर ने युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया है। युवती के चिल्लाने पर सवारियां जाग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। लखनऊ निवासी युवती नोएडा में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। और सोमवार रात करीब 11 बजे प्राइवेट बस से लखनऊ जा रही थी। रात में बस में बैठी सभी सवारियां सो रही थी तभी बस में मौजूद गोंडा निवासी कंडक्टर रिजवान ने मौके का फायदा उठाते हुए सो रही युवती से छेड़छाड़ शुरू कर दी। इससे उसकी नींद खुल गई और विरोध करने लगी। आरोप है कि तभी कंडक्टर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया है। युवती के शोर मचाने पर सवारियां जाग गईं, जिससे युवती की अस्मत बच सकी। युवती ने 112 पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस एवं थाना पुलिस ने सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर 154 कट पर बस को रुकवा कर आरोपी कंडक्टर एवं पीड़िता को थाने ले गई। युवती ने घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों के पहुंचने पर पीड़िता को पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।



जिला अस्पताल की मोर्चरी के बाहर रोती बिलखती महिलाएं। अमृत विचार

### जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**गुरसहायगंज/कन्नौज।** जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत हो गई। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृत अवस्था में उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। तालग्राम थाना क्षेत्रके गांव हाजिरपुर निवासी किसान सरमन लाल( 42 ) पुत्र राजाराम सोमवार की शाम आठ बजे के करीब घर के अंदर आलू की बुवाई के लिए बीज काट रहा था। तभी आंगन में सूख रहे आलू से सर्प निकल आया। सर्प ने उसके हाथ की उंगली में डस लिया। परिजन इधर-उधर ले जाकर झाड़ फूक कराते रहे। रात दो बजे के करीव हालत और खराब हुई तो जिला अस्पताल लाने के लिये वाहन की तलाश की। निजी वाहन तलाशते रहे पर नहीं मिला। किसी को भी यह नहीं समझ में आया कि 108 नंबर पर फोन लगा कर एंबुलेंस को बुला लें। इलाज न मिलने से मौत हो गई। परिजन सुवह आठे बजे के करीव उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इमरजेंसी के डॉ . हरिमाधौ ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों के कहने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। किसान की मौत से पत्नी मंजू देवी, पुत्री अंजली, पुत्र अल्केश व नितिन सहित परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई की।

# 67 करोड़ से बिछेंगी पाइप लाइन, बनेंगे 8 नलकूप

## पेयजल परियोजना को मिली शासन से मंजूरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है कि जल्द ही नगर पालिका के सीमा विस्तार वाली करीब 25 हजार की आबादी को पेयजल की सुविधा भरपूर रूप से मिलेगी। इसके लिए शासन ने करीब 67 करोड़ की पेयजल परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना को अमृत 2.0 के तहत यह मंजूरी मिली है। इससे क्षेत्र में करीब 110 किमी. पाइप लाइन बिछाने के साथ ही नलकूप व ओवरहेड टैंक बनाए जाने की योजना है। इसके लिए जगह भी चिह्नित की जा चुकी है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने बताया कि कई बार क्षेत्र में पानी का संकट सामने आता है। खासतौर पर गर्मी के मौसम में समस्या ज्यादा गंभीर हो जाती है। इसको देखते हुए शासन को पेयजल परियोजना का प्रस्ताव भेजा गया था जिसे मंजूरी मिल गई है। इससे पालिका के विस्तार वाले क्षेत्रों में पेयजल सुविधा को बेहतर किया जाएगा।

संबंधित काम की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था जल निगम को सौंपी गई है। ईओ ने बताया कि 66 करोड़ 80 लाख की परियोजना के तहत 110 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछायी जाएगी। इसके साथही 5 ओवरहेड टैंक तथा 8 नलकूप नए लगाए जाएंगे। इसको लेकर जगह चिन्हित की जा चुकी है। जल्द ही काम भी शुरू हो जाएगा। कहा कि इस कार्य के पूरा हो जाने के बाद नगर क्षेत्र में पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।



पानी की टंकी।( प्रतीकात्मक )

**110** किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछायी जाएगी

### आज पीएम करेंगे उद्घाटन

- ईओ ने बताया कि गांधी जयंती के मौके पर बुधवार को परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अन्य योजनाओं के साथ वर्चुअल तरीके से करेंगे।

### इन क्षेत्रों को मिलेगा लाभ

- नगर पालिका के विस्तार वाले क्षेत्रों सरायमीरा, चौधरियापुर, बलही, नसरापुर, मानपुर, सरायघाघ, जसौली, गदनपुर बड्डू आदि की करीब 25 हजार की आबादी को इस परियोजना से आच्छादित किया जाएगा।

## बेटी की ससुराल आये मां-बाप को दामाद ने पीटा

**छिबरामऊ,कन्नौज।** बेटी के पुत्र होने पर ससुराल आये मां- बाप को किसी बात को लेकर दामाद ने सड़क पर गिराकर पीटा। इससे वह बेहोश हो गया। मां को गम्भीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव खोजीपुर के मजरा नगला महुअन की रहने वाली पूजा देवी पत्नी रामजीत के तीन दिन पहले बेटे को जन्म दिया। इसस पर पूजा की मां मंजू देवी व पिता पूरन लाल मंगलवार को बेटी की ससुराल सामान लेकर आये थे। तभी किसी बात को लेकर रामजीत का सास- ससुर से विवाद हो गया। इस पर सास ने पुलिस को फोन कर दिया। इस मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को समझाकर शांत कर दिया। पुलिस बुलाने से खफा रामजीत ने सास व ससुर के साथ मारपीट कर दी। ससुर ने विरोध किया तो सास को सड़क पर लुटा- लुटा कर मारपीट की। मोहल्ले के लोग तमाशबीन बने रहे कोई बचाने तक नहीं पहुंचा। मंजू देवी के बेहोश होने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गम्भीर बनी हुई है।

## महिला ने नायब तहसीलदार कोर्ट के बाहर काटा हंगामा

संवाददाता तिर्वा

- न्यायालय से स्टे आर्डर को लेकर थी नाराज, अफसरों ने समझा कर भेजा घर



महिला को समझाते नायब तहसीलदार।

**अमृत विचार।** कोर्ट में विचाराधीन मामले में स्थगनादेश हो जाने और फिर विपक्षी द्वारा संबंधित खेत में फसल बोने से नाराज महिला तहसील पहुंच गई। यहां पर उसने नायब तहसीलदार कोर्ट के बाहर हंगामा काटा।

नायब तहसीलदार न्यायालय के सामने उससमय भीड़ जमा हो गई, जब एक महिला हंगामा करते हुए न्यायालय का दरवाजा बंद करके धरने पर बैठ गई। जानकारी होते ही नायब तहसीलदार अतुल हर्ष पहुंचे तो महिला व साथ आए अन्य लोग भड़कगये । इसकी जानकारी एसडीएम अशोक कुमार व तहसीलदार अवनीश कुमार को हुई तो उन्होंने महिला की बात सुनी। महिला योगेश ने बताया कि वह ठठिया की रहने वाली है। उसने 2015 में थाना ठठिया क्षेत्र के चटियन गांव निवासी जयनारायन को दो बीघा जमीन का बैनामा कराया था। कई बार विक्रेता को नोटिस देने के बावजूद भी जब रुपया नहीं दिया, तो वर्ष 2023 में उसने न्यायालय से अपने हक में आदेश पारित करवा लिया। लेखपाल व राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश करवाकर कब्जा भी ले लिया था। मंगलवार को जब वह खेत गई तो विपक्षी जय नारायन ने जमीन पर स्टे होने की बात करते हुए उसे वहां से भगा दिया। जब उसने पुलिस को सूचना दी तो उसने भी उसकी एक न सुनी । कहा कि उसके हक में आदेश जारी होने के बावजूद भी उसी अधिकारी ने जमीन पर स्टे का आदेश जारी कर दिया जो गलत है। एसडीएम ने आश्वासन पर महिला शांत हुई ।

# 102 प्रधानाध्यापकों ने नहीं दिया जवाब

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- 3 सितंबर को बीएसए ने दिया था नोटिस, अब 7 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

**अमृत विचार।** प्रेरणा पोर्टल पर यू डॉयस से प्राप्त छात्र नामांकन सूचना के आधार पर नामांकन में हुई गिरावट पर 102 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया है। इस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने समस्त खंड/नगर शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से 7 दिन के अंदर स्पष्टीकरण लेने के आदेश दिए हैं। कहा है कि किसी विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो उसके अक्टूबर के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जाए।

बेसिक शिक्षाधिकारी संदीप कुमार ने जारी पत्र में कहा है कि 3 सितंबर को प्रेरणा पोर्टल पर यू डॉयस से प्रापत् छात्र नामांकन सूचना के संबंध में जानकारी करने पर पता चला कि जिले में 102 प्रा.वि./उच्च प्रा.वि. के गत वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष के नामांकन में गिरावट प्रदर्शित हुई है। यह गिरावट 30 प्रतिशत से भी अधिक है। इससे प्रतीत होता है कि संबंधित विद्यालयों के प्र. अ./इं. प्र.अ. ने शैक्षिक सत्र 2024-25 में बच्चों के नामांकन बढ़ाने के संबंध में कोई प्रयास नहीं किए। इससे स्पष्ट है कि संबंधित विद्यालयों के प्र. अ./ इं. प्र.अ. शिक्षण कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं और विभागीय आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। इन सभी 102 प्र. अ./इं. प्र.अ. से साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे लेकिन किसी ने इस संबंध में जवाब नहीं दिया है। बीएसए ने इसे विभागीय आदेश की अवहेलना तथा कार्य में बाधा माना है। साथ ही सभी बीईओ को संबंधितों से 7 दिन में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के आदेश दिए हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



मौके पर रोते बिलखते परिजन व लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार



घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

# धान के खेत में मिला युवक का शव

सम्वाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** धान के खेत में एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान मृतक की जेब से आपत्तिजनक सामग्री समेत कुछ दवाइयां मिली हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम में कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दे दिया।

मंगलवार सुबह सौरिख थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव के बाहर स्थित परशुराम के धान के खेत में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के तिज्जापुर्वा गांव निवासी दीपेंद्र कुमार ( 18 ) पुत्र नागेश चंद्र का शव पानी में पड़ा मिला है। पास में मृतक की साइकिल भी पड़ी हुई थी। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए घटना से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए आवश्यक वस्तुओं को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान मृतक के जेब से आपत्तिजनक सामान एवं कुछ दवाइयां मिली हैं। परिजन यह नहीं बता पाये कि आखिर रात में वह साइकिल से घटना स्थल तक कैसे पहुंच गया। मृतक के घर से घटना स्थल की दूरी लगभग एक किलोमीटर दूर बताई जा रही है। वह बड़े भाई उपेंद्र के साथ हरियाणा के गुरुग्राम में प्राइवेट नौकरी करता था और 24 सितंबर को वापस घर आया था। घटना से मां पार्वती बहन अंजली एवं भाई उपेंद्र का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



युवक की फाइल फोटो।

### मोबाइल करेगा घटना का पर्दाफाश

मृतक के पास मिले मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू करदी है। परिजनों का मानना है कि मोबाइल की कॉल डिटेल से ही घटना का खुलासा होगा और मृतक को अंतिम बार फोन कर जिसने बुलाया होगा तो उसकी भी जानकारी मिल जाएगी। पुलिस फिलहाल कई बिंदुओं से मामले की जांच पड़ताल में जुटी की हुई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र वीर कश्यप (VEER KASHYAP) के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम (JEETENDRA KUMAR) है जो कि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी अंकित है। अतः मेरे पुत्र के विद्यालय में मेरा नाम (JEETENDRA KASHYAP) के स्थान पर (JEETENDRA KUMAR) अंकित किया जाये। **जीतेन्द्र कुमार पुत्र श्री राम अवतार, निवासी– ई–4/33, सेक्टर–डी, बसन्तकुंज, हरदोई रोड योजना, लखनऊ।**

**सूचना**

मैं, **मुन्नू लाल एवं मुन्नी देवी पता– म. नं. 4/107 विकास नगर, लखनऊ** ने अपने पुत्र संजीव कुमार व पुत्रवधू नीतिका के गलत आचरण के कारण इन्हें अपनी चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीत कुमार पुत्र श्री राम दुलारे, निवासी– ग्राम व पो0– रमिया बेहड लखीमपुर खीरी, उ0प्र0** मेरे इण्टरमीडियट जिसका रोल नं0 –0900753 वर्ष –2016 तथा प्रमाण पत्र 31000695 और हाईस्कूल अंक पत्र जिसका रोल नं0–2522424 वर्ष– 2024 प्रमाण पत्र– 6624451 की मूल प्रति वास्तव में खो गई है।

**सूचना**

मैने अपना नाम परवेज खान से बदलकर मोहम्मद परवेज खान (MOHD PARVEZ KHAN) रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद परवेज खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद परवेज खान पुत्र श्री इकबाल खान निवासी सीमान्त नगर, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज।**

**सूचना**

मेरे पुत्र मो. सफीक का चाल चलन सही नहीं है, नशा करके मेरे साथ मेरे परिवार के सदस्यों को मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। जिससे तंग आकर मै अपने पुत्र मो. सफीक को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज से वह अपने द्वारा किये गये कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **मो. शरीफ पुत्र छंगा ग्राम गौरवा खुर्द ककरहा वि. खं. हलधरमऊ थाना को. करनैलगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्यालय अभिलेखों में मेरी पुत्री , माता एंव पिता का नाम त्रुटिवश सिर्फ गार्गी , माता का नाम नीतू एवं पिता का नाम विजयंत विक्रम सिंह अंकित है। जबकि सही नाम गार्गी सिंह (GARGI SINGH) , माता का नीतू सिंह (NEETU SINGH) एवं पिता का नाम कुंवर विजयंत विक्रम सिंह (KUNWAR VIJAYANT VIKRAM SINGH) है। कृपया विद्यालय अभिलेखों में नामो में सुधार कर अब इसे उक्त नाम से लिखा, पढ़ा व दर्ज किया जाए। **कुंवर विजयंत विक्रम सिंह,निवासी– के. एन.आई कस्बा, जिला सुल्तानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **संगीता पत्नी नन्हें लाल, निवासी– छिंपिया पो0 लक्ष्मीगंज–बुजुर्ग जिला रायबरेली** मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 218457530 में मेरा नाम संगीता अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाता आदि में सुनीता देवी दर्ज है ।उक्त दोनों नाम एक ही महिला के है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **ऋचा पाण्डेय पुत्री अंजू पाण्डेय पत्नी सुनील शुक्ला, निवासिनी– म0नं0–647/21, के0एल0 सिटी नियर एम0डी0एम0 स्कूल, सेक्टर–एच, जानकीपुरम, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226021** की हूँ। यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम ऋचा पाण्डेय है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश ऋचा शुक्ला दर्ज हो गया है जो कि गलत है। आज के बाद मुझे ऋचा पाण्डेय के नाम से जाना जाये तथा पासपोर्ट में मेरा नाम ऋचा पाण्डेय दर्ज किया जाय।

जरा याद करो कुर्बानी — जिले भर में होंगे आयोजन, आजादी में राष्ट्रपिता के योगदान पर चर्चा के दिये गये दिश–निर्देश

# शास्त्री को भूला शासन, शासनादेश में गांधी जयंती का ही उल्लेख

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



**अमृत विचार।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बुधवार को जिले भर में आयोजन होंगे। 155वीं जयंती पर सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराने के आदेश जारी हुए हैं। खास बात यह है कि इस बार शासन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भुला दिया है, जबकि उनकी भी जयंती हर साल 2 अक्टूबर को ही मनाई जाती है।

राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर सभी जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से पत्र जारी हुआ है। इसके विषय में ही सिर्फ महात्मा गांधी की जन्मदिवस पर समारोह माने का संदर्भ है। कहा गया है कि स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा व गति देने में राष्ट्रपिता का अतुलनीय योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। दूसरे बिंदु में लिखा है कि पूर्व की भांती इस वर्ष भी दो अख्टूबर को गांधी जयंती समारोह सम्मानपूर्वक आयोजित की जाए। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाए।

सभी कार्यालयों, विद्यालयों व दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः नौ बजे महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण कर, उनके राष्ट्र के निर्माण में योगदान पर चर्चा की जाए । खास बात यह है कि इस पूरे शासनादेश में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जिनका जन्म भी इसी दिवस पर हुआ है उनका कहीं भी जिक्र नहीं किया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि शासन व प्रशासन ने गुदड़ी के लाल व सादगी और इमानदारी के पयार्य लाल बहादुर शास्त्री को भुला दिया है ।

### गांधी जयंती पर होगी दौड़ प्रतियोगिता

- **सौरिख, कन्नौज।** हरिभानपुर गांव में स्थित स्पोर्ट स्टेडियम में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बालक एवं बालिका वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में हरिभानपुर गांव में स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग, जबकि 3 किलोमीटर महिला वर्ग में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने खिलाड़ियों से दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

### अनुदानित बीजों का वितरण 5 को लोहिया पार्क में

**कन्नौज।** जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के शाकभाजी उत्पादन कार्यक्रमों में जनपद के पंजीकृत चयनित कृषकों को विभाग से इम्पैनेल्ड कम्पनियों से अनुदानित बीज वितरण कराने के लिए 5 अक्टूबर को डॉ. राम मनोहर लोहिया पर्यावरणीय उद्यान एवं पार्क, मानपुर कन्नौज में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03 :00 बजे तक कार्यक्रम होगा। चयनित कृषक विभागीय पोर्टल http :// dbt.uphorticulture.in पर पंजीकरण की पावती व आधार कार्ड के साथ निर्धारित तिथि व समय पर आयोजन स्थल पर स्वयं उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि संकर शाकभाजी हेतु लौकी, तरोई, कद्दू, खीरा, करेला, भिण्डी, टमाटर, बैंगन, पातगोभी, फूलगोभी मसाला मिर्च की आपूर्ति हेतु इम्पैनेल्ड समस्त फर्मों द्वारा स्टाल लगाये जायेगें।

**आज का मौसम**

बुधवार को धूप खिली रहने की संभावना है।

| 34.0° | 25.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06:00 | सूर्यास्त 05:53 |

# खेत में पड़ा मिला लापता वृद्ध का शव

## बहू ने जेठ व जेठानी पर लगाया हत्या का आरोप, कहा - ससुर पति के इलाज के लिए खेत बिक्री की कर रहे थे बात

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** तीन दिन से लापता वृद्ध का शव खेत में पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहू ने अपने जेठ पर ससुर की हत्या करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी है। कहा कि पति के इलाज के लिए ससुर ने खेत बिक्री की बात की थी। यह बात जेठ को पता चल गई और उसके बाद से ही ससुर लापता हो गए थे। वहीं मृतक की बहू की तहरीर पर जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली के बेहरिन गांव निवासी रामशंकर (65) पुत्र बेंचेलाल के तीन पुत्र धर्मवीर, राजवीर, गोंविद है। तीनों अपने परिवार के साथ रहते हैं। छोटे पुत्र गोविंद की मानसिक स्थिति सही नहीं रहती। 23 सितंवर को राजवीर की तबियत बिगड़ गई जिसे परिजनों ने कानपुर में भर्ती कराया। रामशंकर उसके ईलाज के लिए खेत बिक्री की बात कर रहा था। 29 सितंबर (रविवार) को रामशंकर लापता हो गया। मंगलवार की दोपहर जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो उन्हीं के खेत में उनका शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मौत की सूचना पर पहुंची राजवीर की पत्नी ओमश्री ने जेठ धर्मवीर पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसके ससुर पति के इलाज के लिए खेत बिक्री करना चाहते थे। जिसकी जानकारी उसके जेठ को हो गई तो उसने ससुर को खेत पर ले जाकर उनकी हत्या कर दी और शव को वहीं पर डालकर परिवार के साथ गांव छोड़कर चला गया। गांव के बच्चों ने बताया कि ससुर को धर्मवीर के साथ जाते देखा था लेकिन वापस उनके साथ नहीं आए। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जेठ धर्मवीर व उसकी पत्नी मीरा (जेठानी) पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



खेत शव मिलने की सूचना पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार



रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

### संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**तिर्वा।** संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली के भिदासिन गांव निवासी बृजभान सिंह पुत्र दलवीर की शादी कानपुर के रसूलाबाद थाना क्षेत्र के पूरनपुर्वा गांव निवासी शशि पुत्री नवाब सिंह के साथ हुई थी। सोमवार को शशि की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया। मृतका के भाई राघव ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि ससुरालीजन उसकी बहन को आए दिन मारपीट करते रहते थे। 30 सितबंर को सभी ने उसकी बहन की बहुत पिटाई की जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पप्ट होगा। अगर पिटाई से मौत होने पुष्टि हुई तो कार्रवाई की जाएगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य सुशील कुमार शाक्य। अमृत विचार

# आत्मनिर्भर भारत पर हुई भाषण प्रतियोगिता

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

- मनु, सौम्या व सलोनी ने प्राप्त किया स्थान

**अमृत विचार।** डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में सुरभि कल्चरल क्लब के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हेमेंद्र सिंह ने आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के विषय में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरिराम यादव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत स्वयं व्यक्ति से होती है। प्रतियोगिता में छात्र सलोनी, रिंकी, सौम्या व छात्र विवेक ने प्रतिभाग किया। छात्राओं ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया आदि विषय पर विचार रखें। बताया कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य देश के नागरिकों को हर तरह से स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाना है। भाषण प्रतियोगिता में मनु ने प्रथम, सौम्या ने द्वितीय व सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## एक नजर

### जहरीला कीड़े के काटने से युवक की गई जान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मेरापुर गढ़िया के रहने वाले विपिन कुमार पुत्र जगरूप सिंह मंगलवार की सुबह जहरीले कीड़ा ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर सौ शैय्या अस्पताल में ले आये। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया।

### बुखार से युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** तालग्राम के मोहल्ला गढी गौंखर निवासी अनमोल बाल्मीकी के 18 माह के पुत्र अभिनव को शुक्रवार को तेज बुखार आ गया। परिजन आनन फानन उसे लेकर नगर के निजी अस्पताल पहुंचे। आराम न मिलने पर गुरसहायगंज में निजी चिकित्सक को दिखाया। इसके बाद फर्रुखाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर परिजन शिशु को फर्रुखाबाद से बरेली ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी सोमवार की शाम उसकी मौत हो गई। अनमोल बाल्मीकी ने बताया अभिनव उसकी इकलौता पुत्र था। पुत्र की मौत से मां दुर्गा का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. कुमारिल मैत्रेय ने बताया बच्चे को सीएचसी नहीं लाया गया था।

### मार्ग दुर्घटना में महिला की मौत, पति घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मैनपुरी के थाना कुरावली ग्राम खुन्ना खेड़ा निवासी पृथ्वीराज ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका पुत्र प्रमोद दोहरे व पुत्रवधू अनीता दोहरे बाइक से ससुराल ग्राम सहिल्लापुर कन्नौज जा रहे थे। जसोदा स्थित हाइवे पर सोमवार की रात लगभग 09 .30 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इससे उसकी पुत्रवधू की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उसका पुत्र प्रमोद घायल हो गया था। मौके पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी सुनील चौधरी ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### डकैती में वांछित 25,000 का इनामी किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** ठठिया थाना क्षेत्र में दो गांव के दो घरों में बीते माह पड़ी डकैती के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से नकदी बरामद हुई है। थानाध्यक्ष अरूण कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना ठठिया क्षेत्रमें पड़ी डकैती के मामले में वांछित चल रहे डकैत विनीश पुत्र रामचन्द्र निवासी बलनपुर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज हाल पता ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी के समय ठठिया थाना प्रभारी अरूण कुमार चौधरी, कमलभाटी एसओजी प्रभारी, दरोगा हसीब अहमद थाना ठठिया, सिपाही सौरभ थाना ठठिया,सिपाही सागर पंवार थाना ठठिया, हेड सिपाही तेज प्रताप एसओजी टीम, हेड सिपाही सुधीर कुमार एसओजी, हेड सिपाही रविन्द्र यादव एसओजी, सिपाही मनीष कुमार सिंह एसओजी, सिपाही विकास अग्रहरि एसओजी, सिपाही यगन एसओजी सामिल रहे।

# सबमर्सिबल की बोरिंग का सामान चोरी, आरोपी को पुलिस ने छोड़ा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मानीमऊ में सबमर्सिबल की बोरिंग करने के लिये लाये गये लोहे के पाइप चोरी हो गए थे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मानीमऊ पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर छोड़ दिया है। पीड़ित ने एएसपी को शिकायती पत्र दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव हैबतपुर कटरा निवासी अंकित शर्मा मंगलवार को व्यापारी नेता अनिल कुमार गुप्ता व सतीश कटियार के साथ एसपी अजय कुमार से मिले। उन्होंने बताया कि अंकित शर्मा सबमर्सिबल की बोरिंग करने का काम करता है। दो दिन पहले वह बोरिंग का सामान लेकर तिखवा एक मकान में बोरिंग करने गये थे। छह इंची 37 लोहे के पाइप व अन्य सामान रख कर रात में रखवाली की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को सौप कर घर चला गया। 29 सितंबर की रात पाइप चोर ले गये। जानकारी करने पर चोरी करने वाले का नाम पता चल गया। इस पर मानीमऊ चौकी प्रभारी को जानकारी दी तो पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। कुछ देर के बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया जब कि आरोपी की मां खुद बता रही है कि पाइप किन लोगों ने चोरी किये हैं। पत्र मिलने के बाद एएसपी ने चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे को फोन कर संबंधित चोरी के मामले को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये।



एएसपी से शिकायत करने पहुंचा पीड़ित अंकित शर्मा, व्यापारी नेता अनिल गुप्ता व सतीश कटियार। अमृत विचार

# नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** घर से बाहर निकले व्यक्ति की नाले में गिरने से मौत हो गई।

नगर के मोहल्ला बस्तीराम आवास विकास कॉलोनी में मंगलवार की सुबह आलोक का शव नाले में पड़ा मिला। मृतक की पत्नी आशा ने बताया कि आलोक मंगलवार की सुबह घर से निकले थे। कुछ देर तक न लौटने पर उन्हें बाहर जाकर देखा तो वह नाले में पड़े थे। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिजनों लोगों ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू कर दिया गया है। डीएम व अन्य अधिकारियों ने फीता काट काट कर संचारी रोग नियंत्रण की सुरुआत की। इस के बाद हरी झंड़ी दिखा कर जागरूकता रैली को रवाना किया।

मंगलवार को दोपहर के समय जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, सीडीओ राम कृपाल चौधरी सीएमओ कार्यालय परिसर में पहुंचे। यहां पहले से संचारी रोग नियंत्रण की तैयारी के बाद पीता काटा। इस के स्कूली बच्चों व स्वास्थ्य वर्करों की जागरुकता रैली को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया। बताया गया कि एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण का अभियान एवं 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान (तृतीय चरण) का आयोजन होगा। इस अभियान में सफाई के अलावा नालियों में स्प्रे किया जायेगा। इस मौके पर सीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी, एसीएमओ डॉ. एके जाटव आदि रहे।



सीएमओ कार्यालय परिसर में फीता काट कर संचारी रोग नियंत्रण की शुरुआत करते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, सीडीओ व विभागीय अधिकारी। अमृत विचार



स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

# गांधी बन बच्चों ने बटोरीं तालियां

छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर स्कूलों में आयोजन हुए। यहां बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर तालियां बटोरीं।

शहर के ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल में मंगलवार को कई प्रतियोगिताएं हुईं व गांधी जी की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। मैनेजिंग डायरेक्टर रामानंद वर्मा व डायरेक्टर हिमांशु वर्मा ने बच्चों को गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। प्रिंसिपल रूबी मिश्रा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विद्यालय के सब डायरेक्टर शिवम वर्मा , कोऑर्डिनेटर ऋचा दुबे व शिक्षकगण अर्पित दुवे, अंशिका वर्मा, रेशु, कंचन, वैष्णवी , ऋतु , प्रीति, काजल , जुली वर्मा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# दो दिवसीय शूटिंग चैंपियनशिप शुरू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में 02 दिवसीय प्रथम शूटिंग चैंपियनशिप 2024 का उद्घाटन एसपी ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर किया।

मंगलवार को पुलिस लाइन में शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि चैंपियनशिप का उद्देश्य न केवल पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और निशानेबाजी कौशल में सुधार करना है, बल्कि बच्चों और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और सुरक्षा कौशल को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो बच्चे सुविधाओं के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। उनके लिए यह सुनहरा मौका है । प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर राइफल, एयर पिस्टल के इवेंट कराए जा रहे हैं। इसमें कुल 200 से अधिक कॉलेज एवं स्कूली बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए कुल 05 श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इसमें जूनियर (21 वर्ष से कम), यूथ (18 वर्ष से कम), सब-यूथ (14 वर्ष से कम), लिटिल चैम्प (10 वर्ष से कम), सर्विसेज (सभी कन्नौज पुलिस के कर्मचारी) भाग लेर हे हैं। इसमें कन्नौज पुलिस के कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, बच्चे एवं युवा भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोंगिता के उद्घाटन के मौके पर एएसपी अजय कुमार, सीओ लाइन/तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई , प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह एवं स्थानीय नागरिक रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया।



शूटिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन करते एसपी अमित कुमार आनन्द व अन्य पुलिस अधिकारी।



# हमले के विरोध में लेखपालों का धरना

## एक दर्जन हमलावरों की पहचान, थाने और तहसील में लेखपाल आंदोलनरत रहे

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- थानाध्यक्ष ने हमलावरों की जानकारी देने से किया इंकार
- लेखपालों की तहरीर से लूट को हटाना चाहती थी पुलिस


तहसील सदर में धरने पर बैठे लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थानां नवाबगंज में पंचायत की भूमि से अतिक्रमण हटवाने गए लेखपालों को दबंगो द्वारा एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में दौड़ा दौड़ा कर पीटने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अजीत द्विवेदी के नेतृत्व में लेखपाल कलमबंद हड़ताल के साथ तहसील सदर में धरने पर बैठे हैं। हमले के शिकार लेखपाल रुद्र प्रताप सिंह एवं लेखपाल सौरभ पांडे कई साथियों के साथ थाना नवाबगंज में धरने पर बैठे हैं। वहीं दूसरी तरफ लेखपालों के साथ मारपीट करने वाले एक दर्जन हमलावरों की पहचान हो गई है। नवाबगंज थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने गिरफ्तार किए गए हमलावरों के बारे में जानकारी देने से साफ मना कर दिया।

लेखपालों द्वारा थाने में धरना दिए जाने के बारे में भाटी ने बताया कि उन्होंने मुकदमे के वादी दोनों लेखपालों को थाने पर बुलाया था, जिन्होंने 11 हमलावरों की पहचान कर ली है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए प्रक्रिया जारी है। तहसील सदर में साथियों को संबोधित करते हुए लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष अजीत द्विवेदी ने कहा कि जब तक सभी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर तीनों तहसीलों के पदाधिकारी आदि लेखपाल बैठे हैं। बताते चलें कि थाना नवाबगंज के गांव उखरा में ग्राम पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने भवन बना लिए थे। दो दिन पहले पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवाने गई राजस्व टीम ने जेसीबी चलवा कर सभी मकान ध्वस्त कर दिए। इसके बाद सपा के प्रतिनिधिमंडल ने गांव उखरा पहुंचकर वहां के लोगों को भरोसा दिया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर वह यहां आए हैं। उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। वह हर स्थिति में उनके साथ हैं। इस आश्वासन के बाद गांव वाले भड़क गए। सोमवार को पहुंची राजस्व विभाग की टीम पर गांव वालों ने हमला बोल दिया। गांव वालों ने दो लेखपालों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। लेखपालों ने थाना नवाबगंज पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस लेखपालों की तहरीर से लूट की घटना हटाना चाहती थी। इसको लेकर लेखपालों और पुलिस में जमकर बहस हुई। नतीजतन लेखपालों ने थाने में ही धरना शुरू कर दिया। मंगलवार को लेखपालों का धरना पूरे जिले में जारी रहा और लेखपाल कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं।

# दहेज के लिए महिला को दिया तलाक, किया बेघर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- क्रेटा कार की मांग को लेकर किया प्रताड़ित

**अमृत विचार।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के गांव बरौन निवासी शमा परवीन पुत्री कुतुबुद्दीन ने सोमवार पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इसमें बताया कि लगभग 5 वर्ष पहले मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार उसकी शादी कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर निवासी सारे अहमद पुत्र एजाज अहमद के साथ हुई थी। उस समय उसके माता-पिता ने लगभग 10 लाख रुपए शादी में खर्च किया था जिसमें बारात की खिदमत और दान दहेज नकद रुपया और जेवर कपड़ा शामिल था। शादी के बाद से ही क्रेटा कार की मांग को लेकर उसे पति सारिक, सास सुलेखा, जेठ इस्तीखत और इकबाल, ननद आरसी और मुस्कान शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता ने सोचा कि शायद भविष्य में सब ठीक हो जाएगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ दिन बाद उसके एक पुत्री अनाईजा पैदा हुई जो कि इस समय 2 वर्ष की है। पीड़ित महिला मौजूदा समय में गर्भवती है। मंगलवार की सुबह उक्त सभी लोग दहेज के लिए पीड़िता से गाली गलौज करने लगे और बाल पकड़ कर उसे मारने पीटने लगे। उन्होंने सादिक की दूसरी शादी कराने की बात कही। पीड़ित महिला ने इसकी जानकारी किसी तरह अपने मायके को दी। इसकी जानकारी होने पर पति ने कहा कि अब तुझे अपने साथ नहीं रखेंगे और यह कहते हुए तीन बार तलाक तलाक तलाक कहकर तलाक दे दिया। ससुरालीजनों ने उसे कमरे में बंद कर दिया, दूसरे दिन जब उसके पिता घर आए तब उन्होंने कमरे से बाहर निकाला और जान से मारने की धमकी देते हुए मायके भेज दिया। ससुरालीजनों ने पीड़ित महिला का सारा धन भी ले लिया। इसके बाद पीड़िता अपने पिता और भाई के साथ थाना मऊदरवाजा पहुंची और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


दवा बांटते डाक्टर। अमृत विचार

### कैम्प लगा कर 155 बाढ़ पीड़ितों को बांटी दवा

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र मे आधा सैकड़ा गांव बाढ़ से प्रभावित रहे। तलहटी के गांवों में लोगो के घरों में भी बाढ़ का पानी भर जाने से मच्छर आदि की संख्या बढ़ गई है जिससे बीमारियां पैर पसारने लगी हैं। जिलाधिकारी डा वीके सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि बाढ़ ग्रसित क्षेत्र में कैंप लगाकर लोगों को नि:शुल्क दवा का वितरण कराएं जिससे आम जनमानस को कोई दिक्कत न हो। इसी क्रम में आज अमृतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ गौरव वर्मा ने अपनी टीम के साथ ग्राम किराचन पहुंचकर कैंप लगाकर दवाइयां वितरित की। चिकित्सक द्वारा बताया गया कुल 155 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं।

### श्रीमद्भगवदकथा सुन भाव विभोर हुए भक्त


वर्णन करते राधा मोहन शऱण देवाचार्य।

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के प्रवक्ता राधा मोहन शऱण देवाचार्य ने श्रीकृष्ण की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जिस प्रकार जल और तरंग में अभेद है, अग्नि व उष्णता में अभेद है उसी प्रकार गोपियों और कृष्ण में अभेद है। महारास के समय श्री कृष्ण की आयु सात वर्ष थी। सात वर्ष में काम विकार का उदय नहीं होता है। इसलिए रास का प्रकरण काम का प्रकरण नहीं है। ये तो काम विजय की लीला है। उद्धव और गोपियों के संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि गोपियों का श्री कृष्ण के प्रति प्रेम अतुलनीय है। इस दौरान सत्य प्रकाश अग्रवाल, डॉ मिथलेश अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, कृष्ण कुमार दीक्षित मुन्ना लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।


नगर में निकली शिव बारात। अमृत विचार

### शिव जी बिहाने चले पालकी सजाई के भभूति लगाए के

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शिव जी की बारात में युवा जमकर थिरकते नजर आए। जगह जगह शिव बारात की आरती उतारी गई। बारात देखने के लिए लोग उत्साहित दिखे। सोमवार की देर रात नगर में शीतल सांझी मण्डल की ओर से भगवान शिव की बारात निकाली गई। बारात की जगह-जगह पूजा अर्चना के साथ साथ आरती उतारी गयी। शिव की बारात में ब्रह्मा, विष्णु के स्वरुपों के साथ भूत पिशाच, ऋषि व मुनि बाराती बनकर शामिल हुए। झांकी में विभिन्न देवताओं के स्वरुपों की दर्जनो झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान मुखौटा लगाए भूत पिशाच आकर्षण का केन्द्र रहे। युवा मशालों के साथ कर्तब दिखाते हुए नजर आए। युवा डीजे की धुन पर मस्ती में नाच रहे थे। बैंडबाजा के साथ ढोल-ताशा, शंख मजीरा वादन के बीच निकली बारात में श्रद्धालु हर हर महादेव का उद्घोष करते हुए चले। देवी देवताओं ने दूल्हा बने भोलेनाथ के ऊपर फूल बरसाए। भक्तगणों ने भूत प्रेतों के साथ नृत्य करके खुशी मनाई। भूत प्रेत का श्वांग रखे लोग आकर्षण का क्रेन्द्र रहे। शिव बारात देखने के लिए नगर व आसपास के क्षेत्रों के लोगों की भीड़ सड़क के दोनों किनारे नजर आई। वहीं पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही।

### नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**फर्रुखाबाद।** नायब तहसीलदार हर्षित कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद की टीम आवास विकास पहुंची। सड़क किनारे लगी दो दुकानें भी हटाई गई। इसके साथ ही धनंजय कटियार के अस्पताल की दीवार को हटाया गया। रजनीश कटियार के जाल को हराया गया। शीतल वर्मा के बांस के टट्टर को हटाया गया। इस दौरान कर निर्धारण अधिकारी नगर पालिका जगजीवन राम मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विजेंद्र सिंह ,विजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में कराया गया

**अमृत विचार।** महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। चित्रों को देख कर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

नगर के सीपी विघा निकेतन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को दो वर्गों में कराया गया। पहले वर्ग में कक्षा 4 से कक्षा 5 के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विषय स्वच्छ भारत अभियान था। दूसरे वर्ग में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। जिसका विषय क्लीन इण्डिया - ग्रीन इण्डिया, महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र बनाना था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय की निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों को महापुरुषों के चरित्र से अवगत कराया। प्रतियोगिता का आयोजन ममता सैनी व शिखा गंगवार ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य आरके बाजपेई, उप प्रधानाचार्य दीपक जैना, नीलम त्रिवेदी, प्रदीप शाक्य, निर्मला चौहान व अनुज गंगवार मौजूद रहे।

# सपा के प्रदेश सचिव ने आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


आसमान के नीचे रह रहे पीड़ितों से मिलते डा. जितेंन्द्र यादव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना नवाबगंज के ग्राम उखरा में लगभग 18 मकानों को बिना नोटिस दिए प्रशासन द्वारा ध्वस्त किए जाने के बाद सियासी माहौल गर्मा गया है। घटना का संज्ञान लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा प्रभारी डा. जितेन्द्र सिंह यादव पार्टी पदाधिकारियों के साथ उखरा गांव पहुंचे और ध्वस्त हुए मकानों की हकीकत को जाना। डा. जितेन्द्र सिंह यादव ने पीड़ित परिवारों में अनिल कुमार, रामकुमार, कृष्ण कुमार, बृह्मकिशोर, बबलू, विट्टन देवी, रामश्री, मौर्याश्री को आर्थिक मदद दी। वहीं प्रवीणा पुत्री अनिल कुमार की शादी कराने की जिम्मेदारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवारों को घर बनवाने के हेतु हरसम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, जिपंस उदय प्रताप सिंह भोला यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, सलोवा अध्यक्ष अनुराग यादव, रोमित सक्सेना, अरविन्द कश्यप, देवेन्द्र यादव, आशीष शर्मा, बृजेश पाल, प्रदीप यादव टीटू, सुमित शाक्य, संजीव यादव, सुभम राय हनी, वीरेन्द्र सिंह यादव, अमित कठेरिया, अमन वर्मा, विपिन कुमार, अरविन्द सिंह राजपूत आदि रहे।

# मजदूरों पर किया फायर बाल-बाल बचे

**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम सितौली में मनरेगा मजदूरों पर दबंग ने तमंचे से फायरिंग कर दी। इसमें मजदूर बाल-बाल बच गए। मौके पर तीन दर्जन से अधिक मजदूर मनरेगा में मिट्टी डालने का काम कर रहे थे। दबंग ने अपने साथी के साथ आकर तमंचे से फायर कर दिया।

दबंग के फायर करने से मनरेगा मजदूर संदीप राजपूत के बगल से गोली निकल गई। गोली चलने से मनरेगा मजदूरों में हड़कंप मच गया। मजदूर जान बचाकर भागे। मजदूरों ने दबंग पर दो बार तमंचा से फायर करने का आरोप लगाया। मनरेगा मजदूरों ने दबंग को दौड़कर पकड़ा। सूचना पर ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। दबंग को प्रधान मनरेगा मजदूरों के साथ लेकर थाने पहुंचे, थाने में दबंग के खिलाफ तहरीर दी।

# किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम फखरपुर निवासी उदयपाल की 16 वर्षीय पुत्री काजल अपनी बहन कोमल के साथ अमृतपुर कस्बा जाने की कहकर निकली। कोमल ने बताया कि जब वह बहन काजल के साथ फखरपुर के निकट पहुंची तो काजल उसे छोड़कर शौच करने की बात कह कर आगे चली गयी। कुछ देर तक जब काजल नहीं लौटी तो कोमल उसको देखने के लिए गयी, लेकिन तब तक काजल पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर अपनी जान दे चुकी थी। सूचना मिलनें पर मृतका की मां मीरादेवी, बहन कोमल, पूनम आदि पंहुचे। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी मौके पर पंहुची। थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# वाटरप्रूफ होगा रावण का पुतला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


पुतला बनाते कारीगर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पूरे जनपद में शहर के क्रिश्चियन कालेज मैदान में जलाए जाने वाले रावण का पुतला सबसे खास माना जाता है। इस बार दशहरा के लिए यहां रावण का पुतला भी खास बन रहा है। यहां का पुतला वाटरप्रूफ रहेगा। इस पर धूप और पानी का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

आगरा के रहने वाले ठेकेदार असगर अली और उनके एक दर्जन कारीगरों की टीम रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले बनाने में जुट गयी है। ठेकेदार असगर अली ने बताया कि इस बार 60 फीट का रावण का पुतला बनेगा। इसके साथ ही मेघनाथ व कुम्भकरण के 55-55 फिट के पुतले बनाएं जायेंगे। पुतले तीन पर्त लगाकर बनाये जा रहे हैं। जिसमे पहली पर्त कपड़े, दूसरी रंगीन कागज व तीसरी विशेष पेपर से बनेगी जो वाटर प्रूफ होगा। लंका भी गोल्डन बनायी जायेगी। ठेकेदार असगर नें बताया कि इस बार पहली दफा रावण दहन का तरीका भी बदला होगा। पुतला भी हमेशा की तरह आग लगाने के बाद कहीं से भी नहीं जलेगा। सबसे पहले पुतले के नीचे एक पत्ती लगायी जायेगी जिसमें आग लगाने से सबसे पहले पुतले की आँखों, कान, नाक व नाभि से धुआं निकलेगा। उसके बाद सिर पर लगा चक्र घूमेगा फिर कहीं जाकर पुतला जलना शुरू होगा।

# पुरस्कार पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय स्तर पर पूर्व में चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान विजेता बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 74 उच्च प्राथमिक व संविलयन विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। टॉप 10 बच्चों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम स्थान प्राप्त करने वाले 5 बच्चों का चयन जनपद स्तर के लिए हुआ। जनपद स्तर पर आयोजित होने के लिए राष्ट्रीय अविष्कार अभियान परीक्षा के लिए राजन, अशी, उपासना, दिव्यांशी व शिवम यादव का चयन हुआ।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् कायमगंज, जनपद फर्रूखाबाद।

पत्रांक : 809/न0पा0परि0का0/2024-25 दिनांक :- 25/09/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद कायमगंज बोर्ड फण्ड/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न आपूर्ति कार्य कराना चाहती है, जिसके लिए नगर पालिका परिषद कायमगंज समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से सील बन्द निविदा के माध्यम से दिनांक 17.10.2024 तक समय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। आगणन धनांक की 02 प्रतिशत जमानत, राशि एवं निविदा मूल्य हेतु नकद/आर.टी.जी.एस./एफ0डी0आर0 के माध्यम से जमा करना होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में संयुक्त रूप निहित होगा। सील बन्द निविदा डालने का दिनांक 07.10.2024 प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 17.10.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक है। निविदा खोलने का दिनांक 17.10.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे निश्चित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | मात्रा | दर/ रजिस्टर, फार्म | कुल अनुमानित लागत | 2% जमानत /धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोर्ड फण्ड/ राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत | ग्रहकर, जलकर, जलमूल्य डिमाण्ड रजिस्टर आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 1250/ रजिस्टर | 250000 | 5000 | 300 | 15 दिन |
| 2 | | ग्रहकर, जलकर, डिमाण्ड बिल बुक आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 180/ रजिस्टर | 36000 | 720 | 100 | 15 दिन |
| 3 | | जलमूल्य डिमाण्ड बिल बुक आपूर्ति का कार्य। | 200 नग | 180/ रजिस्टर | 36000 | 720 | 100 | 15 दिन |
| 4 | | स्वकर फार्म आपूर्ति का कार्य। | 10000 नग | 18/ फार्म | 180000 | 3600 | 200 | 15 दिन |
| 5 | | यूजर चार्ज फार्म आपूर्ति का कार्य। | 5000 नग | 19/ फार्म | 95000 | 1900 | 100 | 15 दिन |
| 6 | | मोटे फाइल कवर प्रटिड आपूर्ति का कार्य। | 5000 नग | 35/ कवर | 175000 | 3500 | 200 | 15 दिन |
| 7 | | पतले फाइल कवर प्रटिड आपूर्ति का कार्य। | 4000 नग | 15/ कवर | 60000 | 1200 | 100 | 15 दिन |
| 8 | | A4 पेपर रिम आपूर्ति का कार्य। | 100 नग | 300/ रिम | 30000 | 600 | 100 | 15 दिन |
| 9 | | फाइल पैड फोर फोल्डर आपूर्ति का कार्य। | 300 नग | 170/ फाइल पैड | 51000 | 1020 | 100 | 15 दिन |
| | | | | कुल योग | 913000 | 18260 | 1300 | |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज,
फर्रुखाबाद।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कायमगंज,
फर्रुखाबाद।

दिशा-निर्देश

कलेक्ट्रट सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बोले जिलाधिकारी

# रामलीला मंचन के समय कोई नई परंपरा न डालें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आने वाले त्योहारों नवरात्र, दशहरा व दीवाली के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि रामलीला मंचन के दौरान कोई नई परंपरा न डाली जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी रामलीला कमेटियों के अध्यक्ष रामलीला पंडालों की एनओसी विद्युत सुरक्षा, विद्युत विभाग व लोनिवि से प्राप्त कर लें। बिना एनओसी के किसी भी आयोजन की अनुमति न दी जाये। रावण के पुतलों की ऊंचाई वही रखे जो परंपरागत रूप से रखी जाती हो। कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए। सभी बड़े मेलों के स्थलों का सिटी मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी व सीओ निरीक्षण कर लें व आयोजकों से बात कर लें। मेला आयोजकों से भीड़ की संख्या के संबंध में शपथपत्र प्राप्त करें। राम बारात के मद्देनजर किये जाने वाले रूट परिवर्तन मार्गों का पहले ही निरीक्षण कर सही जानकारी कर लें। रामलीला कमेटी के अध्यक्षों से पंडाल में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर लें। राम बारात यात्रा मार्गों में पड़ने वाले बिजली की बंच केबिलों व तारों को टाइट करा लिया जाये।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि मंदिरों के पास लगने वाली प्रसाद की दुकानों व मेलों में बिकने वाली खाद्य सामग्री को चेक करें। बिजली विभाग की टीमें राम बारात के मार्गों पर मौजूद रहें। पुतला दहन स्थलों पर एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की समुचित तैनाती की जाये। हर थाने में एसडीएम व सीओ अपनी अध्यक्षता में शांति कमेटी की मीटिंग करें। सभी मंदिरो के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा को निर्देशित किया कि वह सभी मंदिरों का निरीक्षण करें। मेलों में खोया पाया केंद्र बनाया जाए। सभी आयोजक आयोजनों में महिला वॉलिंटियर्स भी लगाएं। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि आयोजन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं। रात में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। कोई भी जुलूस बिना पुलिस सुरक्षा के ना निकले।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को रामलीला आयोजन स्थलों व मेलों में मेडिकल कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल व संबंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीकेसिंह ने कलेक्ट्रेट फतेहगढ़ से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रैली में शामिल लोगों को संचारी रोग नियंत्रण के लिये शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अबनींद्र कुमार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 10 हजार रुपये के पीछे की थी हत्या

## सैफई क्षेत्र के भाली गांव में किसान की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पुलिस ने लोहे का पाइप और तमंचा बरामद किया
- मैनपुरी जनपद का रहने वाला है हत्या का आरोपी

**अमृत विचार।** सैफई थाना क्षेत्र के भाली गांव में एक सप्ताह पहले ट्यूबवेल पर सोते समय किसान की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लोहे का पाइप, लूटा गया मोबाइल और तमंचा- कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक उधारी के रुपये न देने पर किसान की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। एसएसपी ने हत्या का खुलासा करने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 25 सितम्बर को सैफई थाना क्षेत्र के भाली गांव निवासी मंजेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि उसके पिता यशवीर सिंह अपने खेत के मकान में कई वर्षों से रह रहे थे। किसी व्यक्ति ने उनकी हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले के खुलासे के लिए कई टीमों को लगाया था।


पकड़े गए हत्यारोपी के साथ खुलासा करते एसएसपी संजय कुमार वर्मा। अमृत विचार

सोमवार रात सैफई पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस की गश्त पर थी, इसी दौरान सूचना मिली कि भाली गांव में हत्या करने वाला आरोपी अभयराम यादव के ट्यूबवेल पर बैठा है। इस सूचना पर पुलिस टीमों ने घेरेबंदी करके मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के धुमार गांव निवासी भूपेन्द्रनाथ पुत्र मुकेश नाथ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे सख्ती के साथ पूछताछ की तो उसने हत्या का सारा सच कबूल दिया।

### पहले दोनों ने साथ ही बैठकर गटकी थी भांग

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 24 सितम्बर की शाम वह यशवीर के पास नलकूप गया था। दोनों ने भांग पी। इसके बाद उसने यशवीर सिंह को बताया कि पिता बीमार हैं, जिनका इलाज चल रहा है। पैसों की जरूरत है, दस हजार रुपये दे दो। इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया। यशवीर ने डंडा मार दिया और मारपीट करने लगा। जवाब में उसके सिर पर लोहे का पाइप मार दिया। फिर सिर पर तमंचे से गोली मारकर यशवीर की हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लोहे का पाइप व तमंचा-कारतूस बरामद कर लिया है।

## बांसक रजबहा में दिखा मगरमच्छ

**बसरेहर।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव ईश्वरपुर व हिंदूपुरा राजपुर के बीच बांसक रजबहे में मगरमच्छ दिखने से दहशत फैल गई। रजबहे के किनारे भैंस चरा रहे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस फोर्स और वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को खोजने का काफी प्रयास किया।

रजबहे में पानी अधिक होने के कारण नहीं दिख सका। ग्रामीण कल्लू यादव, डा. राजेन्द्र कुमार, डा. अनूप कुमार राजपुर, नरेंद्र सिंह, शादी लाल, जनवेद सिंह, रविंद्र सिंह, अनूप, लखन सिंह, मिलाप सिंह, सूबेदार सिंह ने बताया कि जैसे ही व अपने गांव ईश्वरपुरा व हिंदूपुरा के लोग रजबहे की पटरी पर भैंसों को चराने के लिए जा रहे थे। पटरी के किनारे मगरमच्छ को पानी के बाहर पड़ा देख सभी लोगों के होश उड़ गए। वन विभाग की टीम ने अपने दो कैटल गार्ड नेत्रपाल व उपेंद्र सिंह को वहां पर लगा दिया है, जो निगरानी करेंगे।

# खेलकूद: कैलोखर के छात्र विजेता

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** संकुल कुंजपुर की दो दिवसीय संकुल स्तर क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार के निर्देशन और ब्लाक पीटीआई राजेश जादौन के संयोजन में उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलोखर कंपोजिट में किया गया। इस प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के 100 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग कर अपने खेल का प्रदर्शन किया। इसमें कैलोखर के छात्रों ने अपना दम दिखाया और विजय हासिल की।

टीम इवेंट जूनियर स्तर बालक वर्ग में कबड्डी और खो खो दोनों में उच्च प्राथमिक विद्यालय कैलोखर विजेता रहा वहीं बालिका वर्ग में कबड्डी और खो खो दोनों में प्राथमिक विद्यालय कैलोखर विजेता बना। साथ ही प्राथमिक स्तर बालक में कबड्डी और खो खो दोनों में कैलोखर विजेता रहा। उच्च प्राथमिक वर्ग बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में ब्रजेन्द्र कुमार कुंजपुर,


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते बीईओ गिरीश कुमार। अमृत विचार

- उच्च प्राथमिक विद्यालय में दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

200 मीटर दौड़ में सोमसरण नगला सेवाराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया उच्च प्राथमिक बालिका वर्ग में 100 मीटर में लक्ष्मी कुंजपुर और 200 मीटर में अनामिका कुंजपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 50 मीटर में आशीष महलई और 100 मीटर में भूपेंद्र नगला चेतराम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 50 मीटर दौड में ख़ुशी कैलोखर और 100 मीटर में अवनि कैलोखर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग लम्बी कूद बालक वर्ग में ब्रजेन्द्र कुंजपुर प्रथम और बालिका वर्ग में निशा कैलोखर प्रथम रहीं। इसी तरह लम्बी कूद प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में कोमल कैलोखर प्रथम और बालिका वर्ग में अवनि कैलोखर प्रथम स्थान पर रहीं।

# शोभायात्रा के साथ रामलीला शुरू

संवाददाता, जसवंतनगर

**अमृत विचार।** सिद्धिविनायक गौरी नंदन श्री गणेश भगवान की शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकली। जगह-जगह भक्तों ने आरती उतार जयकारों के बीच आशीर्वाद लिया। इसी के साथ यहां की विश्व विख्यात श्री रामलीला महोत्सव शुरू हो गया।

जिले के प्रमुख उद्योगपति डा भुवनेश चंद्र यादव और समिति के अध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र पुरवार ने भगवान शंकर और पार्वती के पुत्र श्री गणेश की प्रथम आरती उतार मोदक लड्डुओं का भोग लगाकर पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में बांके बिहारी, शिव बारात, खाटू श्याम, शिव भागीरथी की झांकी, बाहुबली का रोड शो, दुर्गा मैया की झांकी, आठ फीट ऊंचे नंदी की झांकी, टीवी शो की टेलेंट शो, चरकुला डांस, भगवान परशुराम, शिव परिवार, पंचमुखी


श्री गणेश की आरती उतारते डॉ. भुवनेश चंद्र और डॉ. पुष्पेंद्र।। अमृत विचार

- प्रमुख उद्योगपति डॉ. भुवनेश चंद्र यादव ने विघ्नहर्ता की उतारी प्रथम आरती

शंकर जी का अघोरी रोड शो, राम दरबार, राधा कृष्ण की झांकियां थीं।

रामलीला रोड, कटरा पुख्ता, फक्कडपुरा और अंत में बिलैया मठ मंदिर पर संपंन हुई। भारी भीड़ की व्यवस्था इंस्पेक्टर रामसहाय सिंह के साथ पुलिसबल ने संभाल रखी थी।

## दो स्थानों पर घर गिरने से गृहस्थी बर्बाद

**जसवंतनगर।** अलग-अलग गांवों में दो घरों के गिरने सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ितों ने प्रशासन से राहत दिलाए जाने की मांग की है।

नगला गढी पोस्ट कुरसेना के रहने वाले उदय सिंह का गाटर पटिया का मकान गिर गया। जिससे कमरों में रखा सामान बर्बाद हो गया। इस सम्बंध में उदय सिंह ने एसडीएम द्व कुमार सत्यम जीत को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बरसात के कारण उसका दो मंजिला गाटर पटिया मकान गिर जाने के कारण काफी नुकसान हुआ है। उसने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इसी प्रकार क्षेत्र के मौजा मोहब्बतपुर के गांव नगला भगत की रहने वाली शोभारानी पत्नी वेदप्रकाश का कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया है।उन्होंने भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास देने की मांग की है।


निबंध प्रतियोगिता के विजेता बच्चों के साथ प्रधानाचार्य संजय शर्मा और सभासद शरद बाजपेयी। अमृत विचार

# निबंध में साक्षी और पीयूष अव्वल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत सनातन धर्म इंटर कॉलेज में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा सभासद शरद बाजपेयी ने कहा कि सेवा से सबसे बड़ा धर्म है। सेवा से बढ़कर कोई दूसरा पुण्य का काम नहीं है। इसी भावना से यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज ,राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के बच्चो ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में साक्षी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पीयूष सनातन धर्म इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर शुभी शोरावाल इंटर कॉलेज, दार्शिका कुशवाहा चित्रगुप्त इंटर कॉलेज रहीं। दिव्या राजपूत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की तृतीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में अक्षत शुक्ला, अभिषेक दुबे, प्रियांक मिश्र,राज़ेश चौधरी, आलोक विधौलिया,दीपक दुबे, अखिलेश बाबू शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य मुकेश यादव, प्रधानाचार्य चित्रगुप्त इंटर कालेज डउा उमेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## बदलते मौसम में बढ़ने लगे मरीज

**महेवा।** ग्रामीण अंचलों में बदलते मौसम के बाद लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। डाक्टर को दिखाने के लिए घंटे लाइन लगानी पड़ रही है। पैथोलॉजी में जांच के लिए भी मरीज परेशान हो रहे हैं।

सीएचसी में मंगलवार को करीब 400 पर्चे बनाए गए। डाक्टर ने 180 मरीजों को खून की जांच के लिए भेजा। दवा लेने के दौरान भी मरीजों को परेशान होना पड़ा। महेवा की ओपीडी में डाक्टर के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी लाइन देखने को मिली। अधिकांश मरीज बुखार के रहे। इसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग मरीज भी शामिल थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा गौरव त्रिपाठी ने मरीजों को सलाह दी कि स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखें । इस मौसम में घर में और आसपास साफ सफाई रखें। जलभराव न होने दें।

# शहरी क्षेत्र का लाइन लॉस अब 32 फ़ीसदी पर पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की ओर से लाइन लॉस को कम करने के लिए और चोरी रोकने के लिए जो अभियान चलाया गया, उसमें काफी सफलता मिली है। शहरी क्षेत्र का लाइन लॉस अब घटकर 32 फ़ीसदी पर पहुंच गया है। सितंबर के महीने में चलाए गए इस अभियान में 225 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। जबकि अगस्त और सितंबर को मिलाकर 2 महीने में 404 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी में पकड़ा गया है। इनमें से काफी उपभोक्ताओं से जुर्माना वसूल कर लिया गया है और जिन पर जुर्माना पकाया है उसकी वसूली के लिए 5 अक्टूबर से अभियान चलाया जाएगा।

शहरी क्षेत्र में अधिशासी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में सितंबर में 225 उपभोक्ताओं को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा गया। यह उपभोक्ता कुल मिलाकर 521 किलोवाट की बिजली की चोरी कर रहे थे उनके विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम की धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस दौरान जुर्माने के रूप में 60 लाख 82 हजार रुपये की रकम वसूल की गई है। अब शेष वसूली के लिए 5 अक्टूबर से विशेष अभियान चलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अक्टूबर के महीने में चेकिंग अभियान में और भी तेजी आई आएगी इसके लिए दूसरे जिलों की विजिलेंस और विभागीय अधिकारियों की टीम भी बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लाइन लॉस को हर हालत में 10 प्रतिशत से नीचे लाना है फिलहाल शहर का लाइन लॉस 32 फीसदी है।

## कैंप में जांची गई मरीजों की सेहत

**इटावा।** गुरुवार को बढ़पुरा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम धिमराई में विश्व हिंदू परिषद तथा रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाइयां भी दी गई। इस शिविर में लगभग 200 मरीजों की जांच की गई और परामर्श दिया गया।

रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से उदी से चिकित्सा अधीक्षक डा विनोद शर्मा ने टीम व दवा उपलब्ध कराई और इस टीम ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें परामर्श भी दिया। इस स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था उमेश चौहान ने अपने पिता स्वर्गीय कालका प्रसाद की स्मृति में की। केशव प्रधान में व्यवस्थाएं संभाली इस स्वास्थ्य शिविर में रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष डा केके सक्सेना, सदस्य सुनील चौहान, भानु प्रताप सिंह, राजा पांडे मौजूद रहे।

# पॉलीथिन के प्रयोग से बचें: संजीव

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वन्य प्राणी सप्ताह व स्वच्छता ही सेवा जन जागरूकता अभियान में सामाजिक वानिकी प्रभाग और जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वावधान में गोष्ठी, श्रमदान एवं स्वच्छता प्रभात फेरी का आयोजन सरसईनावर आद्रभूमि पर सैनिक हायर सेकेंडरी स्कूल करी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया।

प्रधानाचार्य नेम सिंह ने कहा कि प्रकृति में पाये जाने वाले जीवों के बीच एक प्राकृतिक संतुलन है और यह सभी एक बड़ी श्रंखला के रूप में रहते हुए जीवन यापन करते हैं। डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त नदियां एवं जैव विविधता संरक्षण पर एक विशेष जागरूकता अभियान पूरे वर्ष के लिए प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत नदियों के किनारे स्थित धार्मिक स्थलों के पुजारी एवं महंतों


बच्चों को जागरूक करते प्रधानाचार्य नेम सिंह। अमृत विचार

के माध्यम से प्लास्टिक प्रयोग ना करने एवं जैव विविधता संरक्षण का संदेश आम जनों में प्रसारित किया जाएगा। साथ ही मंदिरों में प्लास्टिक पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।

वन दरोगा राजपाल सिंह ने कहा कि नदियां मुख्य रूप से वर्षा जल से पोषित होती हैं। बारिश का मौसम खत्म होने के बाद भी बारहमासी नदियां बहती रहें, इसमें वनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वन क्षेत्रीय अधिकारी अमित सिंह ने अपने आस पास पाए जाने वाले वन्य जीवों घड़ियाल, मगरमच्छ, कछुआ, गांगेय डॉल्फिन, तेंदुओ, चिड़ियों आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुधीर कुमार, संतोष कुमार, सुभाष, अखिलेश कुमार, सुग्रीव, कमलेश, तुलसीराम एवं राजेश आदि का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### जहर खाने से वृद्धा की मौत

**इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के गांव रामगढ खेड़ा निवासी साहिब सिंह की 75 वर्षीय पत्नी चम्पा देवी ने किसी बात को लेकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई। परिवार के लोग उसे जिला अस्पताल लाए जहां उनका उपचार किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्ट मार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप 13 को

**इटावा।** रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक में तीसरी इटावा रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। यह चैंपियनशिप मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सैफई में 13 अक्टूबर को होगी। जनरल सेक्रेटरी अर्चना ने बताया कि चैंपियनशिप की जानकारी के लिए 8630097155 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक में एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गैस एजेंसी की बाउंड्रीवाल गिरी

**इटावा।** बीते दिनों हुई जोरदार बरसात में बरालोकपुर की इंडेन गैस एजेंसी की बाउंड्रीवॉल भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के वक्त दीवार के आसपास कोई भी मौजूद नही था। इसलिए कोई जनहानि नही हुई। चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत बारालोकपुर गांव में स्थित इंडेन गैस एजेंसी के मालिक नवनीत गुप्ता ने बताया कि हादसे को सूचना इंडेन गैस कंपनी को दे गई है।

### कांग्रेस नेता लख्मीचंद दीक्षित का निधन

**जसवंतनगर** । बचपन प्ले स्कूल के संचालक राहुल दीक्षित के 81 वर्षीय पिता जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी लख्मीचंद दीक्षित निवासी ग्राम कैस्त का निधन हो गया।उनके निधन की खबर को सुनकर नगर में शोक की लहर दौड़ गई। राजनेताओं शिक्षाविदों समाजसेवियों ने उनके निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट की।

### नदियों के संरक्षण के लिए रोबिन की आज से पदयात्रा

**इटावा।** नदियों की जीवंतता बनाए रखने के लिए रोबिन सिंह परिहार यमुना चंबल के संगम कचहरी से दो अक्टूबर को पैदल यात्रा प्रारंभ करेंगे। यह यात्रा चंबल-यमुना संगम गांव कचहरी से शुरू होकर मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों के विभिन्न जिलों से होते हुए चंबल नदी के उद्गम स्थल महू जिला इंदौर तक जाएगी। दूसरे किनारे से राजस्थान एवं मध्य प्रदेश होते हुए पुन : चंबल यमुना संगम भरेह पर दिसंबर महीने में वापस होगी। इस पैदल परिक्रमा में लगभग 2000 किमी की दूरी तय की जाएगी। स्वामी तेजोमयनंद वन जी महाराज एवं रोबिन सिंह ग्रीन इंडिया मूवमेंट अभियान का नेतृत्व करेंगे। रोबिन सिंह पूर्व में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 22 राज्यों में 30000 किलोमीटर से अधिक साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैला चुके हैं।

### चूहा-छछूंदर को नियंत्रित करने के बताए गए उपाय

**महेवा।** शासन के निर्देश पर 1 अक्टूबर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान का तृतीय चरण शुरू हो रहा है, जिसमें कृषि विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारी प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसानों को चूहा एवं छछूंदर नियंत्रण के लिए जागरूक करेंगे। कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी डॉ. अक्षय कुमार ने बताया कि चूहों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए अन्न का भंडारण पक्की कंक्रीट या धातु के बर्तनों में करना चाहिए। चूहा अपना बिल झाड़ियां व मेड़ों आदि में बनाते हैं। सफाई करके इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं बिल्ली, सांप, उल्लू, लोमड़ी, बाज और चमगादड़ आदि को संरक्षण देने से चूहों की संख्या नियंत्रित हो सकती है। उन्होंने बताया कि घरों में चूहा मार ब्रोयोडियोलान 0 .005 प्रतिशत के बने चारे की 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिंदा बिल में रखने से चूहा उसे खाकर मर जाते हैं। अल्युमिनियम फास्फाइड दवा की तीन से चार ग्राम मात्रा प्रति बिल में डालकर उसे बंद कर देने से उससे निकलने वाली फास्फीन गैस से चूहा मर जाते हैं। इसके अलावा कई अन्य दवाएं प्रयोग की जाती हैं रसायनों का प्रयोग सुरक्षित व सावधानी से करना चाहिए। कीटनाशक लाइसेंस की दुकान से चुहा नियंत्रण दवा खरीदें दवा का बिल अवश्य प्राप्त करें।

### घरगिरी का मुआवजा देने की उठाई मांग

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम नगला गढी पोस्ट कुरसेना के रहने वाले उदय सिंह ने उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत को दिए गए प्रार्थना पत्र में मकान गिर जाने के कारण हुए नुकसान के मुआवजे की गुहार लगाई है। कहा कि प्रार्थी का दो मंजिला मकान गाटर पटिया का था, जो पिछले दिनों हुई बरसात के कारण गिर गया। जिसमें गृहस्थी का रखा सारा सामान नष्ट हो गया। इसी प्रकार क्षेत्र के मौजा मोहब्बतपुर के ग्राम नगला भगत की रहने वाली शोभारानी पत्नी वेदप्रकाश का कच्चा मकान बारिश के कारण गिर गया है। उन्होंने भी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास देने की मांग की है।

**उपलब्धि** यूपीयूएमएस के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार की टीम ने ईजाद की डिवाइस

# शुगर और बीपी डिवाइस को मिला पेटेंट

संवाददाता, सैफई (इटावा)

- जेब और बैग में आसानी से फिट हो जाती डिवाइस
- उपयोगकर्ता के अनुकूल टच स्क्रीन इंटरफेस है

**अमृत विचार।** यूपीयूएमएस के मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुशील कुमार ने मधुमेह प्रबंधन और रक्तचाप जांच के लिए दो डिवाइस कंटीन्युअस ग्लूकोज मॉनीटरिंग डिवाइस, कंटीन्यूअस बीपी मॉनीटरिंग डिवाइस (उपकरणों) को भारत सरकार से पेटेंट मिल गया है।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुशील ने बताया कि उनकी ओर से बनाए गए उपकरण से एक नान इनवेसिव, रियल टाइम ग्लूकोज निगरानी प्रणाली प्रदान करता है, जो एक उन्नत चिकित्सीय वितरण तंत्र के साथ संयुक्त है। अत्याधुनिक सेंसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस को शामिल करके डिवाइस लगातार ग्लूकोज के स्तर की निगरानी करता है और वास्तविक समय के डेटा के आधार पर उपचार को तुरंत


कुलपति डॉ. प्रभात कुमार को पेटेंट भेंट करते डॉ. सुशील कुमार। अमृत विचार

समायोजित करता है।

उन्होंने बताया कि पोर्टेबिलिटी और उपयोग में आसानी के लिए डिज़ाइन किया गया यह उपकरण जेब या बैग में आसानी से फिट हो सकता है और इसमें उपयोगकर्ता के अनुकूल टचस्क्रीन इंटरफेस है। प्रमुख विशेषताओं में उन्नत नॉन इनवेसिव ग्लूकोज सेंसर एक स्वचालित प्रणाली जो साइनोबैक्टीरियल यौगिकों और इंसुलिन को वितरित करती है और व्यक्तिगत उपचार योजनाओं के लिए एआई संचालित एल्गोरिदम शामिल हैं। दूसरे उपकरण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पारंपरिक रक्तचाप मॉनीटरिंग सिस्टम आमतौर पर कफ-आधारित विधियों पर निर्भर करते हैं, जो बार-बार मापने पर असुविधाजनक और कष्टदायी होते हैं। प्रस्तावित उपकरण इन समस्याओं को हल करता है और अर्धचालक जिंक ऑक्साइड द्वारा पाईजोइलेक्ट्रिक नैनोवायर्स का उपयोग करता है, जो बेहद सूक्ष्म बलों (कुछ पिकोन्यूटन तक) का पता लगा सकता है। इससे निरंतर, अत्यधिक सटीक कफ रहित रक्तचाप मॉनिटरिंग संभव हो पाती है। यह उपकरण वायरलेस तकनीक के साथ एकीकृत होता है, जिससे अस्पताल के सिस्टम और व्यक्तिगत उपकरणों, जैसे कलाई पर पहने जाने वाले मॉनीटरों तक वास्तविक समय में डेटा का प्रसारण होता है। डॉ. सुशील ने बताया कि इन दोनों डिवाइस को बनाने में वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ उनकी पत्नी डॉ. शैलजा कटियार और मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार का भी सहयोग रहा। इस उपलब्धि के लिए कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह, प्रति कुलपति डा. रमाकांत, चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, संकायाध्यक्ष डा. आदेश कुमार ने भी बधाई दी।


व्यापार मंडल पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्रदेते सोनू मिश्रा। अमृत विचार

# व्यापार मंडल के बिजनेश अध्यक्ष, अजय महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापार मंडल की बैठक कस्बा करी में आयोजित की गई । जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में करी व्यापार मंडल की कमेटी का गठन किया गया, जिसमें मानसिंह भदौरिया, महेश्वरी प्रसाद राठौर को संरक्षक, बिजनेश शुक्ला को अध्यक्ष, अजय तोमर महामंत्री, आरिफ अली कोषाध्यक्ष, शमसुद्दीन दीपक राठौर उपाध्यक्ष, शीलेश राठौर, राजकुमार सिंह को संगठन मंत्री एवं श्यामलाल सक्सेना, जनवेद सिंह, सौरभ सिंह, मेहफूज अली को मंत्री बनाया गया। संतोष कुमार वर्मा, प्रवीण द्विवेदी, लल्लू वारसी, रंजीत सिंह कुशवाहा एवं बसरेहर अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर राजकुमार, रामविलास, सर्वेश कुमार, मानसिंह उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रेन से बाइक भिड़ने पर केस

**अछल्दा।** दिल्ली–हावड़ा रेलवे ट्रैक पर बाइक के ट्रेन से टकराने पर आरपीएफ ने बाइक नम्बर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। सोमवार शाम कानपुर की ओर आ रही इंटर सिटी एक्सप्रेस 12179 संख्या अप ट्रेन निकलती समय यूपी 79 एबी 4341 बाइक सवार 13– बी क्रॉसिंग पार करते समय पीछे के हिस्से में ट्रेन की टक्कर लग गई थी। ट्रेन की चपटे से बाइक के परखच्चे उड़ गए थे। बाइक सवार घटना होते ही मौके फरार हो गए थे। बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरपीएफ प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सप्ताहिक बंदी के लिए डीएम सौंपा ज्ञापन

**अछल्दा।** कस्बे में शुक्रवार को सप्ताहिक बन्दी का कड़ाई से पालन कराने के लिए जिलाधिकारी इंद्रमणी त्रिपाठी को उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष टोनू पोरवाल ने ज्ञापन देते हुए बताया कि शुक्रवार को सप्ताहिक बन्दी पर श्रम विभाग परिवर्तन अधिकारी नहीं आते हैं, जिससे अधिकतर दुकानें खुली रहती हैं। डीएम ने दूरभाष से अधिकारी से वार्ता कर बन्दी का कड़ाई से पालन और मौके पर चेक करने निर्देश दिए।

### पूर्व मंत्री की पत्नी अनंती देवी का शांति पाठ आज

**औरैया।** पूर्व राज्यमंत्री एवं सपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी राम बाबू यादव की धर्मपत्नी अनंती देवी का बीते 23 सितंबर को निधन होने के बाद बुधवार (आज) उनके पैतृक गांव कसाहा में शांति हेतु शांति यज्ञ संपन्न होगा। पूर्व राज्यमंत्री चौधरी राम बाबू यादव ने जनपद व क्षेत्र वासियों से कार्यकम में शामिल होने की अपील की है।

### गुमशुदगी की दी तहरीर

**अजीतमल।** कस्बा के पटेल नगर निवासी ज्ञान प्रकाश पुत्र रामप्रकाश गुप्ता ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर देते हुए बताया कि उसका बड़ा पुत्र ऋषि गुप्ता (20) 28 सितंबर को करीब साढ़े आठ रात्रि से घर से बिना बताए कही चला गया है, जो आज तक घर नही लौटा है। उसकी रिस्तेदारियों एवं जानकारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई पता नही चल सका है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर लेकर तलाश शुरू कर दी है।

### नाबालिग को गलत नियत से पकड़ने का आरोप

**अजीतमल।** नाबालिक लड़की को गलत नीयत से जबरन टेंपो में खींचने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच क्रिया के लिए जा रही एक नाबालिक लड़की को एक टेंपो सवार युवक ने जबरन टेंपो में खींचने का प्रयास किया पुलिस ने तहरीर के आधार पर कस्बा जाना निवासी सलमान पुत्र जहीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गाय कटने से खड़ी हुई बीकानेर एक्सप्रेस

**अछल्दा।** दिल्ली –हावड़ा रेल मार्ग बैशोली गांव के सामने गाय कटने से खड़ी हुई ट्रेन बीकानेर एक्सप्रेस 15 मिनट के लिए खड़ा किया गया। मंगलवार की शाम कानपुर की ओर से आ रही बीकानेर एक्सप्रेस 22307 अछल्दा स्टेशन पर पार करने के बाद ट्रेन की चपेट में आई गाय से बैशोली गांव के सामने ट्रेन को 15 मिनट तक खड़ा होना पड़ा। लोको पायलट द्वारा इंजन को चेक करने के बाद ट्रेन को 5:15 पर रवाना किया गया।

# किशोरी से छेड़खानी में युवक को 3 साल कैद

## दिबियापुर क्षेत्र में 10 अप्रैल 2018 को कॉलेज जाते समय हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- दोषी पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया
- अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र में परीक्षा देने कॉलेज जाते समय रास्ते में छात्रा के साथ छेड़खानी करने के मामले में अदालत ने छह साल बाद फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह ने दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा देने के साथ ही उस पर 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा और विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने बताया कि पीड़ित छात्रा ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर दिबियापुर थाने में छेड़खानी का मुकदमा पंजीकृत कराया था। उसने बताया था कि वह मानस इण्टर कालेज कंचौसी की छात्रा है। 10 अप्रैल 2018 वह सुबह 6:30 बजे परीक्षा देने कॉलेज जा रही थी। जैसे ही वह बिहारीपुर के आगे पहुंची, तभी जमौली गांव के रहने वाले आवास उर्फ रिंकू ने उसका रास्ता रोक लिया और बदनियती से उसके साथ छेड़खानी करने लगा।

वह चिल्लाई तो मौके पर राहगीर आ गये, जिससे आरोपी गालियां और धमकी देते हुए भाग गया। उसने सारी बात घर पहुंचकर परिजनों को बताई तो उसकी मां उलाहना देने आरोपी के घर पहुंची। उलाहना देने पर आरोपी की मां बोली कि बेटी की शादी आवास से कर दो। पीड़िता की उम्र 17 वर्ष थी। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने किशोरी के साथ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया और विवेचना में मामला सही पाये जाने पर कोर्ट में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। यह मुकदमा विशेष न्यायालय (पॉक्सो) में चला, जिसका मंगलवार को निर्णय हुआ। इसके पूर्व अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने इसे गम्भीर प्रकृति का अपराध बताते हुए कठोर सजा देने की मांग की। बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने अभियुक्त आवास उर्फ रिंकू को तीन वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। कोर्ट ने जमा कराई गई अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को अदा करने का भी आदेश दिया है।

### युवती को बहलाकर ले जाने पर एफआईआर

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। 18 युवती के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने गोहानी खुर्द निवासी लल्लन पुत्र रामसेवक, चंदन पुत्र राजवीर, अर्पित पुत्र सुखवीर सिंह और विश्राम सिंह गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

# स्कूल प्रबंधक की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, अजीतमल

- 17 मई को मजबूर होकर की थी आत्महत्या

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने मध्य प्रदेश के भिंड जिले के अटेर थाना क्षेत्र के खरिका गांव निवासी सूरज शर्मा उर्फ कुलदीप को क्षेत्र के पेगूपुर गांव के पास हाईवे सर्विस रोड पर जाते समय गिरफ्तार कर लिया। वह स्कूल प्रबन्धक की आत्महत्या के मामले में वांछित था।

17 मई 2024 को अनंतराम टोल प्लाजा के पास एक कमरे में इटावा जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के सुनवर्षा गांव निवासी गौरव त्रिपाठी पुत्र गोविंद त्रिपाठी का शव दरवाजा तोड़कर पुलिस ने बरामद किया था। कमरे में सुसाइड नोट भी मिला था। गौरव बाबरपुर के विद्यानगर स्थित किंडर गर्टेन स्कूल का प्रबन्धक था। उनकी पत्नी रागिनी भी स्कूल संचालन में हाथ बंटाती थी। पत्नी रागिनी की ओर से प्रताड़ित किये जाने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई थी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित जेठ जिठानी, भतीजा और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वही जांच में सूरज शर्मा का भी नाम प्रकाश में आने पर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि आरोपित सूरज शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**अजीतमल।** आपसी विवाद के चलते मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया।

कोतवाली के अंतर्गत चावरपुर गांव निवासी मीना देवी पत्नी महाराज सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि 30 सितंबर को जब वह अपने घर पर थी तभी उसके ही गांव के प्रवीण पुत्र टेकचंद व प्रवीण की पत्नी सुनीता तथा पुत्री राखी और नीतू ने उसके घर में घुसकर पुरानी रंजिश के चलते उसके पति के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। खुरपी मार दी आरोपी लोगो ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

# कंचौसी में आरक्षण काउंटर की मांग

**कंचौसी।** दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर रेलवे आरक्षण काउंटर न होने के कारण यात्रियों को दूसरे रेलवे स्टेशन का चक्कर लगाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय व्यापारियों के साथ संभ्रांत लोगों ने कंचौसी में आरक्षण टिकट काउंटर खुलवाने की मांग की है।

क्षेत्र के रहने वाले मोनू चौहान, दीपक गौर, लारा गुप्ता, नंदू शर्मा आदि लोगों ने बताया कि दो साल से ऊंचाहार एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस का ठहराव रेलवे स्टेशन होता है। जिससे क्षेत्र के व्यापारी व आसपास इलाकों के लोग दिल्ली, कानपुर व बनारस, लखनऊ, चंडीगढ़, अयोध्या धाम, जौनपुर की यात्रा पूरी करते है लेकिन उन्हें टिकट आरक्षित कराने के लिए काफी परेशानियों के साथ समय की बर्बादी करनी पड़ती है।

# त्योहारों को लेकर कमेटी की बैठक

कार्यालय संवाददाता, औरैया


पीस कमेटी की बैठक करते सीओ एमपी सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना परिसर में आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने अपने अपने विचार रखे तथा सदर सीओ व प्रभारी निरीक्षक ने आने वाले त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है।

सोमवार की शाम दिबियापुर थाना परिसर में आने वाले पर्व नवरात्रि,दशहरा को लेकर थाना परिसर में सदर सीओ एम पी सिंह व प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान गंगादास गौतम की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के संभ्रांत लोगों ने पहुंच अपनी अपनी बात रखी और त्यौहारों को मिलजुलकर मनाने की बात कही। सदर पुलिस क्षेत्राधिकारी एम पी सिंह ने कहा की कोई भी समस्या होने पर पुलिस को तुरंत अवगत कराएं त्यौहारों के लेकर सुरक्षा व्यवस्था की पहले से ही रूपरेखा तैयार कर ली गयी है और नगर में जगह जगह नवरात्र में लगे स्थापित दुर्गा माता के पंडालों को लेकर शासन की ओर से आए गाइड लाइन के तहत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से पुख्ता इंतजाम किये हैं और नगर व आसपास क्षेत्र में होने वाली अन्य रामलीला तथा मेलों का होने वाले आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी। वहीं प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान ने अराजकतत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी अराजकतत्व ने आगामी त्यौहारों पर किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सभी लोग त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाएं।

# आत्मनिर्भर भारत पर भाषण प्रतियोगिता

**अजीतमल।** कस्बे के जनता महाविद्यालय में आत्म निर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई, जिसकी शुरुआत प्राचार्य प्रो अरविंद कुमार शर्मा ने मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

प्राचार्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में सहभागिता से बुद्धि का विकास होता है और छात्रों की प्रतिभा निखरती है। उन्होने छात्र-छात्राओ को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में 25 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें प्रथम स्थान बीएससी तृतीय सेमेस्टर की अनुष्का पोरवाल, द्वितीय स्थान बीए थर्ड सेमेस्टर की आयशा व तृतीय स्थान बीएससी एजी पंचम सेमेस्टर के अंकित तिवारी ने प्राप्त किया।

# सभासद ने दिलाई सफाई की शपथ

संवाददाता, फफूंद (औरैया)


नगरवासियों को शपथ दिलाते सभासद शब्बीर कुरैशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत फफूंद के वार्ड जुबैरी में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें वार्ड के सभासद शब्बीर कुरैशी ने लोगों को को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और स्वच्छता शपथ दिलाई।

मंगलवार को नगर पंचायत के वार्ड जुबैरी के सभासद शब्बीर ने उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता ही सेवा के राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत वार्ड में कई जगह स्वच्छता अभियान चलवाया और लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने लोगों से कहा कि वार्ड वासी अपने अपने घरों का कूड़ा कूड़ेदान में डाले और अपने आस पास गन्दगी न फैलने दें।

उन्होने प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से उत्पन्न बीमारियों के वारे में भी जागरूक किया। इस मौके पर समाजसेवी अफजल अंसारी, जमीर कुरैशी, लकी अली, मुन्ना राईन, अब्दुल राईन, रफीक कुरैशी, नगर पंचायत कर्मी मुनब्बर खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# 13 बुजुर्गों में मनोरोग के लक्षण

- अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**अयाना, औरैया।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर सीएचसी में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें 13 बुजुर्गों में मनोरोग के लक्षण मिले। इनका मनोरोग विभाग की टीम की ओर से उपचार शुरू किया गया।

शिविर का उद्घाटन पूर्व मंत्री लाखन सिंह राजपूत ने किया। उन्होंने कहा कि बीहड़ पट्टी में दस्युओं का आतंक खत्म होने के बाद भी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हो सका है। जरा सा बीमार पड़ने पर बाहर का रुख करना पड़ता था। भाजपा सरकार ने बीहड़ पट्टी में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के साथ आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक का निशुल्क इलाज भी मुहैया कराया है। सरकार बुजुर्गों में तनाव के चलते बढ़ रहे आत्महत्याओं के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए बुजुर्गों का शिविर लगाकर जांचें व उपचार दे रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि शिविर में कुल 186 मरीजों को देखा गया। इसमें से 13 बुजुर्गों में मनोरोग के लक्षण मिले। जिन्हें मनोरोग चिकित्सक ने परामर्श देकर दवाइयां भी वितरित की।

**बैठक में निर्देश** त्योहारों को लेकर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने सौंपी जिम्मेदारी, जनपद में निर्वाध विद्युत आपूर्ति करना सुनिश्चित करें

# रात 10 बजे के बाद नहीं बजेगा डीजे, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आगामी त्योहार नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं अन्य त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी डा. इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में सम्भ्रांत व्यक्तियों,मौलवियों एवं धर्मगुरुओं आदि ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर बात रखी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन पूर्ण रूप से चौकस रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से नवरात्रि, विजयदशमी, दीपावली एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की और कहा कि सभी लोगों को एक दूसरे के त्यौहारों का सम्मान करते हुए मिलजुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने अपने त्यौहार को परम्परागत ढंग से ही मनाये कोई नयी परम्परा की शुरुआत न करें।

उन्होंने कहा कि कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को ठेस न पहुचे। उन्होंने त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में जो सुझाव दिए गए हैं उन पर गम्भीरता पूर्वक अमल करते हुए दुरुस्त कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मन्दिरों व जुलूस आदि में आने वाली समस्याओं यथा- विद्युत तार, साफ-सफाई, जलभराव, प्रकाश व्यवस्था, छुट्टा पशु आदि के लिए आप द्वारा अवगत करा दिया गया है इस पर सम्बंधित अधिकारियों को समय रहते निर्देशित कर दिया गया है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा ली जाएंगी। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि यदि अन्य कोई समस्या है तो उससे भी अवगत करा दें ताकि उसका भी निराकरण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि दुर्गा मूर्ति स्थापित पर लगने वाले पंडालों में होने वाली सजावट आदि के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन को सतर्कता के साथ जारी किया जाए और पंडालों की सजावट इस प्रकार की जाए कि उसमें किसी प्रकार का करंट आदि न दौड़ पाये।


अधिनस्थों को निर्देश देते जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी अभिजीत आर शंकर।

उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिरों व मूर्ति विसर्जन वाले रूट पर सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे।उन्होंने अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपनी आग बुझाने वाली गाड़ियों को दुरुस्त रखें और यदि किसी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/ नगर पंचायत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को मंदिरों एवं रामलीला मैदान में साफ सफाई रखने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त संबंधित विभाग सतर्कता के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मूर्ति विसर्जन के लिए गड्ढा खुदवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि त्योहारों की दृष्टिगत चिकित्सालय में दवाएं, एंबुलेंस, डॉक्टरों आदि की उपस्थित सहित आवश्यक व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को पटाखों की दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि शान्ति कानून व्यवस्था कायम रखने के सम्बन्ध में थाना स्तर पर बैठकें कर समस्याओं के निस्तारण हेतु अमल करते हुए उनका निस्तारण कराएं। उन्होंने आमजन से कहा कि किसी के बहकावे में न आए तथा किसी भी धर्म सम्प्रदाय के सम्बन्ध में भड़काऊ टिप्पणी करने से बचें। उन्होंने कहा कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे का उपयोग न किया जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम सुमेर गौतम,अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) महेंद्र पाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राकेश कुमार, उप जिलाधिकारी अजीतमल अमित कुमार त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बिधूना निखिल राजपूत, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, समस्त थानाध्यक्ष सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


श्रमदान करते राष्ट्रीय सेवायोजना के स्वयं सेवक। अमृत विचार

### 'स्वच्छता ही जीवन का आधार' का दिया गया संदेश

**औरैया।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर की राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी और श्रमदान कर स्वच्छता का संकल्प लिया गया। प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है, स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबको योगदान करना चाहिए। राजनीति विज्ञान के प्रभारी डॉ इफ्तिखार हसन एवं भूगोल के प्रभारी डॉ विनोद कुमार, अर्थशास्त्र के प्रभारी डॉ शीलू त्रिवेदी ने अपने विचार रखे। स्वयंसेवकों में उदय प्रताप, प्रियंका यादव, रामा, प्रतिज्ञा, निखिल यादव, प्रिशु यादव, प्रिया शुक्ला आदि ने स्वच्छता पर अपने विचार पेश किए। गोष्ठी के बाद स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।


अतिथियों को सम्मानित करते संयोजक। अमृत विचार

### सुदामा जैसा स्वाभिमानी कोई दूसरा नहीं

**बिधूना।** कस्बे के सुखचैनपुर वार्ड में समाज सेवा समिति की ओर से आयोजित तृतीय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को कृष्ण सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गये। महिलाओं ने पूजा में चावल अर्पित किए। आचार्य अविचल महाराज ने कहा कि कृष्ण ने सुदामा से मित्रता कर समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि मित्रता में कोई छोटा बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सुदामा जैसा स्वाभिमानी कोई दूसरा नहीं हुआ, जिसने घोर मुसीबत के समय में भी हाथ नहीं फैलाए। भागवत कथा में आरती के बाद राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रचना सिंह सेंगर, भाजपा नेत्री रिया शाक्य, डा. एसपी सिंह चौहान, धीरेन्द्र सिंह गौर, अनुराग त्रिपाठी, मुकुट सिंह शाक्य, डा. अपरवल सिंह भदौरिया आदि का समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्निहोत्री एवं अजय अग्निहोत्री ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। समिति ने 2 अक्टूबर को भंडारे में लोगों से प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया।


सड़क के किनारे बैठे अन्ना मवेशी। अमृत विचार

### अन्ना मवेशियों का अछल्दा की सड़कों पर डेरा

**अछल्दा।** सरकारी अभिलेखों में गौशालाओं में अन्ना मवेशी बंद हैं, लेकिन हकीकत में सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी दुर्घटना का शबब बन रहे हैं। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मौका पाते ही अन्ना मवेशी खेतों की फसल चट कर जाते हैं, जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आदर्श नगर पंचायत के नेविलगंज, हरीगंज बाजार, नहर बाजार, स्टेशन बाजार में सड़कों पर घूम रहे अन्ना मवेशियों से दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। रात में निकलने वाले वाहनों को सड़क पर बैठी काली अन्ना मवेशी नहीं दिखने पर हादसा के शिकार हो जाते हैं। ज्यादातर बाइक सवार अन्ना मवेशी से टकराकर गिरकर चोटहिल हो जाते हैं। अधिशाषी अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अन्ना मवेशियों की धरपकड़ के लिए अभियान जारी है। अन्ना मवेशियों को गौआश्रय स्थल भेजा जा रहा है।


शिविर में रक्तदान करती रूबी गौतम। अमृत विचार

### नेत्र एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**औरैया।** दिबियापुर नगर के औरैया रोड पर स्थित सेहुद मंदिर के पास टायगर ग्रुप पुलिस मित्र के संस्थापक महेश अन्ना फड़तरे के आवाहन पर मंगलवार को निशुल्क नेत्र मोतिया बिंद आपरेशन एवम रक्तदान शिविर का उद्घाटन समाजसेवी उमेश पालीवल ने किया। शिविर में 25 लोगों के आंखों के मोतियाबिंद की जांच नयन ज्योति अस्पताल के प्रशिक्षित डा. मनीष वर्मा, डा. ऋषि कुमार, रितिक सिंह ने नेत्र रोग से पीड़ित रोगियों की जांच कर उचित इलाज किया। वही नेत्र शिविर में जिला संयुक्त चिकित्सालय से डा. संतकुमार, सीएमएस डा. मंजू सचान, अर्जुन सिंह, प्रीति, रवि आनंद, विनय कुमार मौर्य, रजनी का सहयोग रहा। सबसे पहले रूबी गौतम ने रक्तदान किया। यहां प्रवीण राजपूत, रूबी गौतम, भूपेंद्र यादव, शशिप्रभा, अंकुश राजपूत आदि रहे।

### बच्चों ने गांधी जी को बताया अपना आदर्श

**औरैया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पूरा देश धूमधाम से मनाता है लेकिन शेमफोर्ड स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों एवं स्कूल के परिवार ने 1 अक्टूबर को ही गांधी जयंती मनाई। विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापकों सहित नन्हे मुन्ने बच्चों ने गांधी जी पर जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपना आदर्श बताया। शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के–12 स्कूल में मंगलवार को 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में गांधी जयंती पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने नारा– लेखन, चित्राकृति, कविताएं, लघु नाटक सहित गांधी जी व शास्त्री जी की वेशभूषा को धारण करते हुए उनके विचारों को प्रस्तुत किया। नन्हे मुन्ने बच्चे उनकी वेशभूषा में बड़े ही मनमोहक प्रतीक हो रहे थे। बच्चों ने गांधी जी के बलिदानों को याद करते हुए अपने भावों की अभिव्यक्त को नृत्य के माध्यम से भी प्रस्तुत किया। स्कूल के बच्चों ने गांधी व शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके परिवार व जीवन के संघर्षों के विषय में प्रकाश डाला। इस मौके पर विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।


गांधी जी की वेशभूषा में बच्चे। अमृत विचार

### राज्यसभा सदस्य ने गांवों का किया भ्रमण

**औरैया।** भाजपा की राज्यसभा सदस्य एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने मंगलवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बिधूना विधानसभा क्षेत्र के सहार ब्लाक के विभिन्न ग्राम पुरवा जोरन, जवाहरपुर, सहायल,नवीमोहन,लहरापुर,नवादा , पूराकला आदि गांवों में भ्रमण कर पार्टी के मंडल पदाधिकारी,कार्यकर्ताओ व आम जनता से जनसंवाद किया। वही लोगो को केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा कर लाभ लेने की अपील की।

# राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के

## पूर्व मंत्री ने सीएम योगी आदित्य नाथ के खिलाफ की टिप्पणी, छात्रा की मौत पर जिले की सियासत गर्माई

संवाददाता किशनपुर (फतेहपुर)



मृतका के पिता को ढांढस बंधाते स्वामी प्रसाद मौर्य। अमृत विचार



पीड़ित परिवार से बात करते सांसद नरेश उत्तम पटेल।



दिवंगत छात्रा को न्याय के लिए उतरा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक।

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र के शाहीपुर गांव की छात्रा की मौत का मामला दिन पर दिन तूल पकड़ता जा रहा है। रोजाना पीड़ित के घर पहुंच रहे नेता पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। नेताओं के आने जाने और पुलिस पर लग रहे आरोप जिले की सियासत को और गर्म कर रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच पुलिस भी मौत का राज नहीं खोल पा रही है। छात्रा की मौत के चौथे दिन मंगलवार को राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी शाहीपुर गांव पहुंचकर मृतक छात्रा के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मौर्य समाज के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के हैं, जो कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रिया की मौत के बाद पुलिस आरोपी प्रधानाध्यापक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। प्रशासन तानाशाही वाला रवैया अपना रही है। कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। कुछ पत्रकारों के साथ भी पुलिस ने अभद्रता की। जिसकी शिकायत

- राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य छात्रा परिजनों से मिले

पुलिस अधीक्षक से की जाएगी। उन्होंने प्रधानाध्यापक राजकपूर सिंह पर छात्रा को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब बस चालक ने छात्रा से छेड़छाड़ की और छात्रा ने जब प्रधानाध्यापक से शिकायत की तो उस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। प्रधानाध्यापक ने छात्रा को ही प्रताड़ित किया। वहीं स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि छात्रा की मौत के जिम्मेदारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए अंत तक लडाई लड़ी जाएगी। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्या ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर गंभीर आरोप लगाते हुए एक बयान दिया है। उन्होंने सीएम योगी की जाति पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में अधिकतर अपराधी मुख्यमंत्री की बिरादरी के हैं, जो कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। मौर्या ने यह भी आरोप लगाया कि ये लोग खुद को मुख्यमंत्री समझने लगे हैं, जबकि मुख्यमंत्री इन घटनाओं पर मूकदर्शक बने हुए हैं। वहीं मृतक छात्रा के पिता ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पिता ने बताया कि प्रधानाध्यापक का इस्तीफा किसको दिया गया किस नम्बर पर भेजा गया। पुलिस यह सब पता लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

### सांसद ने भी परिवार से की मुलाकात

- छात्रा की मौत के बाद चौथे दिन सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक छात्रा प्रिया मौर्या के फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अपनाया जा रहा रवैया ठीक नहीं है। नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि पूरे मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी। दोषी किसी भी हाल भी बच नहीं पाएंगे।

### उपमुख्यमंत्री के भतीजे ने न्याय का दिलाया भरोसा

- उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के भतीजे रवी मौर्या ने भी मंगलवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री से की जाएगी। दोषियों को बख्सा नहीं जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल भी करेगा मुलाकात

- शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भी पीड़ित परिवार से मुलाकात करने उसके घर पहुंचेगा। इसकी जानकारी पार्टी कार्यकर्ता ने पत्र जारी किया है। पार्टी का 24 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चार अक्टूबर को शाही गांव पहुंचे।

### दिवंगत छात्रा के पक्ष में उतरी गुलाबी गैंग

- **फतेहपुर।** जिले के खागा कस्बे में बीते दिनों छेड़खानी एवं अभद्रता से आजिज आकर स्कूल की तीसरी मंजिल से कूद जान देने वाली छात्रा प्रिया मौर्या के आरोपियों को सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने के लिए मंगलवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति का ज्ञापन भेजा है। गैंग की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में गैंग की अन्य कई सदस्यों ने जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि दिवंगत छात्रा की घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए बस चालक एवं प्रधानाचार्य पर सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं जिले में संचालित निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोक लगाते हुए इनसे नियम कायदों को कड़ाई से पालन कराया जाए। बताया कि पुलिस द्वारा महिला उत्पीड़न की प्रकरणों पर तत्काल सुनवाई की जाए। मांगों के निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी गई।

### महिला से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला को झांसा देकर गांव के सलमान ने शारीरिक सम्बन्ध बनाये। शिकायत के बाद आरोपी ने सुलह समझौते के नाम पर महिला को बुलाया और उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## सार-संक्षेप

### किशोरी की हत्या कर शव गंगा में फेंक दिया

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 23 सितंबर से गायब किशोरी की हत्या का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी तीनों युवकों को हिरासत लेकर पूछताछ की। किशोरी की हत्या की पुष्टि होने पर मुकदमा दर्ज किया गया। गाजीपुर के एक गांव निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी 23 सितंबर को घर के बाहर भैंसों को चारा डालने गई थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। बेटी का कहीं पता न चलने पर पिता ने थाने में 25 सितंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आशंका पर पिता ने बेटी की हत्या और शव गायब करने की तहरीर कंचनपुर निवासी दिलीप, राज झिलमा निवासी गाजीपुर तथा मोनू निवासी गाजीपुर के खिलाफ दी थी। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपियों ने हत्या कर लाश गंगा नदी में फेंकने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस पूरा दिन असनी गंगा पुल पर जाल डालकर गोताखोरों की मदद से लाश खोजने का प्रयास करती रही, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ हत्या के साथ लाश गायब करने का मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**फतेहपुर।** बिन्दकी कस्बे में सुबह बाइको की भिंडत में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। वही दूसरे घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी श्रीपाल का पुत्र महेश अपने रिस्तेदार त्रिलोकी पुत्र संदीप निवासी कस्बा बिंदकी के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था वही कल्यानपुर थाने के ही कोरसम गांव निवासी बदलू प्रसाद कुशवाहा का पुत्र बृजमोहन कुशवाहा बिंदकी कस्बा खाद्य लेने जा रहा था जैसे ही वह कस्बा पहुचा तभी ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही बाइक से भिंडत हो गयी। हादसे में महेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही बृजमोहन व त्रिलोकी घायल हो गए। जिन्हे तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स से सीएचसी ले जाया गया। जहां डाक्टर ने त्रिलोकी की हालत गम्भीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। बृजमोहन को सदर अस्पताल भेजा गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### खेत में दस फुट का अजगर मिलने से मचा हड़कंप

**फतेहपुर।** खेत में धान की फसल के बीच एक अजगर ने मोर को जकड़ लिया। खेत में काम कर रहे किसानों ने देखा तो वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। अजगर के हमले से मोर की मौत हो चुकी थी। मलवां थाना क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव में एक किसान के खेत में करीब दस फुट का अजगर राष्ट्रीय पक्षी मोर को जकड़े हुए था। मोर की आवाज सुनकर खेत पर काम कर रहे किसानों पास जाकर देखा तो अजगर ने मोर को जकड़े हुए निगलने का प्रयास कर रहा था। किसानों ने जब अजगर को डंडे से हिलाया तो वह मोर को छोड़कर भागने लगा। खेत में अजगर मिलने के सूचना पर समाज सेवी अशुतोष ने पुलिस और वन विभाग को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा विवेक कुमार ने टीम के साथ मिलकर अजगर को रेस्क्यू किया और जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। गांव के रहने वाले रमेश ने कहा कि हो सकता है कि अभी और भी अजगर आसपास हों, इसलिए ग्रामीण सावधानी बरत रहे है।

## एक नजर

### सर्पदंश से किसान की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाने के चकरसूलपुर गांव निवासी स्व मन्नू का पुत्र चन्द्रमोहन सुबह खेतो में काम कर रहा था तभी कुछ सामान लेने नलकूप पहुंचा, तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### बारिश में बहा पुल

**असोथर।** नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने आपदा संभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर पंचायत असोथर के वार्ड नंबर 12 कठौता के लुसुरुवा डेरा मार्ग में बना पुल तीन दिन पूर्व हुई तेज बारिश से कटान के कारण बह गया था जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया था। सूचना मिलने पर मंगलवार सुबह सभासद प्रतिनिधि लाखन निषाद के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने पुल का निरीक्षण किया और शीघ्र ही पुल निर्माण कराकर समस्या के निराकरण किए जाने की बात कही।

# भूमि विवाद में वृद्ध की पीटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** लखनऊ में तैनात दरोगा के पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। धाता थाना क्षेत्र में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान दरोगा के पिता भैरो प्रसाद की लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है।

धाता थाने के भैदपुर गांव में भैरो प्रसाद अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनका गांव के ही शिव बोधन से दो साल से जर्मीन का विवाद चल रहा था। सोमवार शाम करीब छह बजे दोनों पक्षों में जमीन को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्ष एक-दूसरे को लाठी-डंडों से पीटने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोप है शिव बोधन ने अपने परिवार के साथ मिलकर भैरो प्रसाद पर लाठी, डंडा और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। जब तक परिवार के लोग आरोपियों को पकड़ते वह भाग चुके थे। घायल अवस्था में भैरो प्रसाद को धाता के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के बेटे बृजेन्द्र चौधरी ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के शिव बोधन, मनोज, सुमित्रा, मीरा, रितेश और शिवम समेत कई लोगों ने उनके पिता पर हमला किया। भैरो प्रसाद की मौत से उनके परिवार में मातम का माहौल है। मृतक के तीन बेटे राममिलन, बजेन्द्र और ज्ञानी हैं। बताया जा रहा है कि मृतक का एक बेटा दरोगा है। वह लखनऊ में तैनात है। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी आलोक कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले में मृतक के बेटे की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी शिव बोधन को गिरफ्तार किया गया है।

## नवरात्र महोत्सव को लेकर अभाहिम ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर।** दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व के दौरान जिले में बेहतर व्यवस्था और सुरक्षा समेत जगह-जगह सजने वाले दुर्गा पंडालों की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को अखिल भारत हिन्दू महासभा ने कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। महासभा के काशी प्रान्त के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि दुर्गा पंडालों की साफ-सफाई, चूना डालने और मच्छरों से बचाव के लिए दवा तथा डीडीटी का छिड़काव, सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं।

# नहीं मिला आवास, पन्नी का ही सहारा

संवाददाता, जाफरगंज फतेहपुर



पन्नी डालकर गुजर बसर करते करता परिवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकास खंड खजुहा की ग्राम पंचायत डांडा अमौली के मजरे गांजर में एक गरीब परिवार आज भी झोपड़ी में रहने को मजबूर है। पात्रता सूची में नाम दर्ज होने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा गरीब को आवास का लाभ नहीं दिया जा सका है। पीड़ित को सिर छिपाने के लिए छत तक नसीब नहीं है। जिम्मेदारो की नजर शायद अभी तक गरीब के आशियाने में नहीं पड़ी।

खजुहा विकास खंड के गांजर गांव निवासी राम बहादुर अपनी पत्नी रूपा देवी सहित सुभाष 14 वर्ष, आर्यन 6 वर्ष, महक 5 वर्ष के साथ लगभग 15 वर्षों से कच्चे मकान में रहकर जीवन यापन करता है।

रामबहादुर पहले परदेश में रहकर प्राइवेट मजदूरी का काम करता था। पत्नी का कहना है की दो वर्ष पूर्व पेट का ऑपरेशन हुआ था। तब से घर पर ही रह रहे हैं। बंटवारे में कच्चा मकान मिला था। जो बारिश से पूर्णतया ध्वस्त हो चुका है। एक कच्ची कोठरी थी वह भी हाल ही में हुई बरसात में ढह गई है। गरीब परिवार के पास ना के बराबर खेत हैं, उन्ही के सहारे किसी तरह गरीब परिवार गुजर बसर कर रहा है। इनका आरोप रहा कि वर्ष 2011 की आवास सूची में नाम दर्ज था। लेकिन आवास का लाभ नहीं मिला। ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि नाम क्यों काटा गया है, जानकारी नहीं है। सर्वे में शामिल कर आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

# बिना लाइसेंस बिक्री पर कीट नाशक विक्रेता पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- निरीक्षण टीम ने प्रतिष्ठान को भी किया सील
- गोदाम में 21 प्रकार के कीटनाशक हुए बरामद

**अमृत विचार।** बिना लाइसेंस के कीटनाशक दवाइयां बेंचने का एक दुकानदार को महंगा पड़ गया। निरीक्षण टीम को मौके से दुकान में 21 प्रकार की कीटनाशक दवाएं बरामद हुईं। टीम के सदस्यों को दुकानदार ने कोई भी प्रपत्र नहीं दिखा सका। टीम ने दुकान को सील करते हुए दुकानदार पर एफआइआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी रंजीत कुमार चौरसिया ने बताया कि ग्राम मितईखेडा देवमई स्थित विजय कुमार के द्वारा संचालित कीटनाशी दवाओं के प्रतिष्ठान गोदाम का अन्वेषा देव, उपसम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, बिन्दकी के साथ कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 21 प्रकार की कीटनाशी दवाईयां बिना लाईसेंस के अवैध रूप से बिक्री के लिए पाई गईं जिनका सम्बन्धित के पास कोई अभिलेख नहीं पाया गया। वहीं बिक्री से सम्बंधित स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक, कैश मेमो आदि भी नहीं पाया गया। जिस पर प्रतिष्ठान को सील करते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। बताया कि डीएम ने निर्देशित किया है कि किसी भी दशा में जनपद में कोई भी प्रतिष्ठान बिना लाईसेंस के संचालित न किया जाए।

# लव जिहाद का फूंका पुतला तो छात्रों ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव कोचिंग मंडी का मामला, घंटों चला हंगामा जमकर की नारेबाजी

**अमृत विचार।** काकादेव की एक कोचिंग के बायोलॉजी शिक्षक की करतूतों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। मामले में हिंदू संगठन ने कोचिंग संस्थान के बाहर लव जिहाद का पुतला फूंककर आक्रोश जताया। जिस पर कोचिंग के सैकड़ों छात्र-छात्राएं सड़क पर आमने-सामने आ गए। कुछ छात्राओं ने जल रहे पुतले पर पानी डाल दिया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च करते हुए चौराहे पर जाम लगाकर पुलिस और संचालक के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। पांच थानों का फोर्स और एलआईयू पहुंच गई। करीब साढ़े तीन घंटे तक मान मनौव्वल के बाद हंगामा शांत हो सका। मंगलवार सुबह 10.30 बजे रावतपुर पी ब्लॉक निवासी भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला संयोजक अक्षय त्रिवेदी अपने साथी कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी, पवन सविता, सत्यनारायण तिवारी, धर्म दुबे, मोहित बाजपेई, विमल गोस्वामी, अमन बाजपेई, अभिजीत राय, हिमांशु दीक्षित के साथ काकादेव स्थित बदनाम चाय वाले चौराहे पहुंचे। यहां से लव जिहाद का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए वह लोग आई एंड आई कोचिंग संस्थान के बाहर पहुंचे और पुतला फूंक दिया।

पहल | अपर निदेशक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किए फॉगिंग वाहन

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल।

**अमृत विचार।** रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय व ट्रामा सेंटर से चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। संचारी रोगों की रोकथाम व प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता वाहन और नगर निगम की फॉगिंग गाड़ियों को रवना किया।

अपर निदेशक ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बचाव ही इसका सबसे बेहतर इलाज है। इसके लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया से बचाव के लिए जलभराव न होने दें। एसीएमओ व संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि अभियान के तहत टीमें घर-घर दस्तक देकर लोगों को जागरूक करेंगी।

### अभियान में सहयोग की अपील

जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह ने कहा कि जन समुदाय का भी दायित्व है कि अभियान में सहयोग करे, सतर्क और जागरूक रहें। डेंगू का मच्छर दिन में ही काटता है और इससे बचाव के लिए पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। मच्छर रोधी क्रीम का इस्तेमाल करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात वि०ख० कुरारा (हमीरपुर)**

पत्रांक– मनरेगा/ राज्य वित्त/ पंचम वित्त 2024–2025 दिनांक–01/10/2024

**निविदा सूचना**

मनरेगा/ राज्य वित्त आयोग/ पंचम वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत कुरारा देहात में आंगनबाड़ी केंद्र का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 08/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 08/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे। सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र0सं0 | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | 345.00 Bags |
| 2 | लोकल बालू | 09.20 M3 |
| 3 | सी0 सैण्ड | 24.15 M3 |
| 4 | 40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 04.85 M3 |
| 5 | 20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 18.55 M3 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा | 13600 नग |
| 7 | 10 M M ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | 07.90 M3 |
| 8 | F Sand | 05.25 M3 |
| 9 | MS Bar | 24 Q |
| 10 | MS Door | 11 Q |
| 11 | मिट्टी भराई | 91.57 M3 |
| 12 | टाइल्स | 08.60 M3 |

प्रधान
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत बुढ़ई विकास खण्ड मौदहा – हमीरपुर।**

पत्रांक– 32 / निविदा प्रकाशन / वित्त / 2024–25 दिनांक 01 /10/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत बुढई मे वित्त योजनान्र्तगत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो मे प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0 / लो0नि0वि0 / सि0वि0 / आयकर / व्यापार कर / ग्राम पंचायत/विकास खण्ड / जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो / सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 02.10.2024 से 15.10.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 मे दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 16.10.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगे।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धरोहर धनराशि (रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | समग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का पूर्ण मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन में टायलीकरण कार्य | 316000.00 | 250000.00 | 5000.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |
| 2 | नाली निर्माण सुमित यादव के मकान से रोड की पुलिया तक | 320000.00 | 252000.00 | 5040.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |
| 3 | पंचायत भवन में बाण्ड्रीवाल उच्चीकरण / तार जाली खिडकी दरवाजे आदि कार्य | 150000.00 | 130000.00 | 2600.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |

निविदा हेतु शर्ते :–

1. निविदा प्रपत्र / कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।
2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्शित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0 / डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बुढई वि0ख0 मौदहा – हमीरपुर के नाम बंधक / देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा।
3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय मे पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा।
4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738 / 23.07.2016–176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनसार दिशा निर्देशो के क्रम में हो।
5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
6. प्रथक – प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी।
7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भली–भांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी / अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा।
8. ग्राम पंचायत / समिति / अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है।
9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
10. शासनादेश सं0 730 / 33–3–2022–11 / 2022 पंचायतीराज अनुभाग–3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
11. शासनादेश सं0 137 / अडतीस – 7 – 2022–63 नरेगा / 2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये।
12. प्रत्येक दशा मे निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये।
13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

जगदीश प्रसाद
प्रधान, ग्रा0पं0–बुढई
वि0ख0–मौदहा, हमीरपुर

नितेश कुमार सिंह
प्रधान, ग्रा0पं0–बुढई
वि0ख0–मौदहा, हमीरपुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्राप्नोति वै वित्तमसद्बलेन नित्योत्थानात् प्रज्ञया पौरुषेण।
न त्वेव सम्यग् लभते प्रशंसां न वृत्तमाप्नोति महाकुलानाम् ॥

बेईमानी से, बराबर कोशिश से, चतुराई से कोई व्यक्ति धन तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन सदाचार और उत्तम पुरुष को प्राप्त होने वाले आदर-सम्मान को प्राप्त नहीं कर सकता।

## संपादकीय

# सावधान रहने की जरूरत

चीन बार-बार भारत की ओर अतिक्रमण करके क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने का प्रयास करता रहा है। दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहे हैं और सैन्यीकरण कर रहे हैं। चीन के पास आर्थिक, सैन्य और तकनीकी ताकत है। भारत अपनी कूटनीति से इसका मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। मंगलवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन और भारत के बीच जारी सैन्य गतिरोध पर चाणक्य रक्षा संवाद में कहा कि इस क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति संवेदनशील है और सामान्य नहीं है। भारत किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर की सीमा साझा करता है, जिसमें एक सीमा शामिल है जो लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के साथ चलती है। सीमा का पूरी तरह से सीमांकन नहीं किया गया है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की पुष्टि और स्पष्ट करने की प्रक्रिया अभी भी जारी है। इसने दोनों पक्षों के बीच कई झड़पों को जन्म दिया है। मई 2020 में भारत चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध शुरू हुआ था। भारत का लक्ष्य मई 2020 में शुरू हुए सैन्य गतिरोध से पहले की स्थिति को बहाल करना है। हालांकि पिछले कुछ माह के दौरान भारत और चीन के बीच अनेक राजनयिक वार्ताएं हुई हैं, जिनसे संभावना बढ़ी है कि पूर्वी लद्दाख में जो सैन्य टकराव की स्थिति बनी हुई है, उसे कम करने का कोई रास्ता निकल सकता है।

गौरतलब है कि चीन इस क्षेत्र में किसी भी भारतीय निर्माण का विरोध करता है जबकि वह खुद रणनीतिक निर्माण जारी रखता है। 15 जून, 2020 को गलवान में मुख्य संघर्ष से पहले दोनों पक्ष पैंगोंग त्सो, डेमचोक और दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में झड़पों में लगे हुए थे। भारत लगातार कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी, चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। गतिरोध का समाधान निकालने के लिए दोनों पक्षों के बीच अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की वार्ता हो चुकी है। इसके बावजूद जिस तरह से चीन अपनी अग्रिम सैन्य पोजीशन को मजबूत करता जा रहा है और एलएसी पर स्थायी रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर बनाता जा रहा है, उससे स्पष्ट है कि पीएलए शांति के समय की स्थिति पर नहीं लौटेगी। चीन की गतिविधियां किसी से छिपी नहीं है। इसलिए भारत को चीन से सावधान रहने की जरूरत है।

# वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 का मकसद



नुसरत जहां
एडवोकेट हाईकोर्ट, लखनऊ

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज के सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया।

वक्फ संशोधन अधिनियम, 2024 लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संयुक्त संसदीय समिति ने 19, 20 सितंबर 2024 को मुस्लिम समुदाय से जुड़े संगठनों एवं बुद्धिजीवियों के सुझाव लिए हैं। अब तक जेपीसी को 84 लाख से अधिक सुझाव मिल चुके हैं। कई मुस्लिम संगठनों ने वक्फ बिल पर आपत्तियां भी जताई हैं। भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके उदाहरण में मोहम्मद गौरी की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रजों के शासनकाल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियोजित करने का पहला प्रयास था।

देश में सबसे पहले 1954 में वक्फ एक्ट बना। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का भी जन्म हुआ। इस कानून का मकसद वक्फ से जुड़े कामकाज को सरल बनाना था। एक्ट में वक्फ की संपत्ति के दावे और रखरखाव का प्रावधान है। इस एक्ट में 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1955 में एक नया वक्फ बोर्ड अधिनियम बना। इसके तहत हर राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गई थी। 2013 में वक्फ की संपत्ति की बिक्री, उपहार, विनिमय, बंधक या हस्तांतरण को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया था। वक्फ कानून एक सर्वेक्षण आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान करता है, जो स्थानीय जांच करके, गवाहों को बुलाकर सार्वजनिक दस्तावेजों की मांग करके सभी वक्फ संपत्तियों की सूची तैयार करता है। इस संशोधन ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया।

वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति के प्रबंधन का कार्य करता है। यह एक कानूनी निकाय है। वक्फ बोर्ड में संपत्तियों का पंजीयन अनिवार्य है। बोर्ड संपत्तियों का पंजीकरण, प्रबंधन और संरक्षण करता है। राज्यों में वक्फ बोर्ड का नेतृत्व अध्यक्ष करता है। देश में शिया-सुन्नी दो तरह के वक्फ बोर्ड हैं। वक्फ बोर्ड के सदस्य में अध्यक्ष के अलावा बोर्ड में राज्य सरकार के सदस्य, मुस्लिम विधायक, सांसद, राज्य बार काउंसिल के सदस्य, इस्लामी विद्वान और वक्फ के मुतवल्ली को शामिल किया जाता है। वक्फ बोर्ड का

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है, लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी।

कार्य वक्फ की संपत्तियों का प्रबंधन, संरक्षण वक्फ में मिले दान से शिक्षण संस्थान, मस्जिद, कब्रिस्तान बनाना रैन बसेरों का निर्माण एवं रखरखाव करना, गरीब बेटियों की शादी करवाना।

वक्फ बोर्ड की संपत्ति-रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। वक्फ बोर्ड भारत भर में 9.4 लाख एकड़ में फैली 8.7 लाख संपत्तियों को नियंत्रित करता है, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये है। उत्तर प्रदेश एवं बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड सहित 32 वक्फ बोर्ड हैं। नए बिल के द्वारा इन बदलावों पर विचार हो रहा है- सर्वप्रथम वक्फ अधिनियम 1955 का नाम बदलकर 'संयुक्त वक्फ प्रबंधन सशक्तीकरण, दक्षता और विकास अधिनियम 1995 कर दिया गया है। यह बिल मौजूदा वक्फ कानून में लगभग 40 बदलावों का प्रस्ताव रखता है। इसके तहत वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के दावों के लिए अनिवार्य सत्यापन से गुजरना होगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुस्लिम महिलाओं का अनिवार्य प्रतिनिधित्व/लैंगिक समानता- इस बिल का उद्देश्य वक्फ बोर्ड की संरचना एवं कामकाज को बदलना है। इसके लिए धारा 9 एवं 14 में संशोधन करना है, जिसमें मुस्लिम महिलाओं के लिए अनिवार्य प्रतिनिधित्व किया जा सके। अनिवार्य वक्फनामा- अभी तक संपत्ति का दान मौखिक किया जा सकता था, लेकिन नए वक्फ बिल में लिखित वक्फनामा के द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकेगा, जिससे अंतरण के साक्ष्य मिल सकेंगे।सामाजित न्याय/निचले मुस्लिम तबकों की भागीदारी- वक्फ बिल में शिया-सुन्नी के अलावा बोहरा, अहमदिया समुदायों के अलग वक्फ बोर्ड बनाने का भी प्रावधान है, जिससे मुस्लिम तबकों को विभिन्न वर्गों को मदद मिलेगी, जो हाशिये पर हैं। वक्फ बिल में बोर्ड की पूरी संपत्तियों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, जिसमें किसी दूसरे द्वारा वक्फ की सपंत्तियों पर कब्जा नहीं किया जा सकेगा, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

न्याय को सुलभ एवं निश्चित बनाना- वक्फ से संबंधित विवादित मामलों की सुनवाई के लिए अभी वक्फ अधिकरण का फैसला अंतिम होता है लेकिन वक्फ बिल में अधिकरण के फैसले को न्यायालय में चुनौती दी जा सकेगी। वक्फ से संबंधित विवादों का निर्णय छह माह में और अपील का निपटारा तीन माह में किए जाने का प्रावधान है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग)- वक्फ की संपत्तियों का पंजीकरण, सत्यापन लेनदेन में ऑडिट कर सकेगी, जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

विधेयक इस बात को भी फिर से परिभाषित करता है कि कैसे संपत्ति को वक्फ के कब्जे में माना जाता है। विधेयक में उपयोग के आधार पर वक्फ की अवधारणा को खत्म करने का प्रस्ताव है। 1995 के कानून के तहत वैसी हर संपत्ति वक्फ है, जिसका उपयोग मुसलमान धार्मिक उद्देश्यों के लिए निरंतर और अबाधित रूप से करते रहे हैं। इसका मतलब है कि एक संपत्ति को उपयोग के माध्यम से वक्फ माना जा सकता है, भले ही उसका मालिकाना हक किसी के पास हो। कई मस्जिदें और कबिस्तान इसी आधार पर वक्फ प्रॉपर्टी घोषित कर दिए गए हैं। विधेयक में कहा गया है कि वैध वक्फनामे के बिना कोई भी वक्फ संपत्ति संदिग्ध है। इसमें 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' घोषित संपत्तियों को अलग रखा गया है। विवाद की स्थिति में बिल की धारा 3 सी (2), जो सरकार को यह तय करने का अधिकार देता है कि वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। विधेयक में कहा गया है, यदि किसी संपत्ति को लेकर सवाल उठता है कि यह सरकारी संपत्ति है या नहीं तो उसे क्षेत्राधिकार वाले कलेक्टर के पास भेजा जाएगा। कलेक्टर उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करेगा और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजेगा। जब तक सरकार इस मुद्दे का फैसला नहीं कर लेती तब तक विवादित जमीन पर वफ्फ का नियंत्रण नहीं हो सकता।

12 वर्ष का एडवर्स कब्जा- यदि 12 वर्ष तक वक्फ की संपत्ति कोई अवैध कब्जा, बिना रोक टोक के करता है तो वह संपत्ति का मालिक हो जाएगा। दान कौन कर सकता है- दान एक मुस्लिम द्वारा वर्तमान समय में मौखिक रूप से भी किया जा सकता है। यदि एक बार संपत्ति दान कर दी गई तो वह अल्लाह को अंतरित मानी जाती है वह वापस नहीं ली जा सकती है। नए बिल में यह प्रावधान है कि संपत्ति अंतरण करते समय दानकर्ता को उस संपत्ति का मालिक होना चाहिए। दानकर्ता की स्वीकृति स्वतंत्र होनी चाहिए। दान करते समय दानकर्ता सक्षम अर्थात 18 वर्ष से अधिक आयु एवं स्वस्थ चित्त होना चाहिए। यदि यह शर्तें पूरी नहीं की गई तो दान द्वारा अंतरण अवैध होगा और वह संपत्ति वफ्फ को वापस करनी होगी। दान गैर मुस्लिम द्वारा भी किया जा सकता है शर्त यह है कि इस्लाम धर्म में उसका विश्वास एवं मान्यता होनी चाहिए। लिखित रूप से वफ्फनामा द्वारा ही संपत्ति का अंतरण किया जा सकता है। वफ्फ से होने वाली आमदनी को इस्लाम धर्म की खिदमत में ही खर्च किया जा सकता है। खिदमत का अर्थ है मस्जिद की तामीर, कब्रिस्तान एवं अनाथालय बनवाना, गरीबों को भोजन की व्यवस्था करना, गरीब बच्चों की शादी करवाना इत्यादि।

सरकार का कहना है कि वक्फ की संपत्तियों पर माफियाओं का कब्जा है जबकि विपक्ष का तर्क है कि सरकार वक्फ की संपत्ति को हथियाना चाहती है। धर्म में हस्तक्षेप है और संविधान में दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नए बिल से संविधान के किसी अधिकार का उल्लंघन नहीं हो रहा जबकि यह तो समानता के अधिकार अनुच्छेद 14 के अंतर्गत सामाजिक न्याय के रूप में निचले तबकों के उत्थान एवं लैंगिक न्याय के रूप में मुस्लिम महिलाओं की अनिवार्य सहभागिता का प्रावधान करता है। जिससे महिलाओं एवं बच्चों का कल्याण होगा डिजिटलीकरण से भ्रष्टाचार रूकेगा। कोई माफिया अवैध कब्जा वक्फ संपत्ति पर नहीं कर सकेगा। वक्फ से होने वाली आमदनी समाज कल्याण एवं उत्थान में खर्च की जा सकेगी।

email: nusratfahad8@gmail.com

## प्रसंगवश

# विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली

पेशावर कांड (1930) के विद्रोही चंद्रसिंह गढ़वाली 1 अक्तूबर 1979 को नहीं रहे। कैसा अनोखा सैनिक था, जिसने देश की निहत्थी आंदोलनकारी जनता पर गोली चलाने से इंकार की सजा में लंबे कारावास के साथ अनगिनत कष्ट भुगते।



सुधीर विद्यार्थी
वरिष्ठ लेखक, बरेली

यह तकलीफें उसकी अकेले की नहीं अपितु पूरे परिवार को इसका दंड झेलना पड़ा। संपत्ति जब्त हुई और घर के लोग दरबदर हो गए, लेकिन खास बात रही कि आजादी के बाद भी उनकी संतति के साथ यह क्रूर सिलसिला थमा नहीं। 1983 में सहकारी बैंक की देनदारी के लिए चंद्रसिंह गढ़वाली की संपत्ति की नीलामी का फरमान जारी हुआ, जिसे हम उस समय थोड़ी कोशिशों से बचा पाए, लेकिन आगे चलकर यह अत्यंत दुःखद रहा कि बिजनौर के निकट कौड़िया रेंज में 90 वर्षों के लिए उनके परिवार को आवंटित की गई जमीन को उत्तर प्रदेश सरकार ने यह कहकर वापस ले लिया कि चंद्रसिंह गढ़वाली यूपी के नहीं, उत्तराखंड के निवासी थे। पहाड़ पर दूधातोली में एक छोटे से भूखंड पर उनकी उपेक्षित सी समाधि है, जिस पर कोई चार फूल क्यों चढ़ाए? 1972 में स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष पर अपने शहर शाहजहांपुर में गढ़वाली जी को 'शहीद मेला' का उद्घाटन करने आमंत्रित किया तो वे उत्साह से आए। उन दिनों उनकी कमर झुक चुकी थी, लेकिन क्रांतिकारी तेवर और हौसला उनमें बरकरार था। पतलून, कमीज, सिर पर हैट और पैरों में बूट। यही बाना था उनका। बोली का पहाड़ी लहजा था और कहन में खरापन अंत तक विद्यमान रहा। उनके जिंदगीनामे को राहुल सांकृत्यायन ने जिस तरह एक बड़ी किताब में दर्ज किया, वह अद्भुत है।

कह सकता हूं कि जेल गढ़वाली जी के लिए राजनीतिक पाठशाला बनी। उनकी स्मृति में कई साल पहले मैं एक डाक टिकट भी जारी कराने में भी कामयाब हो सका जब उनका बेटा आनंद गढ़वाली जीवित था। कुछ वर्ष पहले मैंने अपनी पत्रिका 'संदर्श' के लिए विद्यासागर नौटियाल जी से गढ़वाली की कुछ स्मृतियों को लिपिबद्ध कराया और प्रकाशित किया था, लेकिन वह कार्य पूर्णता की ओर नहीं पहुंच सका।

# जनजातीय लोगों का औरत के प्रति दोयम नजरिया



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है।

बीती 15 सितंबर को बस्तर के घनघोर नक्सली इलाके सुकमा के कोन्टा थाने के इटकल गांव में राज्य पुलिस के हेड कांस्टेबल सहित उसके परिवार के पांच लोगों को ग्रामीणों ने पीट-पीट कर मार डाला। मरने वालों में तीन महिलाए हैं। पिछले कुछ दिनों में गांव में तीन बच्चे मरे और यह अफवाह हो गई कि हेड कांस्टेबल बच्चा मुआ के पिता के जादू-टोने के कारण बच्चे मारे गए। देश के अधिकांश राज्यों में डायन प्रथा उन्मूलन या अंधविश्वास निरोधक कानून हैं, लेकिन इस तरह की सामाजिक कुरीति को अपराध घटित हो जाने के बाद मुकदमें दर्ज कर रोका नहीं जा सकता।

डायन कुरीति अकेले आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ या झारखंड तक सीमित नहीं है। यह असम, बिहार, तेलंगाना, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित कोई आधा दर्जन राज्यों में हर साल सैंकड़ों औरतों को इस अंधविश्वास की आड़ में बर्बर तरीके से मारा जा रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों में मुख्य रूप से जादू-टोना से जुड़े लगभग 85 हत्या के मामले दर्ज किए गए।

देश के आदिवासी अंचलों में जमीन हदबंदी कानूनों के लचरपन और पंचायती राजनीति के नाम पर शुरू हुईं जातीय दुश्मनियों की परिणति महिलाओं की हत्या के रूप में हो रही है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने एक जांच रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें बताया गया है कि अंधविश्वास, अज्ञान और अशिक्षा के कारण टोनही या डायन करार देकर किस तरह निरीह महिलाओं की आदिकालीन लोमहर्षक ढंग से हत्या कर दी जाती है। औरतों को न केवल जिंदा जलाया जाता है, बल्कि उन्हें गांव में नंगा घुमाना, बाल काट देना, गांव से बाहर निकाल देना जैसे निर्मम कृत्य भी डायन या टोनही के नाम पर होते रहते हैं। इन शर्मनाक घटनाओं का सर्वाधिक अफसोसजनक पहलू यह है कि इन महिला प्रताड़नाओं के पीछे न सिर्फ महिला की प्रेरणा होती है, बल्कि वे इन कुकर्मों में बढ़-चढ़ कर पुरुषों का साथ भी देती हैं।

आदिवासी बाहुल्य छत्तीसगढ़ राज्य में बेगा, गुनियाओं और ओझाओं के झांसे में आकर पिछले तीन वर्षों में तीन दर्जन से अधिक औरतों को मार डाला गया है। कोई एक दर्जन मामलों में आदमियों को भी ऐसी मौत झेलनी पड़ी है। मप्र के झाबुआ-निमाड़ अंचल में भी महिलाओं को इसी तरह मारा जाता है। हां, नाम जरूर बदल जाता है-डाकन। गांव की किसी औरत के शरीर में 'माता' प्रविष्ट हो जाती है। यही 'माता' किसी दूसरी 'माता' को डायन घोषित कर देती है और फिर वही अमानवीय यंत्रणाएं शुरू हो जाती हैं। यह समझना जरूरी है कि अधिकांश आदिवासी गांवों तक सरकारी स्वास्थ्य महकमा पहुंच नहीं पाया है। जहां कहीं अस्पताल खुले भी हैं तो कर्मचारी इन पुरातनपंथी वन पुत्रों में अपने प्रति विश्वास नहीं उपजा पाए हैं। तभी मवेशी मरे या कोई नुकसान हो, गुनिया हर मर्ज की दवा होता है। उधर गुनिया के दांव-पेंच जब नहीं चलते हैं तो वह अपनी साख बचाने कि लिए किसी महिला को टोनही घोषित कर देता है। गुनिया को शराब, मुर्गे, बकरी की भेंट मिलती है। बदले में किसी औरत को पैशाचिक कुकृत्य सहने पड़ते हैं।

ठेठ आदिम परंपराओं में जी रहे आदिवासियों के इस दृढ़ अंधविश्वास का फायदा इलाके के असरदार लोग बड़ी चालाकी से उठाते है। अपने विरोधी अथवा विधवा बूढ़ी औरतों की जमीन हड़पने के लिए ये प्रपंच किए जाते हैं। थोड़े से पैसे या शराब के बदौलत गुनिया बिक जाता है और किसी भी महिला को टोनही घोषित कर देता है।

डायन प्रथा से निपटने के लिए बिहार में सन 1999 में व झारखंड में 2001 में अलग से कानून भी बना। छत्तीसगढ़ में भी सन 2005 में टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम लागू हुआ। राजस्थान और असम में 2015 में इस पर कड़े कानून आए। कानून अपराध होने के बाद काम करता है, लेकिन आज जरूरत तो लोगों की मिथ्या धारणाओं से ओतप्रोत जनजातीय लोगों में औरत के प्रति दोयम नजरिए को बदलना है। एक तो गांवों में स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाएं हों, दूसरा समाज के बीच से ही ऐसे लोगों को तैयार किया जाए, जो पर्व-त्योहर पर आदिवासियों को सहज तरीके से इसकी जानकारी दे सकें।

## सोशल फोरम

# समय के साथ चलें बुजुर्ग

वैसे तो बुढ़ापा खुद समस्याओं और शिकायतों का घर ही होता है, लेकिन आमतौर पर बुजुर्गों की बड़ी समस्या और शिकायत यह होती है कि बच्चे बड़े या शादीशुदा हो जाने के बाद उनका सम्मान नहीं करते। उनकी बात कुछ हद तक वाजिब है।

देश की सड़कों, वृद्धाश्रमों, तीर्थस्थलों में बेसहारा वृद्धों की भारी भीड़ देखकर आज परिवार में उनकी हैसियत और स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है, लेकिन इस समस्या का एक और पहलू भी है। एक बात बुजुर्गों को अपने आपसे भी पूछना चाहिए कि बूढ़े होने के बाद वे खुद अपने बेटों और बहुओं, उनकी निजी जिंदगी, उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और उनके नए विचारों का कितना सम्मान करते हैं? हर पीढ़ी के साथ जीवन की परिस्थितियां और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अवधारणाएं बदलती हैं। पढ़े-लिखे, संवेदनशील, समझदार बुजुर्ग बदलते वक्त के साथ तालमेल बिठाकर अपनी संतानों के साथ सहज और दोस्ताना रिश्ता बना लेते हैं। कठिनाई उन अशिक्षित अथवा अर्द्धशिक्षित, रूढ़िवादी लोगों के साथ होती है, जो अपने पुराने विचारों और रूढ़ियों के प्रति कट्टर ही नहीं होते, बल्कि अपनी संतानों पर अपने दौर के अप्रासंगिक हो चले जीवन मूल्य थोपने की कोशिश भी करते हैं। उन्हें लगता है कि उनका वक्त सही था और आज जो हो रहा है, वह सब गलत है।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ऐसे बुजुर्ग अपनी संतानों के लिए आर्थिक नहीं, मानसिक और भावनात्मक बोझ बन जाते हैं। परिवारों के विघटन की यह सबसे बड़ी वजह है। परिवार में बुजुर्गों का सम्मान बना रहे, यह सिर्फ युवाओं की जिम्मेदारी नहीं है। जरूरी है कि बुजुर्ग भी समय के साथ चलना सीखें। वे अपने हिस्से का जीवन जी चुके, अब अपनी संतानों को उनके हिस्से का जीवन जीने दें। उनकी चुनौतियां, सोच, संघर्ष आपसे अलग हैं।

मां-बाप देवी-देवता हैं और उनकी हर बात बच्चों को शिरोधार्य होनी चाहिए, ये किताबी, अव्यावहारिक बातें हैं। वास्तविक जीवन में आपके व्यवहार ही परिवार में आपकी हैसियत और आपका सम्मान तय होगा। -फेसबुक वॉल से

# समाज में व्यक्ति की भूमिका



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है।

आज दुनिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ी है, जहां यह स्पष्ट हो गया है कि यदि पृथ्वी पर जीवन का अंत होगा, तो इसके लिए किसी बाहरी दुश्मन की जरूरत नहीं है। यह काम इंसान खुद ही कर सकता है। पिछले डेढ़ साल से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा है, जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। इसी तरह मध्य-पूर्व में इजराइल भी आक्रमण के माध्यम से अपना वर्चस्व स्थापित करने में जुटा हुआ है। इन दोनों घटनाओं के बीच सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है?

इसके मूल में कारण हैं, इंसान का अपने ऊपर और अपनी क्षमताओं पर ध्यान न देना। इतिहास में भी ऐसे उदाहरण मिलते हैं। हिटलर और गांधी, दोनों एक ही समय में इसी धरती पर मौजूद थे, लेकिन दोनों की सोच और कार्य एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत थे। हिटलर हिंसा का समर्थन करता था, जबकि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। आज भी गांधी को प्रेम और करुणा के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है, जबकि हिटलर को क्रोध और अहंकार के लिए। महात्मा गांधी ने हमेशा इंसान के व्यक्तित्व और समाज के बीच गहरे संबंध को समझा। उनका मानना था कि समाज व्यक्ति से बनता है और व्यक्ति की नैतिकता व चेतना ही समाज की नींव होती है। उनके अनुसार समाज तभी सशक्त हो सकता है जब उसमें शामिल हर व्यक्ति नैतिकता, सत्य,



अहिंसा और करुणा जैसे मूल्यों को अपनाए। गांधीजी ने यह भी कहा कि अहिंसा का रास्ता सीखने और उस पर चलने के लिए अधिक कठिन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जितनी कि हिंसा के लिए। यह प्रशिक्षण जीवन में सत्य, विनम्रता, सहनशीलता और प्रेम को अपनाने से शुरू होता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जो केवल बाहरी रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी आत्मानुशासन और संयम की मांग करती है।

गांधीजी का कहना था कि जब दो लोग या समुदाय आपस में झगड़ते हैं तो यदि उनमें से कोई एक व्यक्ति अपनी गलती को समझकर प्रेम और शांति की ओर बढ़ता है तो उनके बीच शांति स्थापित हो जाती है। हालांकि मीडिया में अक्सर ऐसे उदाहरणों पर ध्यान नहीं दिया जाता, क्योंकि हिंसक झगड़े और संघर्ष ज्यादा चर्चा में आते हैं, जबकि सच्चे समाधान और समाज में शांति का आधार केवल अहिंसा, संयम और करुणा से ही संभव है। गांधीजी ने अपने लेखों में यह भी स्पष्ट किया कि यदि व्यक्ति स्वयं पर नियंत्रण रखे और आत्मनिर्भर बने, तो वह समाज के लिए एक आदर्श भूमिका निभा सकता है। उनके अनुसार समाज को बदलने के लिए हमें पहले अपने भीतर परिवर्तन लाना होगा। व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी वह समाज के प्रति सही योगदान दे सकेगा।

आज जब दुनिया संघर्षों और हिंसा की ओर बढ़ रही है, गांधीजी के विचार हमें याद दिलाते हैं कि व्यक्ति की भूमिका समाज की बेहतरी में सबसे महत्वपूर्ण है। अगर हर इंसान अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाए और सत्य, अहिंसा और करुणा को अपनाए, तो न केवल समाज, बल्कि पूरी दुनिया में शांति और समृद्धि का माहौल बनेगा।

# वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देता गांधी मार्ग



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है।

आज के वैचारिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक हिंसा को समझने और उसका विकल्प बताने के लिए गांधी सबसे बेहतर और कारगर 'औजार' हैं। बीसवीं शताब्दी में जनमानस को आंदोलित एवं प्रभावित करने वाले एक महान व्यक्तित्व के रूप में भारतवर्ष में महात्मा गांधी का अविर्भाव हुआ था। गांधी भूतकाल के नहीं, भविष्य के मसीहा थे। वे उन्नीसवीं सदी की नहीं, इक्कीसवीं सदी की बातें कर रहे थे।

फ्रांसीसी दार्शनिक रोम्यां रोला ने कहा था-"कुछ अर्थों में तो गांधीजी आज के विज्ञान से भी आगे बढ़ गए थे, भविष्य की समस्याओं को उन्होंने भांप लिया था।" गांधीजी के विचार कभी पुराने नहीं पड़ेंगे, वे सदैव हमें भविष्य का रास्ता खोजने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रयोगों ने उनके इस विश्वास को पक्का कर दिया था कि सत्य की सदा विजय होती है और सही रास्ता सत्य का रास्ता ही है। आज मानवता की मुक्ति सत्य का रास्ता अपनाने से ही है। गांधीजी सत्य को ईश्वर का पर्याय मानते थे। गांधीजी का मत था कि सत्य सदैव विजयी होता है।

गांधीजी के अनुसार मन, वचन और शरीर से किसी को भी दुःख न पहुंचाना ही अहिंसा है। गांधीजी के विचारों का मूल लक्ष्य सत्य एवं अहिंसा के माध्यम से विरोधियों का हृदय परिवर्तन करना है। अहिंसा का अर्थ ही होता है प्रेम और उदारता की पराकाष्ठा। गांधीजी व्यक्तिगत जीवन से लेकर वैश्विक स्तर पर 'मनसा वाचा कर्मणा' अहिंसा के सिद्धांत का पालन करने पर बल देते थे। आज के संघर्षरत विश्व में अहिंसा जैसा आदर्श अति आवश्यक है। गांधीजी बुद्ध के सिद्धांतों का अनुगमन कर इच्छाओं की न्यूनता पर भी बल देते थे। यदि इस सिद्धांत का पालन किया जाए तो आज क्षुद्र राजनीतिक व आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए व्याकुल समाज व विश्व अपनी कई समस्याओं का निदान खोज सकता है।

आज संपूर्ण विश्व अपनी समस्याओं का हल हिंसा के माध्यम से ढूंढना चाहता है। वैश्वीकरण के इस दौर में 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है। अमेरिका, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान जैसे देश हिंसा के माध्यम से प्रमुख शक्ति बनने की होड़ एवं दूसरों पर वर्चस्व के इरादे से हिंसा का सहारा लेते हैं। इस हेतु वैश्विक रूप से शस्त्रों की होड़ लग गई है। यह अंधी दौड़ दुनिया को अंततः विनाश की ओर ले जाती है। आज अहिंसा जैसे सिद्धांतों का पालन करते हुए विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है, जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है।

आज के दौर में पूरा विश्व एक ऐसे ही समाज की खोज में है, जहां शोषण, वर्ग, जाति आदि की कोई जगह न हो। उन्होंने सामाजिक, नैतिक और आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए रचनात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किया था। गांधी ने ग्राम स्वराज्य के माध्यम से पूर्ण प्रजातंत्र और समाज के अंतिम से अंतिम, पिछड़े व्यक्ति की उन्नति का स्वप्न दिया था।

वर्तमान में सारे विश्व पर हिंसा द्वारा विनाश का खतरा छाया हुआ है। गांधीजी इस पर कहते हैं कि अहिंसक बनने की कोशिश करो। विश्व आज जिस रोग से ग्रस्त है, उसका निदान भले ही बड़ा कठोर हो, पर गांधी का बताया उपचार अचूक है। हमारा कार्य अब यही है कि सत्य और अहिंसा को ऐसा व्यावहारिक रूप दें, जिसका पालन किया जा सके। भौतिकवादी प्रगतियों के बावजूद इस दुनिया में कहीं न कहीं कोई कमी महसूस हो रही है। निर्धनता, भूख, रोग और हिंसा का विश्व में प्रकोप बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन ने मानव जाति की राय पर ही संकट ला दिया है। 2019 में महात्मा गांधी की 150 वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव ने कहा था कि महात्मा गांधी का सिखाया गया पाठ ही संयुक्त राष्ट्र का मूल सिद्धांत है, जैसे विकास, शांति और सहयोग। सर्वोदय गांधीजी का विचार संयुक्त राष्ट्र संघ के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम "एजेंडा 2030" का प्रकाशन है। गांधीजी का सबसे प्रबल संदेश है कि हमारा प्रत्येक आचरण नैतिक रूप से शुद्ध होना चाहिए।

# खेलते हैं खिलाड़ी तो सम्मान, पद और पुरस्कार देती है सरकार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित दिग्गज खिलाड़ियों ने प्रदेश में आए सकारात्मक बदलाव को सराहा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर खिलाड़ी अभिभूत नजर आए। उनका कहना था कि जी-जान लगाकर खेलते हैं तो सरकार सम्मान, पद और पुरस्कार देती है।

पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने वाले गजेंद्र सिंह (पैरा एथलीट), गौरव खन्ना (पैरा बैटमिंटन), राकेश कुमार यादव (पैरा एथलीट) और डॉ. सत्यपाल सिंह (पैरा एथलीट) का भी सीएम योगी ने सम्मान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह मौजूद रहे।

### अब मिल रहा सम्मान


प्रवीन कुमार

2016 पैरा ओलंपिक में आए मेडल में से एक पदक यूपी से भी था, लेकिन उस समय इतना सम्मान नहीं मिला। 2020 पैरालंपिक में दो पदक आए तो भव्य सम्मान मिला और यह सिलसिला जारी है। तब और अब में यही अंतर आया। राज्य सरकार ने न सिर्फ खेल नीति बनाई, बल्कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित भी कर रही है।

**प्रवीन कुमार**, स्वर्ण पदक विजेता, पैरालंपिक गेम्स-2024

### नौकरी भी दे रही सरकार


ललित कुमार

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को बुलाकर मंच पर सम्मानित किया। इतनी बड़ी पुरस्कार राशि दी और नैकरी भी देंगे। अब पिछली बार से और बेहतर करने का हौसला और मजबूत हुआ है। योगी आदित्यनाथ खेल प्रेमी होने के साथ खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में भी मदद कर रहे हैं, जो हमारे लिए वरदान साबित हो रहा है।

**ललित कुमार उपाध्याय**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी

### मिल रहा अच्छा प्लेटफॉर्म


राजकुमार पाल

प्रदेश की खेल नीति काफी अच्छी है। मेडल पाने वाले खिलाड़ियों के लिए पहले इतना प्रोत्साहन नहीं था, लेकिन सीएम योगी के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए काफी कुछ कर रही है। इससे खेलने वाले युवाओं को अच्छा प्लेटफॉर्म मिलता है। शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम बनने से प्रतिभाओं को मंच मिलेगा।

**राजकुमार पाल**, कांस्य पदक विजेता, हॉकी

### दिव्यांगों का किया सम्मान


दीपेश कुमार

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए स्टेडियम, सिंथेटिक ग्राउंड आदि का निर्माण हो रहा है। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी बहुत लाभ मिल रहा है। लक्ष्मण व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार भी खिलाड़ियों को दिया जा रहा है। सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान करके बड़ा काम किया है।

**दीपेश कुमार**, प्रतिभागी, पैरालंपिक गेम्स-2024

### डबल इंजन सरकार ने बदला माहौलः ब्रजेश


ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मौजूद नवोदित खिलाडियों का खूब हौसला बढाया। कहा कि खेलो-कूदोगो तो अब खराब नहीं नवाब बन जाओगे। उन्होंने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की चुटकी ली कि वे अब अफसोस जताते हैं कि काश, राजनीति की बजाय खेल में कैरियर बनाते तो सरकार से करोड़ों मिलते। कहा कि डबल इंजन सरकार ने खेल का माहौल बदल दिया है।

### मोदी के नेतृत्व में दिया जा रहा बढ़ावाः भूपेंद्र सिंह


भूपेंद्र सिंह

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षों में खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए जो प्रयास हुए हैं, उसका परिणाम आज सबके सामने है। मुख्यमंत्री योगी ने विश्वविद्यालय स्तर पर लीग और गांव स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं शुरू कराकर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का प्लेटफार्म दिया है।

## हौसला बुलंद

### अगले पैरालंपिक में भी पदक लाने का सपना : सुहास

पैरा शटलर आईएएस सुहास एलवाई अब अगले पैरालंपिक में पद जीतने का सपना देख रहे हैं और इसके लिए उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है। खेल विभाग में सचिव पद पर तैनात सुहास कहते हैं कि खिलाड़ी होने के कारण मुझ पर दोहरी जिम्मेदारी होती है और मैं उसे निभा रहा हूं। ओलंपिक हो या पैरालंपिक, सभी पदक विजेताओं को राजपत्रित अधिकारी बनाया जा रहा है। पदक विजेता 21 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### दुर्घटना में हाथ खोए, हिम्मत नहीं हारी अजीत ने

बीपीएड और एमपीएड कर चुके अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में एक रेल हादसे में मेरा बायां हाथ कट गया। पैरा गेम्स के बारे में सुना था और वर्ष 2019 में पंचकुला में आयोजित पैरा गेम्स के दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलते देखा। बस, ठान लिया कि मैं भी पैरा खेलों का हिस्सा बनूंगा। पेरिस में भाला फेंक में रजत पदक जीतने में कामयाब रहा। अगले पैरालंपिक में लक्ष्य पदक का रंग बदलने का है।

### घरवालों को नहीं लगी खेल के अभ्यास की खबर

हॉकी खिलाड़ी प्रीति पाल ने बताया कि बहुत दिनों तक घर में अभ्यास के बारे में पता ही नहीं चला। जब एक प्रतियोगिता में मेरठ जाने की बात हुई तो घर वालों को खबर हुई। हांगझोऊं एशियन गेम्स में चौथा स्थान मिलने के बाद लगा कि ओलंपिक में पदक की राह आसान नहीं होगी। पेरिस में एक नहीं दो स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता। आगे भी पदक जीतने का लक्ष्य है।

## एक नजर

### पी गुरुप्रसाद को आवास विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण के सोमवार को सेवानिवृत्त होने के कारण यह पद रिक्त हो गया था। इसके अलावा साधना श्रीवास्तव को निदेशक कोषागार का प्रभार सौंपा गया है। सोमवार को ही इस पद पर तैनात रहे नीलमणि के कोषागार निदेशक के पद से सेवानिवृत होने के कारण यह पद रिक्त हुआ था।

### सपा आज से शुरू करेगी न्याय साइकिल यात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी में गांधी जयन्ती 02 अक्टूबर 2024 से मुलायम सिंह की पुण्यतिथि तक संविधान बचाओ, पीडीए सामाजिक न्याय साइकिल यात्रा चलेगी। यात्रा आजमगढ़ में जिला सपा कार्यालय से शुरू होकर 10 अक्टूबर को अयोध्या में संपन्न होगी। यात्रा को सांसद धर्मेन्द्र यादव व विधायक दुर्गा प्रसाद यादव हरी झंडी दिखाएंगे। यात्रा का समापन अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद द्वारा किया जाएगा।

### नीट यूजी : सीट लॉक नहीं की, 554 अभ्यर्थी हुए बाहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीट यूजी की दूसरी काउंसिलिंग में सीट लॉक न होने की वजह से 554 अभ्यर्थियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा मंगलवार को रैंक समेत अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है। मालूम हो कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों से ऑन लाइन प्राथमिकताएं लेने के दौरान सीट लॉक नहीं होने पर, सीट सुरक्षित नहीं मानी जाती है।

### सहकारी समिति के नामांकन रद्द कराने के लिए लिखा पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कासगंज के न्यौली में गन्ना विकास समिति के चुनाव में कराए गए नामांकन रद्द कराने की मांग सपा ने की है। सहकारी समिति के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि बीते दिनों 27 सितंबर को गन्ना विकास समिति के चुनाव में भाजपा ने नियमों के विपरीत गलत ढंग से नामांकन कराया है। शिकायत का तत्काल प्रभाव निस्तारित करते हुए नामांकन निरस्त किया जाए।

### चार सहायक निदेशक बने उप निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास विभाग में मंगलवार को चार सहायक निदेशक आलोक कुमार, अमित कुमार मद्धेशिया, रत्नाकर सिंह व किशन स्वरूप पदोन्नति पाकर उप निदेशक बन गए हैं।

## उत्तर प्रदेश कैबिनेट के फैसले

# फिर से शुरू होंगे बंद सिनेमाघर कई जिलों में खुलेंगे मल्टीप्लेक्स

## एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण एवं उच्चीकरण के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उप्र. में बंद पड़े सिनेमाघर को पुनः संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में जल्द से जल्द मल्टीप्लेक्स निर्माण को प्रोत्साहित करने, एकल स्क्रीन सिनेमाघरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने एवं संचालित सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना को मंजूरी प्रदान की है।

यह योजना 5 साल तक प्रभावी रहेगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बारे में बताया कि सिनेमाघर, मल्टीप्लेक्स द्वारा राजकोष में जमा की गयी एसजीएसटी से प्रस्तावित अनुदान दिया जायेगा, जिससे राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त व्यय भार नहीं आयेगा। इसके अलावा उप्र. महाधिवक्ता और विधि अधिकारी अधिष्ठान सेवा नियमावली 2009 में पंचम संशोधन और आबकारी नीति 2024-25 में संशोधन के साथ उप्र. श्रम कल्याण परिषद कर्मचारी सेवा नियमावली 2024 को मंजूरी दी गई।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति को मिली मंजूरी

योगी सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ करने और युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति, 2024' को लागू किया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि यह नीति प्रदेश में बढ़ती उच्च शिक्षा की मांग को पूरा करने के लिए निजी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इस नीति के अंतर्गत, प्रायोजक निकायों को स्टाम्प शुल्क में छूट, कैपिटल सब्सिडी, और विशेष लाभ प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में स्थान प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों को भी अतिरिक्त लाभ दिए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में मथुरा और मेरठ में दो नए निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। मथुरा में केडी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'राजीव मेमोरियल एकेडमिक वेलफेयर सोसाइटी' को आशय-पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार, मेरठ में विद्या विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 'विद्या बाल मण्डली' द्वारा 42.755 एकड़ भूमि पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है।

### सूचना प्रौद्योगिकी सेवा को उद्योग का दर्जा

राजय सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवाओं को उद्योग का दर्जा दिए जाने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आवासीय विकास प्राधिकरणों तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में औद्योगिक श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत भूमि को आईटी, आईटीईएस क्षेत्र की इकाइयों को औद्योगिक दर पर भूमि आवंटन की सुविधा प्रदान करने से आईटी, आईटीईएस इकाइयों को भूमि उपलब्धता में सुगमता होगी। प्रचलित दरों के अनुसार इस क्षेत्र के लिए विद्युत की लागत में लगभग 18 प्रतिशत की बचत होगी।

### मक्का, बाजरा व ज्वार की एमएसपी तय

राज्य सरकार ने मक्का, बाजरा और ज्वार का समर्थन मूल्य निर्धारित कर दिया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि मक्का की एमएसपी 2285 रूपये, बाजरा की एमएसपी 3431 और ज्वार की एमएसपी 2625 रूपये प्रति क्विंटल होगी। मक्के की 21 जिलों में ,बाजरा की खरीद 32 जिलों में और ज्वार की 11 जिलों में खरीद की जाएगी।

### किसानों की आय बढ़ाने को एग्रीस योजना को मंजूरी

किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव यूपी एग्रीस को भी मंजूरी प्रदान की। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि उप्र. में बुंदेलखंड और पूर्वोत्तर की प्रोडक्टिविटी पश्चिम की अपेक्षा कम रहती है। इसे बढ़ाने और नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को लाभ देना है। यह 28 जिलों में लागू होगी। झांसी, चित्रकूट, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्य, आजमगढ़, बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों में परियोजना लागू की जाएगी। यह परियोजना 4000 करोड़ की होगी और छह वर्षों के भीतर लागू होगी। इस वर्ष के बजट में 200 करोड़ का प्रावधान किया गया था। परियोजना में कुल मिलाकर 1166 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। परियोजना में विश्व बैंक द्वारा 2737 करोड़ रुपये लगाए जाएंगे। ऋण वापसी की अवधि पैंतीव वर्षों की होगी और ब्याजदर 1.23 प्रतिशत रहेगी।

**अन्य कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी**

- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सोलर पार्क विकसित होंगे।
- आगरा में नक्षत्रशाला साइंस सिटी व विज्ञान पाठ की स्थापना होगी।
- यूपी 112 में 380 नए वाहनों की खरीद को दी गई मंजूरी।
- 75 जिलों में 75 फॉरेंसिक मोबाइल वैन खरीदने को मंजूरी।
- लखीमपुर खीरी के गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर के लिए 19324.67 वर्ग मीटर भूमि पर्यटन विभाग को फ्री उपलब्ध करवाए जाने का प्रस्ताव।

# शिक्षामित्र-संविदा कर्मियों की हो सकती है वेतन वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार शिक्षामित्र, रसोइये, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और संविदा एवं आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे शिक्षा कर्मियों के मानदेय अथवा वेतन में बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के दफ्तरों एवं स्कूलों से मानदेय, संविदा, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर काम करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का ब्योरा तलब किया गया है।

दरअसल, केन्द्र सरकार ने पिछले माह अलग-अलग श्रेणी के श्रमिकों के दैनिक वेतन में वृद्धि करने की घोषणा की है। चूंकि कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार का भी प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों के साथ समझौता है कि केन्द्र के समान ही राज्य सरकार के सरकारी शिक्षक एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सरकारी उपक्रमों में कार्य करने वाले को भी वेतन भत्ता आदि दिया जाएगा। ऐसे में सेन्ट्रल पैरिटी की नीति अपनाते हुए शासन ने प्रदेश में नियमित के साथ मानदेय एवं संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक एवं अन्य कर्मियों के अलावा आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन पर कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों जिनमें आंगनवाड़ी कात्री तथा रसोइये भी शामिल हैं, के मानदेय/पारिश्रमिक या दैनिक वेतन में वृद्धि किए जाने पर विचार करना शुरू कर दिया है।

# संपत्ति का ब्योरा न देने वाले 39 हजार कर्मियों का रुका वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मानव संपदा पोर्टल पर 30 सितंबर तक अपलोड करना था संपत्ति का पूरा ब्योरा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक न करने वाले कर्मचारियों को नोटिस देने के साथ उनका सितम्बर माह का वेतन रोक लेगी। उप्र. के 39 हजार कर्मचारी ऐसे रहे जिन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर अंतिम दिन 30 सितंबर को भी अपलोड नहीं किया। इस बार आगे के लिए मोहलत भी नहीं दी गई है। सरकार ने उनकी वेतन रोकने का निर्णय लिया है।

फिलहाल, 827583 में से 7 लाख 88 हजार 506 कर्मचारियों ने ही जानकारी अपडेट की है। यानी 39077 कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्योरा नहीं दिया। दरअसल, उप्र. के 131748 यानी 15 फीसदी कर्मचारी 17 अगस्त को आदेश जारी होने से पहले ही संपत्ति की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर चुके थे। 31 अगस्त तक यह आंकड़ा बढ़कर 71 फीसदी हो गया।

अगस्त में जिन 29 फीसदी कर्मचारियों ने संपत्ति का ब्यौरा नहीं दिया था, उनका वेतन रोकने का आदेश जारी हुआ था। लेकिन गृह विभाग की मांग पर एक माह की मोहलत और दी गई थी। इसके बाद भी 39 हजार कर्मचारियों ने इस बाबत जानकारियां पोर्टल पर नहीं अपडेट कीं।

# बिजली कनेक्शन की दरे बढ़ाने के मामले में मांगा जवाब

**अमृत विचार , लखनऊ :** राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नए बिजली कनेक्शन की दरों के निर्धारण मामले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है।

उपभोक्ता परिषद ने 20 सितंबर को आयोग में शिकायत की थी कि पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक व अन्य उपभोक्ताओं के लिए कनेक्शन की दरें बढ़ाने की बात कही गई है। हालांकि, पावर कॉरपोरेशन की ओर से प्रस्ताव में उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन में छूट देने का दावा किया गया था। उपभोक्ता परिषद की शिकायत पर आयोग ने पावर कॉरपोरेशन से बिंदुवार विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने 50 किलोवाट के ऊपर हाईटेंशन लाइन पर कनेक्शन लेने के दौरान 'क्यूबिक इंफ्रास्ट्रक्चर' व ट्रांसफार्मर की व्यवस्था उपभोक्ता के स्तर पर किए जाने के प्रस्ताव पर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है।

# प्रदेश में 37 परियोजनाओं के निर्माण को रेरा ने दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद और निजी परियोजनाएं शामिल

**अमृत विचार :** लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गोरखपुर समेत अन्य बड़े शहरों में विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद समेत निजी बिल्डर 37 परियोजनाएं विकसित करेंगे। इनके निर्माण की उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने स्वीकृति देकर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि सितंबर माह में सबसे अधिक 37 नवीन परियोजनाओं के पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। इनमें विभिन्न विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद व निजी बिल्डरों की 27 आवासीय, सात व्यवसायिक व तीन मिश्रित वर्ग की परियोजनाएं हैं। गाजियाबाद में सात, लखनऊ में सात, गौतमबुद्ध नगर छह, मथुरा चार, झांसी तीन, प्रयागराज तीन, मेरठ दो, आगरा दो, बिजनौर, गोरखपुर व मुरादाबाद में एक-एक परियोजना बनेगी। लगभग 5,93,041 वर्ग मीटर भूमि पर 7,198 करोड़ रुपये का निवेश करके 11,281 आवासीय तथा व्यावसायिक इकाई का निर्माण और विकास कराया जाएगा।

संबंधित को निर्देश दिए हैं कि परियोजना की पंजीयन संख्या, विशिष्ट क्यूआर कोड, रेरा वेबसाइट व प्रोजेक्ट कलेक्शन खाता का विवरण सभी प्रकार के विज्ञापन, प्रचार-प्रसार सामग्री में प्रमुखता से उल्लेख करेंगे। साथ ही कार्यालय में प्रतिलिपि, साइट ऑफिस और निर्माण स्थल पर लगाने लगाए जाएंगे। इससे घर खरीदार और आमजन आसानी से परियोजना की जानकारी कर सकेंगे।

## वर्ग पहेली-209

**बाएं से दाएं**

2. जंगली भैंसा, वन्य पशु।
4. 1. हित या भलाई के विचार से किया गया कथन, हितवचन 2. वह विचारधारा जो हित
6. 1. यक्ष की स्त्री 2. यक्षिणी 3. दुर्गा की एक अनुचरी।
7. पान बेचने वाला व्यक्ति, पनवाड़ी, बरई, तंबोली।

**ऊपर से नीचे**

1. किसी विषय पर एक राय रखने वाले, समान विचार वाले, सहमत।
2. सूर्योदय के पहले का समय जब आसमान में लाली छा जाती है, उषाकाल, भोर, तड़का।
3. हस्तिनापुर का एक नाम।
4. 1. हिफ़ाज़त संबंधी 2. हिफ़ाज़त या रक्षा करने वाला।
5. 1. गहरा, बेहद करीबी, अंतरंग (मित्र) 2. जिगर संबंधी, जिगर का 3. हार्दिक, दिली 4. अभिन्न, घनिष्ठ।



### वर्ग पहेली -208 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बो | ■ | ■ | 2 अ | ■ | 3 ना |
| ड़ा | ■ | 4 अ | भि | रा | म |
| ■ | ■ | ■ | वं | ■ | ची |
| 5 ऐ | ■ | ■ | चि | ■ | न |
| 6 त | बी | य | त | ■ | ■ |
| बा | ■ | ■ | ■ | ■ | 7 छाँ |
| 8 र | हा | ई | ■ | ■ | टा |

## सुडोकू -122

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 1 | | 5 | 6 | | | 8 |
| 3 | | | | | 2 | | 4 | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 9 | | 1 | | 2 |
| | 6 | 3 | | | | 7 | 8 | |
| 1 | | 2 | | 3 | | | | 5 |
| | | 4 | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | | | | 6 |
| 6 | | | 7 | 4 | | 8 | 2 | |

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 3 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 3 अक्टूबर 00.18 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 12.23 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष:** आज आप उत्सव के मूड में रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का तनाव कम होगा। भविष्य की योजनाओं में आप निवेश कर सकते हैं। नए लक्ष्यों को निर्धारित करेंगे और उसमें काम भी करेंगे।

**वृष:** आज परिजनों का व्यवहार आपको खराब लग सकता है। इसके बावजूद भी आप लोगों का मनोबल बढ़ाने में काफी मदद कर सकते हैं। करियर को लेकर बड़े निर्णय लेने से बचें। फिर नकारात्मक विचारों में मन में न आने दें।

**मिथुन:** आज व्यवसाय में धीमेपन को लेकर थोड़ा चिंतित हो सकते हैं। माता-पिता से सलाह लेकर काम करना उत्तम होगा। बोलचाल के दौरान भाषा की मर्यादा का ध्यान रखें। अनावश्यक बोलने के कारण मजाक का पात्र बन सकते हैं।

**कर्क:** आज कई दिनों से जिस मामले को लेकर अनिर्णय की स्थिति में थे, उसको लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकार बढ़ेंगे। मानसिक तनाव में कमी आएगी।

**सिंह:** आज किसी आवश्यक कार्य के पूर्ण न होने से आप क्रोधित हो सकते हैं। धन उधार लेना आपको महंगा पड़ सकता है। अधिकारी वर्ग को आपके काफी अपेक्षा होगी। कारोबार को लेकर आपका अनुमान पूरी तरह से गलत सिद्ध हो सकता है।

**कन्या:** आज दैनिक दिनचर्या काफी उलझी हुई सी प्रतीत होगी। स्वास्थ्य को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। जीवनसाथी आपके प्रति समर्पित भाव रखेगा। कोई उलझा हुआ मामला सुलझ सकता है। मित्रों से शुभ सूचना मिल सकती है।

**तुला:** आज लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे। मित्रों के प्रति अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। किसी पर भी ज्यादा भरोसा करना घातक हो सकता है। यदि किसी प्रोग्राम का आयोजन कर रहे हैं तो बहुत ज्यादा सावधानी रखें।

**वृश्चिक:** आज रुके कार्यों में गति आएगी। भावनात्मक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों अपनी कूटनीति से विरोधियों को पस्त कर देंगे। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नए अनुभव मिलेंगे।

**धनु:** आज जॉब में काम का दबाव अधिक रहेगा। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े परेशान होंगे। आपके ऊपर सामाजिक उत्तरदायित्व बढ़ने वाला है। व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। आपको जो काम सोच रहे थे वो समय से पूरा हो जाएगा।

**मकर:** आज अपनी दिनचर्या में योग और व्यायाम को शामिल करें। आय के नए साधन तलाशने का प्रयास करेंगे। नए व्यापार की योजना बना सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस लौटाने का दबाव बन सकता है। अपने अंतर्मन की आवाज को अनसुना न करें।

**कुंभ:** आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में आप योगदान दे सकते हैं। व्यवसाय में फाइनेंस को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऑफिस में जूनियर्स की बातों से मन व्यथित होगा।

**मीन:** आज व्यापार में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पार्टनर्स के व्यवहार को लेकर जो समस्या थी उसे चर्चा द्वारा दूर कर लेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी से शानदार सहयोग मिलेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
संसार — सुबह : 09.08
सोच न था — रात : 07.19

**&pictures**
केदारनाथ — सुबह : 11.19
गदर — रात : 07.30

**Sony Pix**
वेनम — सुबह : 10.17
द डार्क नाइट — रात : 09.00

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं — दोपहर : 01.09
हीरो हिन्दुस्तानी — रात : 10.30

**Colors Cineplex**
स्पाइडर मैन 2 — सुबह : 11.03
टाइगर नागेश्वर राव — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

## एक नजर

### नीम के पेड़ पर फंदे पर झूला युवक, मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** सोमवार रात एक युवक ने अपने निजी ट्यूबवेल के पास नीम के पेड़ पर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम बिलौटा निवासी सुघर सिंह निषाद (24) पुत्र चंदन सिंह ज्यादातर अपने निजी ट्यूबवेल में ही रहता था। उसने सोमवार रात अपने ट्यूबवेल के पास ही एक नीम के पेड़ में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने बताया कि उनका बेटा शराब का लती था उसने एक बार पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। अभी पांच माह पूर्व उसकी शादी हुई थी। चौकीदार गौतम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फ़ील्ड यूनिट बुला साक्ष्य संकलन किया तत्पश्चात पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक शराब का लती था। प्रथम दृष्टया आत्महत्या ही लग रही है। बाकी जांच की जा रही है।

### फंदे पर झूली छात्रा, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** अज्ञात कारणों के चलते गांव में एक इंटर की छात्रा ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव परछछ निवासी सुरेश यादव की 17 वर्षीय पुत्री सविता मकान में छत में लगे कुंदे से रस्सी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई। मृतका का एक भाई दो बहनों में छोटी थी। वह कक्षा 12 की छात्रा थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**राठ (हमीरपुर)।** तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना के बाद घायल हुई महिला ने लोडर चालक पर जानबूझकर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लोडर चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव निवासी मालती पत्नी विक्रम ने कोतवाली में घटना की तहरीर देकर बताया कि वह गांव के ही प्रेमनारायण के साथ बाइक पर बैठ कर जा रही थी। तभी उसी दौरान लोडर चला रहे, गांव के ही एक युवक ने जानबूझकर उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया कि बाइक की टक्कर लगने से वह और प्रेम नारायण सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोडर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### सर्प के डसने से तीन बकरों की मौत

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थाना क्षेत्र के उजनेड़ी गांव के मजरा शिकरी गांव के फूल सिंह पुत्र राम बहादुर के बाड़े में बंधे तीनों बकरों को सोमवार की रात सर्प ने डस लिया जिससे तीनों बकरों की मौत हो गई। सुबह घटना की जानकारी हो सकी। बकरों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें दफना दिया। पशुपालक फूल सिंह ने बताया कि सुबह काला सर्प वहीं बैठा था। उसे मार कर बकरों के साथ दफना दिया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी देवेन्द्र सचान ने बताया सर्प के डसने से तीन बकरों की मौत हो गई थी। पशुपालक की सूचना पर तीनों बकरों का पोस्टमार्टम किया गया है।

### नवरात्र में मांस-मछली की दुकानें बंद करवाने की मांग

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के हिंदू समाज ने नवरात्र पर नगर के मंदिरों और मूर्ति पंडालों के एक किलोमीटर के क्षेत्र से मांस मछली की दुकानों को बंद करने के लिए ज्ञापन दिया। नगर संयोजक सिद्धार्थ सिंह, सह संयोजक हर्षित शिवहरे, प्रखंड संयोजक अभिषेक कुमार के नेतृत्व में यह ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने प्रशासन से मांस की सभी दुकानों को बंद करने और पूरे समय बिजली आपूर्ति के लिए कहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने किया धरना प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी, एजूकेटरों की भर्ती के विरोध में छह सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी केंद्रों में एजूकेटरों की भर्ती का विरोध करते हुए सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी की। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अमिता श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष शशि त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एजूकेटर भर्ती के विरोध में कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि एजूकेटर का कार्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पहले से ही किया जा रहा है। फिर सरकार नई भर्ती क्यों कर रही है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में मांग की है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी के दर्जा दिया जाए, कार्यकत्री को 10 हजार एवं सहायिका को 9 हजार मानदेय व अन्य सुविधा प्रदान की जाए, पोषाहार हॉट कुक्ड, फूड निधि वितरण की व्यवस्था कोटेदार, एसएसजी, ग्राम प्रधान एवं हेड मास्टर आदि व्यवस्था में न उलझाकर किसी एक व्यवस्था द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकत्रियों को सीधे उपलब्ध कराया जाए, मिनी कार्यकत्री का पद अपग्रेड करके सामान किया जाए, 62 वर्ष आयु सेवा उपरांत सेवानिवृत पर एक मुस्त फंड 10 लाख की धनराशि और आजीवन पेंशन की व्यवस्था किए जाने आदि मांगें शामिल रही। इस मौके पर रजनी,साधना, हेमा गुप्ता, ममता, कमलेश, हेमलता, रानी देवी, आशा, अंजू रानी, संगीता, निशा, सीमा, नीलम सहित सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका मौजूद रहीं।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर नारेबाजी करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

- कार्यकत्रियों ने शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग उठाई
- कहा, कार्यकत्री को 10 हजार, सहायिका को 9 हजार मानदेय दें

# स्वास्थ्य विभाग में लगे सभी सुरक्षा गार्ड हटाने पर जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



डीएम को ज्ञापन देने जाते सुरक्षा गार्ड। अमृत विचार

- कहा, सिक्योरिटी लेकर की गई थी गार्डों की तैनाती
- जिलाधिकारी से की विभाग में ही समायोजन की मांग

**अमृत विचार।** जिले भर के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सुरक्षा गार्डों को बिना कारण हटाने से उनमें आक्रोश है। सुरक्षा गार्डों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप विभाग में समायोजित करने की मांग की है। स्वास्थ्य विभाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ, सरीला, मौदहा व जिला अस्पताल में कार्यरत सुरक्षा गार्डो में अंशुल तिवारी, अभिलाष, मानवेन्द्र सिंह, रबीन कुमार, संदीप कुमार, पुष्पेंद्र, मिथुन, ज्ञानेंद्र आदि ने दिए ज्ञापन आरोप लगाया कि बीते 11 अप्रैल 2023 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डेढ़ लाख रुपये बतौर सिक्योरिटी लेकर सुरक्षा गार्डो की जिले भर में नियुक्ति की थी।

नियुक्ति के दौरान संविदा के आधार पर स्थायी नियुक्ति करने व लिखित में 16 हजार 424 रुपये देने का लिखित में आश्वासन दिया था। इसके बावजूद समस्त सुरक्षा गार्डो को हर माह 10 हजार 200 रुपये मानदेय दिया गया।

नियमित कार्य के उपरांत सीएमओ ने बिना किसी कारण के बीते 30 सितंबर को हटा दिया है जिससे उनके परिवार भुखमरी की कगार पर हैं। बताया कि उनके स्थान पर मुख्य चिकित्साधिकारी अब पूर्व सैनिकों को रखेंगे। उन्होंने जिलाधिकारी से विभाग में समायोजित करने की मांग की है।

# लकड़बग्घे का झुंड देख लोगों में दहशत व्याप्त

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में करोड़न नाला की तरफ आबाद बस्ती के किनारे लकडबग्घों का झुंड देखकर लोगों में दहशत फैल गयी। लोगों ने उनको कैमरे में कैद करके सोशल मीडिया में वायरल किया है। वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वन विभाग किसी भी जंगली जानवर के होने से इनकार कर रहा है।

कस्बे के वार्ड संख्या तीन के समीप से कड़ोरन नाला गुजरता है। इस नाले के आसपास बहुतायत में कटीली झाड़ियां है। इन्हीं झाड़ियों के मध्य तमाम जंगली जानवर अपना आशियाना बनाए हैं। मंगलवार को नाले किनारे गए चरवाहे प्रदीप कुमार, संदीप, आकाश आदि ने झाड़ियों के मध्य से निकले लकड़बग्घे के परिवार को कैमरे में कैद करके सोशल मीडिया पर वायरल कर आगाह किया है। दिनदहाड़े इनके स्वच्छंद विचरण से लोगों में दहशत है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इनकी संख्या चार थी और यह दोपहर में बस्ती के करीब शिकार की तलाश में इधर से उधर भटक रहे थे। बांकी मार्ग के निवासी सुनील यादव, नरेश सैनी, परसन पाल, सुशील शिवहरे आदि ने बताया कि यह काफी दिनों से नजर आ रहे हैं लेकिन किसी तरह का नुकसान लोगों को नहीं पहुंचाया है। वन रेंज कार्यालय की काम्बिंग टीम ने बताया कि वह दो दिनों से करोड़न नाला के आसपास काम्बिंग कर रहे हैं। किसी भी जंगली जानवर के मौजूद होने की साक्ष्य हाथ नहीं लगे हैं।



सियार के हमले में घायल पुष्पा।

### बकरी चराने गए दंपति पर सियार ने किया हमला

**मौदहा (हमीरपुर)।** सिसोलर थाना क्षेत्र के टोला गांव निवासी रामस्वरूप ने बताया कि वह पत्नी पुष्पा के साथ बकरियां चराने खेत गए थे। जहां एक सियार ने पहले उस पर हमला किया। वह अपने हाथ में डंडा लिए हुए था। उसने उस पर वार किया। लेकिन डंडा हाथ से छूट गया, जिससे सियार ने उसकी पत्नी पुष्पा पर हमला कर कई जगह काट लिया। उसके हाथ की एक उंगली पूरी काट दी। उसे कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। इस संबंध में ग्राम प्रधान राजू निषाद ने बताया कि अरहर के खेतों में सियार छुपे रहते हैं और अचानक किसानों पर हमला करते हैं।

# नायब तहसीलदार ने की बरौली खरका में तिल की क्रॉप कटिंग

संवाददाता, सरीला(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** फसल उपज की पैदावार अनुमान के लिए मंगलवार को नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने क्षेत्र में बरौली खरका गांव के खेतों में पहुंच कर तिल फसल की क्रॉप कटिंग की। उन्होंने किसान जगत राज के तिल के खेत में जाकर किसान की मौजूदगी में किसान से हंसिया छीनकर स्वयं दस मीटर की भुजा वाले समबाहु त्रिभुज के क्षेत्रफल की फसल काटने लगे तो यह देखकर कानूनगो लखन लाल व लेखपाल कुमार गौरव भी फसल काटने लगे। तिल की फसल काटने के बाद तिल की फली भी नायब तहसीलदार ने स्वयं तोड़ी। लेखपाल, कानूनगो व अन्य किसानों ने तिल की हरी फ़ली को तने से अलग करने में मदद की। नायब तहसीलदार ने बताया कि हरी फली का वजन तौला गया जो 5.4 किलो निकला। फसल सामान्य से कम होने पर फसल क्षति की सूचना ऑनलाइन सीसीई एग्री एप के माध्यम से प्रेषित की गई। तिल की फसल में क्षति पाए जाने पर ऑनलाइन रिपोर्ट प्रेषित की गई। मौके पर बीमा कंपनी के प्रतिनिधि व अन्य किसान मौजूद रहे।



खरका गांव में तिल की कटिंग करते नायब तहसीलदार। अमृत विचार

- फसल सामान्य से कम होने पर क्षति की सूचना ऑनलाइन एप के माध्यम से प्रेषित की गई

# सीज किए गए तीन ऑटो 115 के काटे गए चालान

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पुलिस के समझाने बुझाने के बाद भी रेलवे स्टेशन में जाकर सवारियां भरने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ मंगलवार को यातायात प्रभारी ने सघन अभियान चलाकर तीन ऑटो सीज किए और 115 वाहनों का चालान किया। इससे ऑटो चालकों में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि कुछ ऑटो चालक रेलवे स्टेशन पहुंचकर जबरिया सवारियां भरते हैं। इससे ई रिक्शा चालक परेशान होते हैं। इसको लेकर कई मर्तबा ऑटो चालकों एवं ई रिक्शा चालकों के मध्य विवाद भी हुआ है। पुलिस कई मर्तबा ऑटो चालकों को रेलवे स्टेशन जाकर सवारियां भरने से मना भी कर चुकी है। इसके बाद भी ऑटो चालक रेलवे स्टेशन पहुंचकर सवारियां भरते हैं। तीन दिन पूर्व इसी बात को लेकर ऑटो चालकों एवं ई रिक्शा चालकों में विवाद भी हुआ था। इससे स्टेशन मार्ग में जाम लग गया था।

यातायात प्रभारी हरेंद्र सिंह ने कस्बे में सघन अभियान चलाकर तीन ऑटो सीज करके 115 का चालान किया है। इससे ऑटो चालकों में दिनभर हड़कंप मचा रहा। यातायात प्रभारी की इस कार्रवाई से ई-रिक्शा संघ ने राहत की सांस ली है।



सुमेरपुर में वाहनों की चेकिंग करते यातायात प्रभारी।

## सार-संक्षेप



वॉलीबाल प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र। अमृत विचार

### वॉलीबाल में बालकों में बांदा व बालिकाओं में हमीरपुर विजेता

**मौदहा (हमीरपुर)।** इचौली गांव स्थित चौधरी पहलवान सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित मंडलीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में चित्रकूट धाम मंडल के बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट जनपद की वॉलीबाल टीमों ने भाग लिया। मंडलीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में बालकों के पहले सेट का मैच हमीरपुर व महोबा के बीच खेला गया जिसमें महोबा ने हमीरपुर टीम को 3–1 से हराया। दूसरा मैच बांदा व हमीरपुर के बीच खेला गया जिसमे बांदा ने हमीरपुर को 3–2 से हराया। वहीं बालिकाओं का पहला मैच बांदा व हमीरपुर के बीच खेला गया जिसमें बांदा ने हमीरपुर को 2–1 से हराया। दूसरा सेट महोबा व हमीरपुर के बीच खेला गया जिसमें हमीरपुर ने महोबा को 3–2 दो से हराया। तीसरा सेट हमीरपुर व चित्रकूट के बीच खेला गया जिसमें हमीरपुर ने चित्रकूट को 2–1 से हराया। बालक वर्ग में बांदा टीम विजेता व बालिका वर्ग में हमीरपुर विजेता रही। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी ऋषिराज सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, पीटीआई शैलेन्द्र सिंह, हर्ष राज सिंह, अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवक ने खुद को गोली से उड़ाया

**हमीरपुर।** थाना बिवांर के लदार गांव में एक युवक ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाने की कुनेहटा पुलिस चौकी में मनसुख यादव पुत्र राम आसरे ने सूचना दी कि उसके छोटे भाई सबल यादव (40) पुत्र राम आसरे ने अपने भाई मंगल यादव के घर के अंदर अवैध तमंचे से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। बिवांर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को मोर्चरी हाउस भिजवाया है। साथ अवैध तमंचा 315 बोर बरामद किया है। मौके पर फॉरेंसिक टीम मौजूद है साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।

### वृद्ध के हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** पुलिस ने मंगलवार को पारा मोड़ से बिरखेरा गांव में गत 23 सितंबर को हुई वृद्ध के हत्यारोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। गत 23 सितंबर की सुबह बिरखेरा गांव में दरवाजे के सामने पड़ी मिट्टी हटाने को लेकर हुए विवाद में वृद्ध गोपी पाल (85) को लाठियां से पीटकर लहूलुहान कर दिया गया था। गोपी ने उसी दिन दोपहर में सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। मृतक के पुत्र ने गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा कराया था। पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी को आलाकत्ल लाठी के साथ घटना के दूसरे दिन गिरफ्तार किया था अब पुलिस ने हत्या के दूसरे आरोपी उदित नारायण को सुबह पारा मोड के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय में प्रस्तुत किया है। यहां से उसे जिला जेल भेजा गया है। अभी दो नामजद आरोपी गांव से फरार है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

### राजकीय ज्वार क्रय केंद्र का मंडी समिति में संचालन शुरू

**कुरारा (हमीरपुर)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में राजकीय ज्वार क्रय केंद्र का संचालन मंगलवार से प्रारंभ हो गया। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से इस वर्ष ज्वार क्रय के लिए दो केंद्र स्थापित किए गए हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में इस बार राजकीय ज्वार क्रय केंद्र खोले गए हैं। केंद्र प्रभारी सुनील कुमार व मोबिन अहमद बनाए गए हैं। इन केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के किसानों के ज्वार की खरीद सरकारी दर पर को जाएगी। दोनों केंद्रों पर खरीद के लिए बैनर लगाए गए हैं। केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि ज्वार खरीद के लिए किसानों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। तभी ज्वार की तौल हो पाएगी। ज्वार का समर्थन मूल्य हाइब्रिड ज्वार का 3371 रुपये प्रति क्विंटल तथा ज्वार माल दंडी का मूल्य 3421 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। ज्वार बिक्री का भुगतान किसान के खाते में किया जाएगा। ज्वार की खरीद एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक की जाएगी।

### वृद्ध की हत्या के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के बिरखेरा गांव में वृद्ध की हत्या के मामले में फंसे लोगों के परिजनों ने मंगलवार को एसपी को पत्र सौंपा और मामले की उच्च अधिकारी से जांच कराने की मांग की। बिरखेरा गांव निवासी राम दुलारी ने पत्र में बताया कि बीते 23 सितंबर को गांव के गोपीलाल की लाठी डंडों से पीट–पीट कर हत्या कर दी गई थी, जिसमें वादी ने उनके पति व उनके अन्य दो भाइयों उदित नारायण व मूलचन्द्र के विरुद्ध थाना सुमेरपुर में रिपोर्ट लिखाई थी। बताया कि पुलिस ने मुख्य आरोपी मूलचन्द्र व सह अभियुक्त उदित नारायण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया कि मात्र गांवदारी की पार्टी बंदी व रंजिश के कारण उनके पति सदासुख व उनके भाई जयकरन उर्फ पतंगी के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। कहा कि उनके पति का उपरोक्त घटना से कोई वास्ता व सरोकार नही है। उन्होंने मामले की उच्च अधिकारी से जांच कर उनके पति व भाई को मुक्त करने की मांग की है।

### संदिग्ध हालात में महिला की बिगड़ी तबीयत, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाना अंतर्गत कुछेछा गांव निवासी आशा पत्नी वीरेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई।

# अस्पताल में वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौसम बदलाव आने से नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी है। वायरल बुखार के मरीजों की संख्या सर्वाधिक थी। मंगलवार को ओपीडी में 248 मरीजों का उपचार किया गया।

बीते कुछ दिनों में हुई बारिश के बाद मंगलवार को सुबह से आसमान बिल्कुल साफ नजर आया। सुबह से चटख धूप खिलने से किसानों के चेहरे चमकने लगे हैं। वहीं इस बदलाव से वायरल बुखार के मरीजों में जोरदार इजाफा हुआ है। सुबह ओपीडी खुलते ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार को ओपीडी में 248 मरीजों का उपचार किया गया। ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डॉ.तरुण पाल, डॉ.परवेज अहमद कादरी, डॉ.शमा परवीन, डॉ.विंदेश वर्मा ने बताया कि सर्वाधिक मरीज खांसी, जुकाम, बुखार के आ रहे हैं। मरीजों को उपचार के साथ खानपान में सावधानी बरतने की सलाह भी दी जा रही है।

# शिक्षकों के समय से न आने से पढ़ाई बाधित

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भैंसापाली गांव के मजरा पाली के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक समय से न पहुंचने पर ग्रामीणों ने खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत की है।

क्षेत्र के भैंसापाली गांव के मजरा पाली गांव के ग्रामीण बाबू चरन, अरविंद कुमार आदि ने बताया कि गांव के प्राथमिक विद्यालय में अध्यापकों के आने का कोई समय नहीं है। जिससे छात्र छात्राओं का भविष्य अंधेरे में जा रहा है। बताया कि विद्यालय में शिक्षा सही न मिलने पर गांव के अधिकांश लोगों ने अपने बच्चों का दाखिला कस्बा के प्राइवेट विद्यालयों में करवा दिया है। जिससे विद्यालय के छात्र छात्राओं की संख्या कम होती जा रही है। जब इस बाबत में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल से बात की तो उन्होंने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



पाली के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक की खाली पड़ी कुर्सी। अमृत विचार

**दिशा-निर्देश** त्योहारों को लेकर जिला स्तरीय पीस कमेटी की हुई बैठक, पंडालों में सीसीटीवी लगाने व आग से रोकथाम के उपाय को कहा

# परंपरागत ढंग से भाईचारे के साथ मनाएं नवरात्र, दशहरा, दीवाली

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र, दशहरा व दीपावली पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा पर्व से संबंधित जुलूस, मूर्ति स्थापना व अन्य कार्यक्रम परंपरागत ढंग से भाईचारे के साथ आयोजित किए जाएं। पंडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाए जाएं व आग से रोकथाम के प्रबंध रखे जाएं।

उन्होंने कहा कि पंडालों के आसपास तथा अन्य स्थलों पर जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त करें व विसर्जन स्थल को बैरीकेड किया जाए। साथ ही वहां गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। डीजे में किसी भी प्रकार से धार्मिक उन्माद फैलाने वाले अथवा फूहड़ संगीत न बजे। रात्रि में किसी भी दशा में विद्युत कटौती न हो। जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर अच्छे ढंग से बैरीकेड कर दिए जाएं। आबादी क्षेत्र में पटाखे की दुकान नहीं होनी चाहिए। हर्ष फायरिंग किसी भी दशा में न होने पाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम व सीओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी जहां पूर्व में किसी भी प्रकार की घटना घटित हुई है वहां पर विशेष ध्यान दें। आयोजक जिला प्रशासन से अनुमति अवश्य लें। मूर्ति विसर्जन स्थल पर पहले से ही पर्याप्त गड्ढा व पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। जुलूस के मार्ग, विसर्जन स्थल आदि का सभी एसडीएम, सीओ, एसएचओ द्वारा निरीक्षण कर लिया जाए।

जुलूस, शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन का कार्य परंपरागत ढंग व पूर्व निर्धारित स्थलों में आयोजित किया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह न फैलाई जाए। सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन और जुलूस एवं मूर्ति स्थापना के लिए संबंधित थाने तथा एसडीएम से अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए। बैठक में अधिकारी व थानेदार मौजूद रहे।



पीस कमेटी की बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

### जिलाधिकारी ने रक्तदान कर लोगों को किया जागरूक

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला पुरुष अस्पताल में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में जाकर रक्तदान किया। जिलाधिकारी ने लोगों से रक्तदान जैसे शुभ कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। कहा रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। इससे विपरीत परिस्थितियों में लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमओ डॉ गीतम सिंह मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी

**हमीरपुर।** मंगलवार से 31 अक्टूबर तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आंबेडकर पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं रमेड़ी संकुल स्कूल में सीएमओ डॉ .गीतम सिंह ने संचारी रोग नियंत्रण में योगदान देने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने गांव, ब्लॉक, जनपद और देश को रोग मुक्त करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही व्यक्तिगत साफ सफाई, समुदाय को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। बुखार से पीड़ित को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने को प्रेरित किया।

# जर्जर स्थिति में हैं जिले के 192 परिषदीय स्कूल भवन

संजय साहू, चित्रकूट


प्राथमिक विद्यालय मटियारा का जर्जर भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के पांचों ब्लाकों के परिषदीय स्कूलों के 192 भवन जर्जर हैं। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि पीडब्लूडी के असिस्टेंट इंजीनियर और अन्य विभागीय लोगों के सर्वे के बाद ये भवन ध्वस्तीकरण के योग्य पाए गए हैं। सूची में नगर क्षेत्र के पांच स्कूल भी शामिल हैं।


बीएसए बीके शर्मा।

गौरतलब है कि जिले में लंबे अरसे से तमाम स्कूली बिल्डिंगों की स्थिति को लेकर सवालिया निशान लगाए जा रहे थे। बीएसए ने बताया कि इस संबंध में पांचों ब्लाकों के बीईओ के माध्यम से रिपोर्ट मांगी गई थी। इसके बाद संबंधित विभागों के अभियंताओं ने भी भवन की गुणवत्ता और वर्तमान स्थिति की जांच की। इसके बाद इन भवनों को पूरा या आंशिक ध्वस्तीकरण के योग्य पाया गया। सूची के मुताबिक, विकास खंड पहाड़ी के 24 भवनों का ध्वस्तीकरण किया जाएगा। इसके अलावा रामनगर के 20, चित्रकूट 66, मानिकपुर 64, नगर क्षेत्र के पांच, मऊ के 13 विद्यालय शामिल हैं।

- सर्वे के बाद इन सभी को पाया गया ध्वस्त कर देने के योग्य

### 90 भवन पूर्ण ध्वस्त के योग्य

बीएसए ने बताया कि सर्वे के अनुसार लगभग 90 भवन टीम ने पूर्व ध्वस्तीकरण के योग्य पाए गए हैं। इनके अलावा अन्य में या तो क्लास रूम या फिर किचन जर्जर मिले हैं।

### नगर के ये स्कूल हैं जर्जर

सूची के अनुसार, नगर क्षेत्र के सीनियर बालिका विद्यालय, कंपोजिट विद्यालय सीतापुर-2 के संपूर्ण भवन जर्जर हैं। इनके अलावा कंपोजिट विद्यालय नया बाजार, तरौंहा, सीतापुर-1 के भवनों को आंशिक रूप से ध्वस्तीकरण के योग्य पाया गया है।

### कहीं प्राथमिक तो कहीं कंपोजिट विद्यालय जर्जर

सूची में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। चित्रकूट में 53 प्राथमिक, सात कंपोजिट और पांच उच्च प्राथमिक के अलावा एक इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल और पहाड़ी में 20 प्राथमिक, दो कंपोजिट और दो उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन जर्जर हालत में हैं। रामनगर ब्लाक में 12 प्राथमिक, तीन उच्च प्राथमिक और पांच कंपोजिट स्कूल, मानिकपुर में छह पूर्व माध्यमिक, 50 प्राथमिक, पांच उच्च प्राथमिक और चार कंपोजिट स्कूल भवन हैं। मऊ ब्लाक में 11 प्राथमिक, दो पूर्व माध्यमिक विद्यालयों को जर्जर पाया गया है।

# संतान करे परेशान तो करें थाने में शिकायत: जिलाधिकारी

चित्रकूट कार्यालय



वरिष्ठ नागरिक का सम्मान करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने वृद्धों से कहा कि अगर संतान परेशान करे तो शिकायत थाने में करें।

जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और केंद्र व प्रदेश सरकारों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 70 वर्ष से ऊपर आयु के सभी लोगों को पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य लाभ लेने की योजना लागू की है। कई पेंशन योजनाएं भी हैं। अगर आपकी संतान परेशान करती है तो एक अधिनियम है। तहसील, थाना या कलेक्ट्रेट में आकर बता सकते हैं। उन्होंने अपने कानपुर में कार्यकाल के दौरान वृद्धों के लिए किए गए काम याद किए। बताया कि इसी मॉडल पर जिले में भी काम कराया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का संबंधित विभागों से निस्तारण कराएं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रताप नारायण श्रीवास्तव ने आयोजन की सराहना की। इस बात पर चिंता जताई कि माता-पिता को बच्चे घर से बाहर निकाल दे रहे हैं। इसको दूर करने में मिलकर सहयोग करें जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्रम्, स्मृति चिह्न व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जगबली सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, जागेश्वर सिंह, गोकुलेश ओझा, नरेश गुप्ता, मधुसूदन मिश्रा, भुवनेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### चित्रकूट के युवा का डाटा प्रोसेसिंग डिवाइस में पेटेंट

**मऊ।** कस्बा निवासी शशिशेखर मिश्र को डाटा प्रोसेसिंग डिवाइस में अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट मिला है। शशिशेखर वर्तमान में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थ नगर के राजा शिवपति सिंह डिग्री कालेज, शोहरतगढ़ में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। शशिशेखर त्रिभुवन विश्वविद्यालय नेपाल का युवा प्रोफेसर अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार व नेशनल इनोवेटिव टीचर्स अवार्ड (इनोवेटिव टीचर्स ग्रुप आफ इंडिया) भी प्राप्त कर चुके हैं| उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त कर बधाई दी है|


शशिशेखर मिश्र।

### दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर लगा

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** बेसिक शिक्षा विभाग चित्रकूट ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग बच्चों के शिविर लगाया। बीएसए बीके शर्मा ने बताया कि इसमें 45 बच्चों का नामांकन किया गया और 31 छात्र-छात्राओं के प्रमाणपत्र बनाए गए। 12 को चिकित्सक दल ने अयोग्य पाया। दो बच्चों को उच्च मेडिकल संस्थान में रिफर किया गया। बताया कि अभी ऐसे पांच मेडिकल कैंप और लगाए जाएंगे। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे दिव्यांग बच्चों को शिविर में लाकर लाभ उठाएं।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** मारकुंडी पुलिस ने नाबालिग से दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में 26 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। एसओ ने आरोपी सुकेन पुत्र स्व. सुंदर उर्फ सुंदरवा कोल निवासी ग्राम गोपीपुर करौंहा की गिरफ्तारी के लिए एसएसआई शैलेंद्र चंद्र पांडेय को निर्देशित किया था। 27 सितंबर को पीड़िता स्वयं आ गई थी। पुलिस के अनुसार, मेडिकल परीक्षण कराकर उसके न्यायालय के समक्ष बयान कराए गए। एक अक्टूबर को सुकेन को गिरफ्तार किया गया।

# जिले में लगेंगे 12 हजार सोलर रूफ टॉप संयंत्र

## जिलाधिकारी ने की समीक्षा, प्रचार प्रसार कराने के दिए निर्देश

चित्रकूट कार्यालय


सोलर संयंत्र संबंधी बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी और सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की। परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव ने बताया कि जिले को कुल 12 हजार घरों में ऑन ग्रिड सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

उन्होंने बताया कि नगर पालिका और नगर पंचायतों को कुल 10 हजार 800 घरों का लक्ष्य है। एक से 10 किलोवाट क्षमता के संयंत्र का अनुमानित मूल्य प्रति किलोवाट लगभग 60 से 65 हजार रुपये आता है। इसमें केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा प्रति किलोवाट के अनुसार अनुदान भी दिया जा रहा है। संयंत्र स्थापना के लिए प्रति किलोवाट 10 वर्ग मीटर छायारहित छत की आवश्यकता होती है। एक किलोवाट के संयंत्र से औसतन प्रतिदिन पांच यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। बताया कि इसके तहत कई बैंकों द्वारा ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देश दिए कि अभियान चलाकर योजना का प्रचार-प्रसार कराया जाए। जो आवेदन पत्र आए हैं, उनके यहां पर संयंत्र लगवाया जाए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को भी कर्मचारियों को इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया कि यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। इसमें अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम आदि अधिकारी और वेंडर मौजूद रहे।

# वन विभाग की जमीन के संबंध में बैठक करने के दिए निर्देश

चित्रकूट कार्यालय

- तीर्थ विकास परिषद और पर्यटन के कामों की समीक्षा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को तीर्थ विकास परिषद तथा पर्यटन विभाग के कामों की समीक्षा की। कहा कि वन विभाग से एयरपोर्ट को दी जाने वाली जमीन के संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी एवं उप जिलाधिकारी मानिकपुर बैठक करें।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड/पीएमजीएसवाई को लक्ष्मण पहाड़ी के पीछे की सड़क के लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड पीएमजीएसवाई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि तीर्थस्थलों को जोड़ने वाली छह सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अनुमोदन प्राप्त होने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि सरकारी धन को प्राइवेट समितियों में किस आधार पर लगाया गया है, क्या एमएयू पर हस्ताक्षर कराया गया है, इसकी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ईओ को निर्देशित किया कि यूपीटी तिराहे से रामघाट के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्थल चिह्नित करें। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, एयरपोर्ट डायरेक्टर विनय गागले, संयुक्त महाप्रबंधक राइट्स लिमिटेड शिव प्रकाश लाल आदि मौजूद रहे।

### तीन शातिरों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने तीन शातिरों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। पुलिस ने गुंडागर्दी के आरोप में बाबू उर्फ मनोज यादव, नीलू उर्फ विनोद यादव, लाखनलाल उर्फ लखना और भरतलाल यादव पुत्रगण राजाराम उर्फ रज्जन निवासी चकला गुरुबाबा चौकी शिवरामपुर पर धारा 129 बीएनएसएस की कार्रवाई की।

## सार-संक्षेप


प्रयागराज में सम्मान प्राप्त करते संस्था के संस्थापक अनुज हनुमत।

### समाजसेवी संस्था को मिला सम्मान

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** प्रयागराज में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के स्थापना दिवस पर जिले की समाजसेवी संस्था परहित सेवा संस्थान को सम्मानित किया गया। संस्था को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में आदिवासी इलाकों में पाठा की पाठशाला जैसे प्रभावी कार्यक्रम चलाने और कोविड के दौरान चित्रकूट जनपद में आदिवासी परिवारों को राशन सामग्री एवं मेडिकल किट पहुंचाने के लिए मिला है। संस्थान के प्रबंधक एवं प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत ने यह सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम में आचार्य सतानंद, हाईकोर्ट बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष इंद्र कुमार चतुर्वेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंद्रिका पांडेय और इलाहाबाद विश्विद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने व गायक मिश्रा बंधुओं ने भी संस्थान के कार्यों की सराहना की।

### प्रभु श्रीराम का जन्म होते ही लगाए जयकारे

**राजापुर (चित्रकूट)।** तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी के आयोजकत्व में सोमवार रात भगवान राम के प्राकट्योत्सव की लीला का मंचन हुआ। जैसे ही प्रभु राम का जन्म हुआ पूरा पांडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। कमेटी के प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि सन् 1860 से प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। अशोक द्विवेदी, शंकर दयाल जायसवाल, प्रशांत तिवारी, अनिल त्रिपाठी, राधेश्याम सोनी, सतीश मिश्रा, दीपक जायसवाल, मन्नू सोनी आदि रहे।


प्रभु के स्वरूपों की आरती की गई।

### आत्मनिर्भर भारत पर विद्यार्थियों ने रखे विचार

**मऊ (चित्रकूट)।** श्रीशंकर भगवान इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को आत्मनिर्भर भारत विषयक परिचर्चा हुई। इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने अपने विचार रखे। महाविद्यालय प्राचार्य अरविंद कुमार जाटव ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा महज एक कार्यक्रम ही नहीं है, दैनिक कार्यक्रम का एक हिस्सा भी है। उन्होंने छात्रों को आसपास स्वच्छता रखने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सहभागिता से विद्यालय परिसर की सफाई की। संचालन महाविद्यालय के उमादत्त गौतम ने किया। इस दौरान शिक्षक मोहन, हिमांशु, जुबेर, प्रकाश, शारदा, शिवधीरज, अरुण कुमार शुक्ला, कंचन आदि रहे।

### अंशकालिक अनुदेशकों ने लगाई मानदेय दिलाने की गुहार

**चित्रकूट।** परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसो. की जिला इकाई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर नवीनीकरण प्रक्रिया पूरी कराने और मानदेय दिए जाने की गुहार लगाई है। परिषदीय अनुदेशक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार और उप्र अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसो. के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने बताया कि 2023-24 में 263 अंशकालिक अनुदेशकों का नवीनीकरण किया गया था। 2024-25 में 37 का नवीनीकरण अवरुद्ध कर दिया गया जबकि सभी ने स्पष्टीकरण और साक्ष्य भी उपलब्ध करा दिए। इससे जुलाई का मानदेय नहीं भेजा गया है। सभी अनुदेशकों के सामने नियमित विद्यालय जाने में परेशानी हो रही है और कर्ज लेना पड़ रहा है। जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि 37 अंशकालिक अनुदेशकों का नवीनीकरण आदेश जारी किया जाए और जुलाई-अगस्त का मानदेय दिया जाए।

### एएसपी ने की पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने अश्विन मास के पितृ विसर्जनी अमावस्या मेले की ड्यूटी में लगे पुलिस बल के साथ बैठक की। एएसपी ने बताया कि मेला क्षेत्र को चार जोन व 14 सेक्टरों में बांटा गया है। इसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा चार क्षेत्राधिकारी, 14 थाना प्रभारी, 11 निरीक्षक, 45 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, 165 हेड कांस्टेबल-कांस्टेबल, 45 महिला कांस्टेबल,2 उपनिरीक्षक यातायात, 18 हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल यातायात, 1 पीएससी कंपनी, 1 उपनिरीक्षक एलआईयू, चार हेड कांस्टेबिल /कांस्टेबिल एलआईयू, एक एसचेक टीम, दो डॉग स्क्वायड, दो फायर टेंडर की ड्यूटी लगाई गई है। क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, मऊ जयकरन सिंह, लाइंस यामीन अहमद, फहद अली आदि रहे।

### स्कूल से पास से शराब का ठेका हटाए जाने की उठाई मांग

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अगुवाई में ग्रामीण मंगलवार को मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रशासन को ज्ञापन देकर पहाड़ी थानांतर्गत असोह में अनुसूचित जाति बस्ती व कंपोजिट विद्यालय के पास खुले शराब के ठेके को हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि अनुसूचित जाति बस्ती में शराब का ठेका खोल दिया गया है। लोग शराब पीकर अभद्रता करते हैं। ठेके के पास ही कंपोजिट विद्यालय भी है। जिलाधिकारी से मांग की कि शराब का ठेका गांव से बाहर किया जाए। कंपोजिट विद्यालय असोह के अध्यक्ष अश्विनी पांडेय, भीम आर्मी के श्रीपाल प्रजापति, उमेश कुमार, मंडोरिया, प्रिमता, नीतू वर्मा, रेनू, मंजू, तुलसा, बिंदी, अंजू, संगीता, रूप सविता, हिमानी, पूनम, नथिया, कमल, रामकली, विद्या, फूल कुमारी रहीं।

### आटो चालक ने की सवारी से लूट, पकड़ा गया

**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में आटो सवार राहगीर मझगवा निवासी प्रमोद यादव पर चाकू से हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना कामदगिरि रजौला बाईपास के पास की है। पुलिस के अनुसार इस घटना को आटो चालक समेत 4 लोगों ने किया। चित्रकूट (मप्र) पुलिस ने 5 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को दबोच लिया।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**चित्रकूट।** जिला गंगा समिति एवं रानीपुर टाइगर रिजर्व के तत्वाधान में डा. भीमराव अंबेडकर इंटर कालेज बरवारा में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और गंगा स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मनु शुक्ला प्रथम, अमित कुमार द्वितीय और माया देवी तृतीय स्थान पर रहीं।

# 15 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी नहरों की सिल्ट सफाई

- जिलाधिकारी की बैठक में एक्सईएन ने दी जानकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को नहरों की सिल्ट सफाई के संबंध में बैठक की। इसमें अधिशासी अभियंता सिंचाई एसके प्रसाद ने बताया कि रसिन, बरुआ, ओहन, गुंता बांध, चिल्ली पंप कैनाल की कुल मिलाकर 455.126 किलोमीटर सिल्ट सफाई का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बताया कि प्रत्येक दशा में 10 नवंबर तक नहरों की सिल्ट सफाई कर ली जाएगी।

प्रसाद ने बताया कि प्रस्ताव में शासन से जितने किलोमीटर सफाई की स्वीकृति आएगी, उसी के अनुसार काम कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने एक्सईएन को निर्देश दिया कि सफाई से पहले और बाद के फोटो अवश्य लिए जाएं। जो नहरें व पुलिया टूटी हैं, उनको भी ठीक कराया जाए। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम उमेश चंद्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात यामीन अहमद, एक्सईएन सिंचाई एसके प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में काटे हरे पेड़

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़ों की कटाई चर्चा में है। आरोप है कि सूखे पेड़ों के साथ साथ हरे पेड़ भी कटवा दिए गए। हालांकि इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार चौधरी का कहना है कि संबंधित लोगों को आगाह कर दिया था कि चिह्नित पेड़ों को ही काटें अगर ज्यादा पेड़ काटे गए हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक, परिसर में 14 सूखे और दो यूकिलप्टस के पेड़ों की कटाई की जानी थी। शुक्रवार को इनकी कटाई की गई तो मामला विवादों के घेरे में आ गया। आरोप लगने लगे कि हरे और कीमती पेड़ों को काट डाला गया। बताते हैं कि महाविद्यालय के कुछ कर्मचारियों ने भी नाम छिपाते हुए दावा किया कि जिन पेड़ों को कटना था, उनकी जगह बिना परमिट वाले पेड़ काट डाले गए। ठेकेदारों ने भी इस संबंध में तमाम आरोप लगाए। उधर, जब इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार चौधरी से पूछा गया तो उन्होंने दावा किया कि उन्हीं पेड़ों को काटा गया है, जिनकी अनुमति दी गई थी। बाकायदा ठेकेदार को चिह्नित स्थान भी बताया गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी अगर दूसरे पेड़ों को अथवा ज्यादा पेड़ों को काटा गया है तो जांच कराई जाएगी और संबंधित विभाग को जानकारी दी जाएगी।


महाविद्यालय परिसर में काटे गए पेड़।

## जिज्ञासा

शैलचित्र देखने सरहट पहुंची विद्यार्थियों की 56 सदस्यीय टीम

# दिल्ली विवि के छात्रों ने देखा कोल आदिवासियों का रहन-सहन

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)


दिल्ली से आई प्रोफेसरों और विद्यार्थियों की 56 सदस्यीय टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के शैलचित्र और कोल आदिवासियों की जिंदगी पर शोध करने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय अंतर्गत शिवाजी कालेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों की 56 सदस्यीय टीम मानिकपुर पहुंची।

चित्रकूट ए कल्चरल हेरिटेज की टीम ने छात्रों का स्वागत किया। पाठा इलाके में विद्यार्थियों ने पाषाणकालीन शैलचित्रों को देखा। कोल आदिवासियों के जीवन से जुड़े पहलुओं पर ध्यान दिया। चित्रकूट ए कल्चरल हेरिटेज के संस्थापक अनुज हनुमत ने बताया कि शिवाजी कालेज की छात्र-छात्राओं की टीम की अगुवाई तीन प्रोफेसरों ने की। ये लोग सरहट स्थित खंभेश्वर पहुंचे, जहां पाषाण कालीन शैलचित्रों को बारीकी से देखा और समझा। प्रोफेसर प्रबुद्ध कुमार मिश्र ने बताया कि टीम पांच दिन के प्रवास पर चित्रकूट आई थी। इसके तहत धर्मनगरी की प्राचीन धरोहरों से छात्र-छात्राओं को परिचित कराना था। टीम धारकुंडी आश्रम, तुलसी जलप्रपात भी पहुंची। इतिहासकार संग्राम सिंह, अनुज हनुमत, इतिहासप्रेमी जुगेंद्र मिश्र, विकास, शिवाजी कालेज की प्रोफेसर डा. उषा रानी आदि मौजूद रहीं।


पाठा में जगह-जगह दिखते हैं शैलचित्र।

### इससे होगा जिले को फायदा:अनुज

अनुज हनुमत ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय से टीम आई और शैलचित्रों और कोल आदिवासियों के जीवन से जुड़े पहलुओं पर बारीकी से अध्ययन किया। नि:संदेह इस टूर के बाद जिले का फायदा होगा और इनके शोध की फाइनल रिपोर्ट से सरकार का भी ध्यान इस ओर जाएगा। इतिहासकार संग्राम सिंह ने बताया कि चित्रकूट इतिहास की दृष्टि से काफी समृद्ध है।

### शैलचित्रों के संरक्षण की जरूरत बताई

प्रोफेसर तेजवीर सिंह राणा, प्रबुद्ध कुमार मिश्र ने बताया कि ये शैलचित्र बेहद महत्वपूर्ण और प्राचीन हैं। इनके सरंक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं पूरे विषय पर शोध करेंगी और फिर इसे सरकार के सामने रखा जाएगा।

# मूर्तिकार को काली सूची में डालेंगे

**चित्रकूट।** लालापुर स्थित महर्षि वाल्मीकि की कांस्य प्रतिमा में आई दरारों के संबंध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया है कि अगर प्रतिमा की गुणवत्ता में कमी दिखी तो संबंधित कंपनी को काली सूची में डाला जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी को इस संबंध में भेजी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि मूर्ति की पुट्टी को स्थानीय नागरिकों द्वारा भी उखाड़ा गया था।

गौरतलब है कि वाल्मीकि आश्रम लालापुर में महर्षि वाल्मीकि की 12.5 फीट की कांस्य प्रतिमा, जिसकी लागत 19.95 लाख रुपये है, लगाई गई है। पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इसकी स्थापना की जिम्मेदारी में विभाग ने कार्यदायी संस्था उप्र राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग लखनऊ को सौंपी थी। मूर्ति को मूर्तिकार प्रस्तुति अजीज मेंसन इंदौर ने लगाया है। बताया कि पिछले साल अक्टूबर में इसकी स्थापना की गई थी। बताया कि निदेशक, राज्य ललित कला अकादमी ने संबंधित मूर्तिकार को प्रयुक्त धातु के मिश्रण की जांच के लिए निर्देशित किया है।

# अंडरपास में भरा पानी बना बवाल-ए-जान

## 3 महीने से अंडरपास में पानी भरा होने से आधा सैकड़ा गांव के निवासियों को निकलने में हो रही परेशानी

संवाददाता, जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में क्षेत्र के लोगों के लिए रेलवे का अंडरपास मुसीबत बना हुआ है। हालात यह है कि बारिश होने पर अंडरपास में तीन तीन फिट पानी भर जाने के कारण लोगों का आवागमन ठप हो जाता है और कई गांवों का कुलपहाड़ से संपर्क टूट जाता है जिससे कुलपहाड़ तहसील और कोतवाली कुलपहाड़ अधिकारियों के यहां चलने वाले मुकदमों की पैरवी के लिए तहसील एसडीएम कोर्ट में जाने के लिए लोग तमाम जतन करते हैं। वहीं रेल पटरी के उस पास जाने वाले तमाम लोग पैदल पटरी पार करते हैं जिससे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।


अंडरपास में भरे पानी को मंझा कर निकलते ग्रामीण। अमृत विचार

रेलवे के अंडरपास में पिछले दो दिनों से बारिश के चलते तीन फिट गहरा पानी भर जाने के कारण दो, तीन और चार पहिया वाहन चालकों का आवागम ठप हो जाता है वहीं तमाम लोगों को पानी कम होने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। ठेकेदार द्वारा पंपिंग सेट मशीन नियमित नहीं चलाई जाती है जिससे अंडरपास में पानी एकत्र हो जाता है जिसका खामियाजा वाहन चालकों और राहगीरों को भुगतना पडता है। अंडरपास में पानी भरे रहने से लोग जोखिम उठाकर पटरी पार करने लगे है, जिसके चलते सोमवार को कस्बा बेलाताल की एक रतीराम नाम की वृद्धा की पटरी पार करते समय ट्रेन की जद में आ जाने से मौत हो गई थी।

अंडरपास तीन माह तक जैतपुर क्षेत्र के आधा सैकड़ा से ज्यादा ग्रामीण अंचलों के लोगों के लिए बवाले जान बना रहता है। इस बावत रेल प्रशासन को कई बार क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा लिखा पढ़ी की गई लेकिन आज तक अंडरपास समस्या से निजात नहीं मिल सकी। सोमवार को ट्रेन की चपेट में आ जाने से वृद्धा की मौत के बाद क्षेत्र के लोगों ने रेलवे प्रशासन के प्रति खासा गुस्सा है। अब लोगों ने सांसद से मुलाकात कर अंडरपास में भरे पानी की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# सर्वपितृ अमावस्या पर आज लगाई जाएगी परिक्रमा

**महोबा।** प्रति वर्ष की तरह इस साल भी सर्वपितृ अमावस्या पर बुधवार को शिवतांडव मंदिर से गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई जाएगी। साथ ही गुमनाम पितरो को तर्पण कर मोक्ष प्राप्ति के लिए प्रार्थना भी की जाएगी। यह जानकारी बुंदेलखंडी समाज के संयोजक तारा पाठकार ने दी।

उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के साथ-साथ सर्वपितृ अमावस्या भी है जिसे महालया अमावस्या भी कहते हैं। बुधवार को पितृपक्ष का अंतिम दिन भी है और इस मौके पर सुबह साढ़े पांच बजे शिवतांडव मंदिर से पवित्र गोरखगिरि पर्वत की परिक्रमा शुरू होगी जो प्रमुख मार्गों से होते शिव मंदिर में आकर संपन्न होगी। जहां पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस परिक्रमा में शामिल होकर पुण्य लाभ हासिल करने के लिए कहा है।

# महिला की संदिग्ध हालात में मौत, पड़ोसी पर लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● पड़ोसी परिवार से मकान निर्माण को लेकर चल रहा था विवाद

**अमृत विचार।** कस्बा कबरई में 50 वर्षीय एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के पति ने पड़ोस की महिला पर पत्नी के साथ मारपीट करने के कारण सदमे से मौत होने का आरोप लगाया है।


रामरानी।

कस्बा कबरई के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी रामअवतार ने बताया कि उसकी पत्नी रामरानी घर पर अकेली थी तभी पड़ोस की एक महिला से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। जिस पर महिला ने पत्नी के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। उसका पुत्र जब घर आया तो मां को जमीन पर बेहोशी की हालत में पाया। उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कबरई ले गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पति ने बताया कि इससे पूर्व भी उक्त पड़ोसी परिवार से मकान निर्माण को लेकर विवाद चल रहा था और इसी विवाद के चलते उक्त लोगों ने थाने में झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया था। जिसके चलते उसे जेल जाना पड़ा था और दो माह पहले जेल से छूटकर वापस आया था। विवाद से बचने के लिए वह हमीपुर के भरुआ सुमेरपुर में मजदूरी करने के चला गया था और जब उसे पत्नी की मौत की सूचना मिली तो वह वापस आया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

# अब इजराइल में नौकरी करने के लिए जिले से भी जाएंगे श्रमिक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● कारपेंटर आयरन बेल्डिंग, शटरिंग, सिरेमिक टाइल का काम करने वालों को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार।** इजराइल देश में निर्माण कार्य के लिए श्रमिकों को रोजगार प्रदान करने की प्रक्रिया में भारत सरकार एवं इजराइल सरकार के मध्य हुए अनुबंध के अंतर्गत एनएसडीसी क्रियान्वयन संस्था नामित की गई है, जिसके द्वारा पीआईवीए के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निम्नवत कैटगरी के निर्माण श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्य के लिए शटरिंग कारपेंटर सिरेमिक टाइल, आयरन बेल्डिंग, प्लास्टरिंग आदि कुशल श्रमिकों की आवश्यकता है।

उक्त जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी महोबा आकांक्षा बाजपेई ने देते हुए बताया कि श्रमिकों के चयन के लिए प्रोफेशनल टेस्ट ड्राइव की कार्रवाई से पूर्व पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के अंग्रेजी भाषा के ज्ञान के मूल्यांकन संबन्धी प्री स्क्रीनिंग नोडल आइटीआई के प्रधानाचार्य एवं सेवायोजन कार्यालय के जिला रोजगार सहायता अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाएगी। प्रीस्क्रीनिंग की कार्रवाई इजराइल में श्रमिकों को भेजने के लिए चयन कार्रवाई की प्रथम चरण की प्रक्रिया है इसके उपरांत उत्तीर्ण श्रमिकों का आरपीएल कराया जाएगा और प्रमाण पत्र श्रमिकों के चयन के लिए इजराइल की संस्था पीआईबीए द्वारा प्रोफेशनल टेस्ट लिया जाएगा।

बताया कि टेस्ट पास श्रमिको के पुलिस वेरिफिकेशन एवं मेडिकल की कार्रवाई की जाएगी। आरपीएल की कार्रवाई में किसी भी प्रकार से श्रमिकों के इजराइल भर्ती के लिए चयन होने की वैधता नहीं है। आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय द्वारा इजराइल की संस्था पीआईबीए को चयन की कार्रवाई के लिए संबन्धित ट्रेड के निर्माण श्रमिक उपलब्ध कराना है। बताया कि अंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थियों को इजराइल भेजे जाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इजराइल जाने वाले श्रमिकों की आयु 25 से 45 वर्ष होनी चाहिए। कम से कम तीन वर्ष की वैधता का पासपोर्ट साथ ही संबन्धित ट्रेड में तीन साल का अनुभव व इजराइल में पूर्व में कार्य न किया हो आदि संबन्धित अर्तताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर उल्लिखित है साथ ही काल सेंटर नं0 155330 पर काल करके अन्य जानकारी हासिल की जा सकती है।

# जुलूस निकाल समस्याओं के निस्तारण की उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जय जवान जय किसान एसोसिएशन के तत्वाधान में जिले के तमाम ग्रामों के एक सैकड़ा से अधिक किसानों ने अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए आवाज बुलंद की। किसानों का जुलूस प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील परिसर में पहुंचा और एक सभा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देते हुए दैवीय आपदाओं से बर्बाद फसल का सही आंकलन कर मुआवजा दिलाए जाने, पीएम फसल बीमा से वंचित किसानों को बीमा का लाभ दिए जाने आदि समस्याओं के बावत मांग की गई।

मंगलवार को किसानों ने एकजुटता के जय जवान जय किसान एसोसिएशन के बैनर तले समस्याओं के निस्तारण के लिए जुलूस निकाला। जुलूस दौरान किसान हाथों पर तख्तियां में सरकार प्रशासन होश में आओ जैसे सरकार के खिलाफ तमाम स्लोग्न लिखे हुए थे साथ ही अपनी मांगों को दोहराते हुए चल रहे थे। किसान का जुलूस तहसील परिसर में पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया जहां पर किसान एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह ने कहा कि 15 जुलाई बुंदेलखंड का किसान कभी प्राकृति की मार तो कभी साहूकारों और बैंक के बोझ के नीचे दबा ही रहता है जिससे दूसरों के लिए अन्न पैदा करने वाले किसान परिवार को दो वक्त का भोजन बमुश्किल से नसीब हो रहा है। कहा कि जिले का किसानों की फसल दस साल दो बार अतिवृष्टि के चलते खराब हो चुकी है लेकिन आज तक मुआवजे के नाम पर एक रुपया भी नहीं दिया गया। कहा कि उन्होंने अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्याओं की मांग उठाई लेकिन आज तक आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया गया।



जुलूस निकालते किसान व सभा को संबोधित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

● किसानों ने कहा, कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी सिर्फ दिया गया आश्वासन

किसान एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में बताया गया कि इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी के जिला प्रबंधक द्वारा लेखपाल से सांठ गांठ करके ग्राम छिकहरा में गलत प्लाट सर्वे के साथ उत्पादन भी गलत दिखाया है साथ ही ग्राम मिरतला में खराब दानो का भी वनज कराया है, जिसकी जांच दल से जांच कराई जाए। इसी प्रकार पीएम फसल बीमा में किसानों को क्लेम से वंचित रखने और बीमा कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए किए गए भ्रष्टाचार की जांच राज्य विशेष जांच दल से कराई जाए। ज्ञापन में तमाम मांगों के निस्तारण की मांग की गई। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनोहर सिंह, अरविंद सिंह, रामस्वरुप विश्वकर्मा हरिकांत श्रीवास्तव धर्मपाल सिह, कमलापत, सुनील कुमार रामचरन, हलकुट्टा, शिवपाल, दशाराय राजपूत सहित जिले के तमाम ग्रामों को सैकड़ा से अधिक किसान मौजूद रहे।

# नवरात्र को लेकर शहर में युद्धस्तर पर सफाई शुरू

कार्यालय संवाददाता महोबा

● दुर्गा पंडालों के आसपास और देवी मंदिर मार्गों पर लगाई सफाई कर्मियों की टीम

**अमृत विचार।** नवरात्र पर्व को लेकर जिले में सफाई अभियान तेज हो गया है। शहर में अलग-अलग टीमे बनाकर वार्डों में सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई कर चमकाया जा रहा है। नवदुर्गा प्रतिमाओं स्थलों के आसपास विशेष सफाई की जा रही है, जिससे पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं की सुबह काम होने वाली पूजा और आरती के समय श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पड़े।

मालूम हो कि तीन अक्टूबर से पंडालो में दुर्गा प्रतिमाओं को रखा जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर-जोर से चल रही हैं। दुर्गा समिति के लोगों द्वारा पहले से ही दुर्गा प्रतिमाओं को पंडालों में रखे जाने को लेकर अलग-अलग स्थान पर पडाल तैयार कर दिए गए। जहां पर दुर्गा प्रतिमाएं बिराजेगी। इसके लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर पालिका की सफाई कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था बेहतर रखने की निर्देश दिए गए हैं। जिसके चलते सफाई कर्मचारी सुबह से ही भंडारों के आसपास टीम के साथ पहुंचकर सफाई करते हैं।

जिले में 300 से ज्यादा स्थानों पर तीन अक्टूबर से दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की जाएगी दुर्गा पंडाल बनकर तैयार हो चुके हैं पंडालो में बिजली की भव्य सजावट की गई है। दुर्गा पंडालो में पूजा अर्चना और आरती करने के लिए पंडितों की भी नवदुर्गा समितियां द्वारा व्यवस्था कर ली गई है। दुर्गा प्रतिमाओं को पंडाल में स्थापित करने के लिए तीन अक्टूबर से देवी प्रतिमाएं पंडालों में विराजमान होगी।


बैठक में तैयारी की चर्चा करते जिले के सपा नेता। अमृत विचार

# स्वागत की तैयारी में जुटे सपाई

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

● 3 अक्टूबर को ब्लाक जैतपुर के ग्राम मुढ़ारी में रैली को संबोधित करेंगे सपा प्रदेश अध्यक्ष

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का तीन अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शोभालाल की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में मंगलवार को बैठक आहूत की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर निकाली जाने वाली रैली को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया साथ पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अलग अलग कार्य की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

विकासखंड जैतपुर के ग्राम मुढ़ारी में कल होने वाली रैली में सपा के प्रदेश अध्यक्ष शिरकत करेंगे। रैली के संयोजक करन सिंह राजपूत ने बताया कि रैली की इस सफलता के लिए पांच सर्किल में लोगों कों जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें महुआ बांध सर्किल से निर्भय सिंह राजपूत, अजनर से जगदीश प्रजापति एवं रघुवीर सिंह राजपूत, बेलाताल से रमेश दादा, बैंदो से राघवेन्द्र सिंह राजपूत नगारा तथा पनवाड़ी सर्किट से अय्यूब खां को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रैली में एमएलसी मान सिंह, राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर प्रसाद निषाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष पसमांदा मुस्लिम समाज अनीश मंसूरी, सांसद अजेन्द्र सिंह लोधी, हमीरपुर महोबा कोआपरेटिव के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव, हरी सिंह वर्मा आदि नेता उपस्थित रहेंगे।

बैठक में प्रेम नारायण विश्वकर्मा, जगदीश प्रजापति, रमेश दादा, निर्भय सिंह राजपूत, रघुवीर राजपूत, विक्रम सिंह राजपूत आदि रहे।

# वनरोज से बाइक टकराई, पिता-पुत्र व नाती घायल

**महोबा।** जिले में अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्चे समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कस्बा हरपालपुर निवासी मुन्नीलाल पाठक बेटे राहुल व नाती हार्दिक पनवाड़ी से हरपालपुर बाइक से जा रहे थे। गड़ौखर मंदिर के पास अचानक वनरोज के सामने आ जाने से बाइक उससे टकरा गई। जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। लोगों ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। रिश्तेदारों ने तीनों की हालत नाजुक देख झांसी मेडिकल कॉलेज ले गये। दूसरी घटना में ग्राम फदना नौगांव निवासी देवकरण रंगोली हरपालपुर मध्य प्रदेश जा रहे थे। टोलापातर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर गिर गए। भांजे पुष्पेंद्र ने सीएचसी पनवाड़ी में भर्ती कराया।



सीएचसी जैतपुर में शपथ लेते स्वास्थ्य कर्मी व ग्रामीण। अमृत विचार

# सफाई रखने की ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

संवाददाता, जैतपुर महोबा

● जगह-जगह सफाई व्यवस्था को लेकर तेजी से चलाया जा रहा अभियान

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ चिकित्साधीक्षक डॉ अशीष तिवारी ने किया। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक ने ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव के उपाय बताए गए साथ ही मौजूद कर्मचारियों और ग्रामीणों को साफ सफाई रखने और संचारी अभियान में सहयोग करने की शपथ दिलाई।

इस मौके पर चिकित्साधीक्षक ने कहा कि रोगों से मुक्ति पाने के लिए साफ सफाई बहुत जरुरी है। गंदगी से ही बीमारियों का प्रकोप बढ़ता है और मच्छर अधिक पैदा होते है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि अपने घर के आसपास गंदगी रखे बल्कि गंदगी पाए जाने पर नगर पालिका और ग्राम पंचायतों को अवगत कराकर सफाई व्यवस्था कराएं। बताया कि प्रदूषित जल की निकासी का प्रबंध अवश्य करें। जल भराव और गंदे पानी के ठहराव से मच्छर पनपते हैं जिससे तमाम बीमारी पैर पसारने लगी हैं। सबसे ज्यादा मलेरिया व उल्टी दस्त और पेट से संबन्धित बीमारियां बढ़ जाती हैं।

उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग लेप्रोसी जैसी तमाम बीमारी का प्रकोप गंदगी से बढ़ जाता है इसलिए बीमारी को दूर भगाने के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। कहा कि बारिश के मौसम मं खानपान पर विशेष ध्यान देना चाहिए साफ सुथरा और शुद्ध भोजन ग्रहण करना चाहिए साथ ही तेल रहित सब्जी का प्रयोग करें। उन्होंने मीठा से बचाव करने के बाबत भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संचारी रोग दूर करने के लिए तेजी से अभियान चलाया जा रहा है। इसमें सभी लोग सहयोग करें। इस मौके पर दीन मोहम्मद नबी मोहम्मद सियापति प्रिंस मनोज रावत शिवचरन श्यामलाल वर्मा शैलेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**दिए निर्देश** पीस कमेटी की बैठक में जिले में बरसों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब को कायम रखने की अपील की गई

# धार्मिक उत्सव और त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** धार्मिक उत्सवों नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहारो को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद महोबा गंगा-जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाउडस्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करते हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। परंपरागत तरीके से उत्सव मनाया जाए। किसी भी प्रकार का बदलाव करने से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को वायरल न करे। ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं। अराजक तत्त्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करता रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने -अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहे।


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्यौहारों के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे तथा जो भी विद्युत तार अस्त व्यस्त हो उसे ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग खाने पीने के समानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे। मिलावटी खाद्य सामग्री बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। जिससे कि लोग मिलावटी खाने-पीने के सामान खरीदते समय सावधानी बरते। अग्निशमन विभाग हर समय तैयार रहे। आगजनी की घटना होने पर तुरन्त कार्यवाही करें। यातायात नियमों का पालन कराये। सार्वजनिक मार्गो को धार्मिक उत्सवों के समय बाधित ना किया जाए। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर की लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करता है तो पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन हमेशा आपकी मदद के लिए तत्पर है त्योहार को पूरे हर्षोल्लाह के साथ मनाएं और शांति व्यवस्था को कायम रखे। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, उपजिलाधिकारी सदर जितेन्द्र सिंह, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार सहित समस्त थानो के थाना प्रभारी एवं सभी धर्मों के धर्म गुरु/ समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता ,दाऊ तिवारी, डॉ हरगोविंद सिंह, शहर काजी अफाक हुसैन तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्तिथ रहे।

# जिलाधिकारी बने शिक्षक, बच्चों से पूछे सवाल

## जिलाधिकारी ने महुआ ब्लाक बरईमानपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता बांदा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने मंगलवार को विकास खंड महुआ के पीएमश्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बरईमानपुर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में पेयजल, बालक-बालिका शौचालय, फर्नीचर की उपलब्धता, विद्युतीकरण आदि का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में निर्माणाधीन कक्षों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा दिव्यांग शौचालय बनाये जाने को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने शिक्षा की गुणवत्ता के संबंध में बच्चों से इतिहास व गणित के प्रश्न पूछते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने के निर्देश अध्यापकों को दिये। बाल वाटिका कक्ष तथा विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए टीएलएम के अन्तर्गत उपलब्ध करायी गयी सामग्री को कक्षाओं में लगाये जाने को निर्देशित किया।


स्कूल में बच्चों से सवाल पूछते जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप। अमृत विचार

जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास रूम व लाइब्रेरी की पुस्तकों का निरीक्षण करते हुए पुस्तकों का रख-रखाव ठीक प्रकार से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास में सभी कक्षाओं के बच्चों को बारी बारी से क्लास रूम में ले जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। डीएम ने विद्यालय में छात्र- छात्राओं की उपस्थिति एवं अध्यापकों की तैनाती के संबंध में जानकारी ली तो छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर, उपस्थिति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों में सप्ताहिक निरीक्षण अवश्य करें और विद्यालय में आवश्यक व्यवस्थायें एवं छात्र- छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने विद्यालय में सोलर पैनल लगवाये जाने तथा चबूतरे को ठीक कराये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दिये।

- विद्यालय में गंदगी मिलने पर समुचित साफ-सफाई किए जाने के दिए निर्देश

उन्होंने विद्यालय में गन्दगी पाये जाने पर सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी अध्यापकों को प्रतिदिन शिक्षक डायरी भरने के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# अलग-अलग स्थानों से अवैध शराब समेत दबोचे गये आरोपी

**कालपी।** उप निरीक्षक वसीम अहमद के नेतृत्व में पुलिस द्वारा छापामारी करके दो स्थानों से 54 अदद अवैध शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली कालपी के उप निरीक्षक वसीम अहमद, कांस्टेबल राम सिंह प्रजापति, विमल सिंह रात में गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम जोल्हूपुर के निकट मध्य रात को श्रीजा गार्डन के पास 28 अदद देसी शराब की बोतलों के साथ आरोपी युवक सुरेश कुमार पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम काशीरामपुर थाना कालपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं निकटवर्ती ग्राम काशीरामपुर में सार्वजनिक शौचालय के पास पुलिस टीम ने अवैध 26 अदद देसी क्वार्टर शराब की बोतलें ले जाते हुए आरोपी युवक को पुलिस टीम ने दबोच लिया। पुलिस पकड़े गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# वृद्ध हमारे समाज के आधारशिला : सीएमओ

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला एनसीडी सेल, जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा वृद्ध आश्रम में उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने वृद्धों के हाथों सेदीप प्रज्ज्वलन कर कराया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया वृद्ध हमारे समाज की आधारशिला हैं उनसे ही हमारा व्यक्तित्व बनता है। सीएमओ ने कहा कि बचाव के लिए व्यायाम करें इससे याददाश्त से जुड़े मस्तिष्क के हिस्सों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। व्यायाम से अवसाद और चिंता कम होती है और मूड बेहतर होता है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला नोडल ऑफिसर एनसीडी डॉ. आर एन प्रसाद ने बताया कि मधुमेह, रक्तचाप से बचाव के लिए संतुलित आहार लेना चाहिए। योग व्यायाम करना चाहिए रुटीन चेकअप कराना चाहिए। डॉ. अर्चना भारती ने वृद्धों का हौसला अफजाई करते हुए कहा वृद्ध हमारे परिवार की नींव है उनकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अल्जाइमर रोग से बचाव के लिए योग व प्राणायाम करना चाहिए। शिविर में डॉ. एसपी सिंह ने सामान्य मरीज को उपचारित किया, साइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ ने निःशुल्क दवा वितरित किया। शिविर में वृद्ध आश्रम के मैनेजर श्याम किशोर त्रिवेदी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सभी चिकित्सकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में एफएलसी अरविंद कुमार गुप्ता, लेखा लिपिक आदि ने सहयोग किया। शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हियरिंग ऐड (कान में सुनने की मशीन), वाकिंग स्टिक, नी कैप व फल वितरण किए गए।


वृद्धाश्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस पर वृद्धाश्रम पहुंचे अधिकारियों ने लिया वृद्धों का हाल-चाल

# कल निकलेगी महराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** श्री महाराजा अग्रसेन सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा मंगलवार को एक गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता की गई, जिसमें समिति के द्वारा 2 व 3 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा बताई गई।

कार्यक्रम को लेकर संरक्षक ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक अग्रसेन व कुलदेवी लक्ष्मी जी की आरती वंदना होगी। इसके बाद बच्चों की प्रतियोगितएं आयोजित होंगी। इसमें स्केचिंग प्रतियोगिता (12 साल से ऊपर) 12 बजे से 1 बजे तक, रंगोली प्रतियोगित बालिका (12 साल से ऊपर) 1 बजे से 2 बजे तक, पेपर कटिंग बालक व बालिका (8 साल से 15 साल) 2बजे से 3 बजे तक, चूड़ी सजाना बालिका (15 साल से ऊपर) 3 बजे से 4 बजे तक, जूड़ा सजाना प्रतियोगिता महिलायें 3 बजे से 4 बजे तक, अन्ताक्षरी प्रतियोगिता महिला- पुरुष 4 से 5 बजे तक, वाद-विवाद प्रतियोगिता (विषय-ऑनलाइन व ऑफलाइन शापिंग) 12 वर्ष से ऊपर, सिंगिग प्रतियोगिता (10 से 18 साल) सांय 7 बजे से 8 बजे तक, डान्स प्रतियोगिता बालक व बालिका (5 से 15 साल) साय 7 से आयोजित की जायेगी। वहीं 3 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन की विशाल शोभा यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से सुबह 10 बजे से धर्मशाला से होते हुए पीलीकोटी, माहिल तालाब, घंटा घर चौराहा, लालमन चौराहा, भगत सिंह चौराहा से रेलवे स्टेशन, बेरी वाले बाबा से न्यू मंगलम में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उसी दिन शाम को श्री महाराजा अग्रसेन एवं माता कुलदेवी की आरती और वंदना होगी। बच्चों के कार्यकम आयोजित किये जायेंगे जिसमें फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता आयोजित होंगे। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल, उमेश मित्तल, प्रवीण अग्रवाल, प्रेमचंद्र अग्रवाल, शरद आदि रहे।


प्रेस वार्ता के दौरान अपने होने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते संस्था के पदाधिकारी।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का उद्घाटन जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने कलेक्ट्रेट परिसर में छात्रों, समस्त स्टाफ एवं आशाओं को संचारी रोगो से बचाव की शपथ दिलाकर व रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

जिलाधिकारी ने बताया कि संचारी रोग जैसे मलेरिया, फाइलेरिया, डेगू, टी.बी, कुष्ठ, डायरिया आदि वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारिया हैं। यह रोग मच्छर, मक्खी, पशुओं एवं गंदगी के कारण फैलते हैं। जिन स्थानों पर जल जमाव, गंदगी, एवं कूड़ा जमा रहता है एवं साफ पानी पीने की लिये उपलब्ध नहीं होता है वहां पर संचारी रोग फैलने की संभवना अधिक होती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि संचारी रोगों से बचाव को 13 सहयोगी विभागों द्वारा अभियान के अंतर्गत समस्त जनमानस को रोगों से बचाव को जागरूक करना, कूडा निस्तारण, नालियों की सफाई, स्वच्छ जल की उपलब्धता, खुले में शौच न करना, शौच के बाद व खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोना, शहरी क्षेत्रों में फागिंग करवाना, क्लोरिनेशन डेमो, पेयजल उबालना के विषय में जागरूक करना, कृंतक ( चूहा, छछूंदर ) नियंत्रण के प्रभावी एवं सुरक्षित उपाय बताना, पांच साल से कम उम्र के बच्चों वाले घरों में आशा द्वारा ओआरएस एवं जिंक का वितरण करना आदि निरोधात्मक कार्रवाई की जायेंगी। दस्तक अभियान जो 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें घर-घर भ्रमण के दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घरों पर स्टीकर लगाये जायेंगे, क्षय रोग (टी.बी.) के रोगियों का चिन्हिकरण कर लाइन लिस्ट बनायेंगी, कुपोषित बच्चों की सूची बनायेंगी, घर पर जा कर समस्त जन मानस की आभा आईडी बनाकर उपलब्ध करायेंगी।

- जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. आरएन प्रसाद, डॉ. अजय कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश पहाड़ी, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती पूजा अहिरवार, सहायक, मलेरिया अधिकारी बिजय बहादुर, डीएमसी अवन्तिका तिवारी, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार प्रदीप कुमार, बायोलॉजिस्ट अतुल कुमार, समस्त मलेरिया एवं फाइलेरिया निरीक्षक एव समस्त स्टाफ राजकीय इंटर कालेज बांदा से छात्र, अर्बन आशाओं एवं मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारियों ने रैली में प्रतिभाग किया।

## बिजली के जर्जर तार व खराब पोल तत्काल ठीक कराएं

**बांदा।** जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी दुर्गापूजा, दशहरा व अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द के साथ मनाये जाने के लिए जिला शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परम्परागत रूप से जो कार्यक्रम व जुलूस आदि आयोजित किये जाते रहे हैं, उसी अनुरूप शान्तिपूर्णढंग से कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जुलूस के मार्गों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को चेक कर लें तथा उन्हें समय से संबंधित विभागों के अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के लिए तय किये गये रूट को भी देख लिया जाए तथा विसर्जन स्थानों पर लाइट एवं साफ-सफाई के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कर ली जायें। उन्होंने त्योहारों के अवसर पर पुलिस अधिकारियों को व्यापक सुरक्षा व्यवस्था एवं सतर्कता बरतने के निर्देश दिये जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंताओं को निर्देशित किया कि त्योहारों के अवसर पर समुचित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ जर्जर विद्युत के तारों व यदि कोई विद्युत पोल खराब हो तो उसको तत्काल ठीक कराये जाने के साथ विसर्जन रूट में यदि कोई तार नीचे हैं तो उसे ऊपर कर दें। उन्होंने दुर्गा पूजा पांडालों के पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि त्योहारों को शान्तिपूर्वक एवं कुशलता से मनाये जाने हेतु अपने कार्यकर्ता भी लगायें तथा पार्किंग आदि कि व्यवस्था भी सड़क से हटकर कराना सुनिश्चित करें। बैठक में, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी वि./रा. राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं शान्ति समिति के पदाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शासन की योजनाओं से दिव्यांगों को कराया अवगत

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** दिव्यांगों तथा उपेक्षित वर्ग की मदद करने में जुटी संस्था नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन आफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (एन.सी.पी.ई.डी.पी.) के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चुरखी में एक दिवसीय सामुदायिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारियां देकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

चुरखी ग्राम में आयोजित शिविर में संस्था के फेलो जावेद खान ने ग्रामीण स्तर पर दिव्यांगजन को आजीविका जुटाने के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा अभी तक जुटाई गई जानकारी से क्षेत्रीय सांसद, विधायक और संबंधित अधिकारियों को पत्र सौंप कर अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया है कि दिव्यांगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिससे जुड़कर दिव्यांगजन रोजगार व स्वरोजगार कर सकते हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी ( मनरेगा ) अधिनियम, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम में संस्था की ओर से प्रोग्राम मैनेजर सुमित, परीक्षित, डिजिटल टीम से स्नेहा, राम सिंह, शैलेंद्र, राम लखन, तेजपाल, राम जी, जीतू आदि रहे।

# सेवर्स ऑफ लाइफ ने रक्तवीरों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता बांदा

**अमृत विचार।** वर्तमान परिवेश में जहां लोग एक दूसरे की मदद करने से कतराने लगे हैं, वहीं सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के लोग अनजान लोगों को रक्तदान करके उनकी जान बचाने का जिम्मा उठा रहे हैं। संस्था से जुड़े लोग एक फोन पर जरूरतमंदों को रक्तदान करने पहुंच जाते हैं और उन्हें निःशुल्क ब्लड उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने का काम करते हैं। मंगलवार को सेवर्स ऑफ लाइफ के चौथे वार्षिकोत्सव में आधा सैकड़ा से अधिक रक्तवीरों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मंगलवार को शहर के एक मैरिज हाल में आयोजित सेवर्स ऑफ लाइफ संस्था के चौथे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, विशिष्ट अतिथि एडीएम राजेश वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप केला और सीएमओ डॉ. अनिल श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। मौलाना सिद्दीक मेमोरियल स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। वहीं स्कूल के बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक किया। नगर पालिका अध्यक्ष बासू ने रक्तवीरों की सराहना करते हुए रक्तदान को महादान बताया। अपर जिलाधिकारी वर्मा ने कहा कि वह स्वयं भी संस्था के लोगों को फोन करके जरूरतमंदों की रक्त उपलब्ध कराते रहते हैं। सीएमओ डॉ. श्रीवास्तव ने मानवहित के लिए निरंतर प्रयास करने वाली संस्था और रक्तवीरों की जमकर सराहना की। संस्था की संरक्षक डॉ. शबाना रफीक ने रक्तवीरों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बगैर उनकी इच्छाशक्ति के यह नेक कार्य सफल नहीं हो सकता। संस्था की ओर से सभी अतिथियों ने रक्तवीरों को मोमेंटो, माला व शॉल आदि भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध उद्घोषक संजय काकोनिया ने किया। इस मौके पर में संरक्षक सादी जमा साहब, चंदमौली भारद्वाज, अध्यक्ष सलमान खान, सलाहकार मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना, राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, योग गुरु प्रकाश साहू, रिजवान अली, मनोज जैन, मनीष श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, कनक ध्वज सिंह, आलोक सिंह, मंतशा कातिब, सुनीता गुप्ता, बसंत गुप्ता रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करतीं संस्था की संरक्षक डॉ. शबाना रफीक। अमृत विचार

- विगत 4 वर्षों से अनवरत जारी है रक्तदान का सिलसिला

## सार-संक्षेप


जिला अस्पताल में फल वितरण करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### मरीजों को फल बांटकर मनाया अध्यक्ष का जन्मदिन

**उरई।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि पदाधिकारीयों व व्यापारियों द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश अग्रवाल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुनील शिवहरे जिला अध्यक्ष, नागेंद्र गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष, अमित कुमार शुक्ला जिला महामंत्री, डॉ शांति भूषण मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, राधा रमन समाधिया जिला मंत्री, सौरव दुबे, मयंक शुक्ला, रोही गौतम, पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, अमित सिंह, हिमांशु अग्रवाल आदि पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये। उसके बाद कार्यालय में केक काटा। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन हमेशा व्यापारियों के सम्मान के लिए खड़ा है। वहीं जिला अध्यक्ष सुनील शिवहरे ने कहा कि हम सब व्यापारियों को एकजुट होकर रहना चाहिए। जिला महामंत्री अमित कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी व्यापारियों को संगठन हित में कार्य करना चाहिए।

### डूबे बालक के परिजनों को मिलेगी 4 लाख की मिलेगी मदद

**कालपी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर में सोमवार को माइनर नहर में डूब जाने से रामनरेश के पुत्र गोपाल जी( 2 वर्ष) की मौत हो गई थी। इस मामले को संज्ञान में लेकर राजस्व विभाग पीड़ित परिवार जनों को दैवीय आपदा राहत कोष से 4 लाख रुपये शासकीय मदद प्रदान करेगा। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति कि नदी, नहर में डूब जाने से मौत हो जाती है। तो उसके लिए शासन के द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से मदद दी जाती है। तहसीलदार के मुताबिक मृतक बालक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद राजस्व विभाग के द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से परिजनों को 4 लाख रुपये मदद प्रदान कर दी जाएगी।

### विद्युत विभाग ने अभियान चलाकर वसूले 13 लाख रुपये

**कोच।** विद्युत एसई ओमप्रकाश और एक्सईएन जितेन्द्रनाथ के निर्देशन में सोमवार को एसडीओ अनिरुद्ध कुमार मौर्य, जेई अंकित साहनी, अमन पांडेय ने कर्मचारियों के साथ मिलकर कोंच नगर के अलावा नदीगांव और कैलिया क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूला। वसूली अभियान में 13 लाख रुपये राजस्व वसूला गया, जबकि 200 कनेक्शन काटे गए। वसूली अभियान में आतिफ, वीरेंद्र, सूरज सहित रिंकू, धीरज, गब्बर, प्रदीप, अरविंद, राजकुमार, संदीप, अभिषेक, सनी, सरमन आदि विभागीय कर्मी शामिल रहे।

### प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सड़क को कराया अतिक्रमण मुक्त

**उरई।** प्रशासन ने मंगलवार को अवैध तरीके से सरकारी जगह पर कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इस दौरान प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से सड़कों पर किए गए कब्जे को हटाया, साथ ही कब्जा करने वालों को चेतावनी भी दी। जालौन के उरई मुख्यालय के झांसी रोड स्थित चुंगी से कालपी रोड स्थित इंदिरा स्टेडियम तक सड़क चौड़ीकरण का काम चल रहा है, जिसको लेकर प्रशासन ने इस सड़क पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को नोटिस जारी किया था और कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। मगर इस सड़क पर मकान मालिक और दुकानदारों ने कब्जा नहीं हटाया था, जिसके बाद मंगलवार को उरई की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडबाल, सिटी मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल, सीओ उमेश कुमार पांडेय के साथ नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने पीली कोठी से शहीद भगत सिंह चौराहे तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर मकान के आगे लगाए गए टीनशेड, बढ़ाई गई नालियां, चबूतरों को ध्वस्त कराया।

सौंपा ज्ञापन

भाकियू ने एसडीएम को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के निदान की उठाई मांग

# समस्याओं को निपटाने के लिए भरी हुंकार

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत प्रगतिशील किसान कल्लू सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों के द्वारा समस्याएं उठाते हुए हुंकार भरी गई। किसानों ने 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को सौंपकर समस्याओं का समाधान करने की मांग उठाई।

कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के चबूतरे में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत की अध्यक्षता करते हुए कल्लू सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान करने में उदासीनता बरती जाती है। फलस्वरुप किसान परेशान होते हैं। पंचायत के उपरान्त संगठन के तहसील अध्यक्ष राजू सिंह मलथुआ के नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधि मंडल कालपी तहसील पहुंचा। तहसील परिसर में किसानों ने जमकर नारेबाजी करते हुए अपना रोष प्रकट किया।


तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को ज्ञापन देते किसान। अमृत विचार

तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों ने अवगत कराया कि कालपी तहसील के ग्रामों में 10 सितम्बर को हुई भारी बारिश से किसानों को 100 फीसदी फसलों का नुकसान हुआ है। प्रभावित किसानों को दैवीय आपदा फंड से राहत राशि दिलाई जाये। बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को ठीक किया जाए ताकि निजी नलकूप का संचालन सही तरीके से हो सके।

अन्ना जानवरों की समस्यायों का निदान किया जाये। नहरों व माइनरों की समय से खुदाई व सफाई कराई जाए। अन्ना गोवंश अभी भी फसलों को चौपट कर रहे हैं। तथा रोड पर अन्ना जानवरों के बैठने से दुर्घटनाएं हो रही हैं इस पर उचित प्रबंध किया जाए। सितंबर महीने में गिरे मकानों का सर्वे करा कर आवास उपलब्ध कराया जाए। रियल टाइम खतौनी में जो गलती हुई है वह लेखपालों से ठीक कराई जाए। तहसील अध्यक्ष ने बताया कि किसान मसीहा महात्मा टिकैट की जयंती पर हजारों किसान सम्मिलित होंगे। उन्होंने चेतावनी स्वरूप कहा कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसान तहसील प्रांगण में धरना देंगे।

इस मौके पर सुरेश सिंह चौहान सत्येंद्र सिंह डेंटर सिंह मुसमरिया श्याम बाबू पाल अमित दुबे रमाशंकर, बाबा गोरा, जयराम कुशवाहा, सूरत दीन, प्रेम बाबू गोविंद सिंह आजाद सिंह नेआर्बी सिंह सुरेंद्र मटरा, राजन मुकाश नारायण मटरा, राजन सिंह कंचनपुर, दशरथ सैनी, चंद्रपाल गुर्जर, जयराम कुशवाहा, श्याम बाबू पाल, विश्वनाथ सिंह, सहित भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रक्तदान करते डॉक्टर। अमृत विचार

# रक्तदान करके बचायें दूसरों का जीवन

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** ब्लड डोनेशन डे पर राजकीय मेडिकल कालेज उरई में प्रधानाचार्य डॉ. अरविन्द त्रिवेदी के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन डे के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रभारी अधिकारी रक्तकोष विभाग डॉ. उर्वशी द्विवेदी एवं डॉ. मासूम सिद्की के द्वारा किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में रोगी हित को ध्यान में रखते हुए इस चिकित्सा महाविद्यालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशान्त निरंजन, डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. चरक सांगवान, डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. नितिन सिंह, डॉ. अनिल कुमार सहित 15 संकाय सदस्यों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन 1 सप्ताह तक किया जायेगा, जिससे अन्यलोग भी रक्तदान कर सकते हैं। वहीं डॉक्टरों ने कहा कि रक्तदान महादान है। उक्त कार्यक्रम में उप-प्रधानाचार्य आरएन कुशवाहा, विभागाध्यक्ष बाल रोग विभाग डॉ. जीएस चौधरी एवं रक्तकोष विभाग के लोग रहे।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2700-2750 आर.आर.21. 2800-2850 गेहूंफारम 2900-2950 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15300-15400 अरहरस्पेशल 12100-12200 चनादाल 8800-8900 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूँग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफलीदानाषिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800 -11200 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 15000-15100 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1968 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960- 1963 मयूर 1960- 1963 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4800-5200 देशीभेली 4600-4700 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4240 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 77400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 57700-57900 |

# मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करेगी सरकार

## जीएसटी मुनाफा रोधी व्यवस्था एक अप्रैल 2025 से नहीं रहेगी प्रभावी

● जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों की शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे उपभोक्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी मुनाफा-रोधी व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी नहीं रहेगी। सरकार ने जीएसटी कानून में मुनाफाखोरी पर रोक से जुड़े उपबंध खत्म करने को अधिसूचित की है। अधिसूचना का मतलब है कि उपभोक्ता एक अप्रैल, 2025 से जीएसटी दर में कटौती का लाभ नहीं देने वाली कंपनियों के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कर पाएंगे।

सरकार के जीएसटी नीति प्रकोष्ठ ने एक और अधिसूचना में कहा कि साथ ही एक अक्टूबर से मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों के तहत सभी लंबित शिकायतों का भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के बजाय जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) की प्रधान पीठ निपटान करेगी। ये अधिसूचनाएं जीएसटी परिषद की सिफारिशों के अनुरूप हैं। परिषद ने 22 जून को 53वीं बैठक में मुनाफाखोरी-रोधी उपबंध खत्म करने तथा मुनाफाखोरी-रोधी मामले जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ द्वारा देखने के लिए केंद्रीय जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 171 और धारा 109 में संशोधन करने की सिफारिश की थी।

### सकल जीएसटी संग्रह 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़

नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का सितंबर महीने में सकल संग्रह सालाना आधार पर 6.5% बढ़कर 1.73 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले साल की समान अवधि में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रहा था। अगस्त, 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ था। सितंबर में घरेलू कर राजस्व 5.9% बढ़कर 1.27 लाख करोड़ हो गया। वहीं माल के आयात से प्राप्त राजस्व 8% बढ़कर 45,390 करोड़ हो गया। आलोच्य अवधि में जीएसटी विभाग की तरफ से 20,458 करोड़ के रिफंड जारी किए गए जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 31% अधिक है। रिफंड को समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.53 लाख करोड़ रहा। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3.9% अधिक है।

# ईटीएफ : निवेश का लचीला और विविधीकृत विकल्प

ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक प्रकार का वित्तीय उत्पाद है जो स्टॉक एक्सचेंज पर ट्रेड करता है। यह निवेशकों को स्टॉक्स, बॉन्ड्स, या कमोडिटीज के मिश्रण में निवेश करने का अवसर देता है, जिससे वे एक विविधीकृत पोर्टफोलियो बना सकते हैं। ईटीएफ की खासियत यह है कि इसे स्टॉक की तरह किसी भी समय खरीदा और बेचा जा सकता है। इसके साथ ही, यह म्यूचुअल फंड्स की तुलना में कम लागत और अधिक पारदर्शिता प्रदान करता है। हालांकि, ईटीएफ में बाजार जोखिम और ट्रैकिंग एरर जैसे जोखिम होते हैं, जिनका ध्यान निवेशकों को रखना चाहिए। आइए इसके कुछ मुख्य बिन्दुओं पर गौर किया जाए ...

### प्रकार

- **इक्विटी :** ये स्टॉक्स या शेयरों में निवेश करते हैं। इन्हें बाजार के किसी इंडेक्स जैसे निफ्टी या सेंसेक्स के आधार पर डिजाइन किया जाता है।
- **बॉण्ड :** ये सरकारी या कॉर्पोरेट बॉण्ड में निवेश करते हैं।
- **कमोडिटी :** इनका निवेश किसी विशेष कमोडिटी जैसे गोल्ड, सिल्वर या अन्य धातुओं में होता है।
- **अंतर्राष्ट्रीय :** ये किसी दूसरे देश के शेयरों या इंडेक्स में निवेश करते हैं।

### निवेश के फायदे

- **लिक्विडिटी :** आप इसे बाजार के कामकाजी घंटों के दौरान कभी भी खरीद और बेच सकते हैं।
- **कम लागत :** ईटीएफ में मैनेजमेंट फीस अक्सर म्यूचुअल फंड्स से कम होती है।
- **विविधता :** एक ही ईटीएफ में विभिन्न प्रकार के स्टॉक्स, बॉन्ड्स या कमोडिटी में निवेश किया जा सकता है, जिससे जोखिम कम होता है।



### जोखिम

- **बाजार :** ईटीएफ बाजार में मौजूद कई एसेट्स (स्टॉक्स, बॉण्ड्स, कमोडिटीज़) के प्रदर्शन पर निर्भर होते हैं। अगर बाजार में गिरावट होती है, तो ईटीएफ में भी गिरावट आ सकती है।
- **ट्रैकिंग एरर :** ईटीएफ का उद्देश्य किसी विशेष इंडेक्स या एसेट क्लास को ट्रैक करना होता है, लेकिन कई बार ईटीएफ इंडेक्स से मेल नहीं खा पाता। इसे ट्रैकिंग एरर कहा जाता है। यह इंडेक्स और ईटीएफ में अंतर पैदा करता है।
- **कम लिक्विडिटी :** कुछ ईटीएफ, विशेष रूप से छोटे या कम लोकप्रिय ईटीएफ, में लिक्विडिटी की कमी होती है। इसका मतलब उन्हें आसानी से खरीदा या बेचा नहीं जा सकता, और ऐसे में आपको वांछित मूल्य पर बिक्री या खरीदने में कठिनाई हो सकती है।
- **कॉन्ट्रैक्ट :** कुछ ईटीएफ (जो डेरिवेटिव्स का प्रयोग करते हैं) में जोखिम होता है कि अगर कोई तीसरा पक्ष अपने अनुबंध को पूरा नहीं कर पाता है, तो ईटीएफ प्रभावित होता है।
- **कर :** कुछ देशों में ईटीएफ से होने वाले लाभ पर टैक्स अलग है, जो निवेशकों के लिए जोखिम हो सकता है।
- **कमोडिटी :** किसी ईटीएफ का आधार कमोडिटी (जैसे सोना या तेल) है, तो इसका मूल्य उनकी कीमतों में उतार-चढ़ाव पर बदल सकता है।
- **मुद्रा :** यदि ईटीएफ विदेशी एसेट या मार्केट्स में निवेश करता है, तो इस पर मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव का असर पड़ता है।

## विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** कारखाना उत्पादन, बिक्री तथा नए निर्यात ऑर्डर में धीमी वृद्धि से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां सितंबर में आठ महीने के निचले स्तर पर हैं। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 56.5 रहा, जो अगस्त में 57.5 था। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि गर्मियों में बहुत मजबूत वृद्धि के बाद सितंबर में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गति धीमी हो गई। उत्पादन तथा नए ऑर्डर की धीमी गति और निर्यात मांग वृद्धि में मंदी विशेष रूप से स्पष्ट रही।

## सेबी एफएंडओ खंड के लिए जल्द उठाएगा कदम

● सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी निवेशकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड के संबंध में जल्द ही कदम उठा सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेबी ने सरकार से नगर निगम बॉण्ड के ग्राहकों के लिए कर में छूट देने का आग्रह भी किया है, जो बुनियादी ढांचे के विकास के वित्तपोषण के लिए महत्वपूर्ण है।

नियामक के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने बताया कि नियामक वित्त आयोग के साथ बैठक में नगर निगम बॉण्ड के लिए कर छूट का मामला उठाएगा। कई नगर निगमों ने 1997 से अभी तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए बॉण्ड के जरिये 2,700 करोड़ जुटाए हैं। एफएंडओ पर भाटिया ने कहा कि सेबी बहुत जल्द एफएंडओ के बारे में कुछ करने जा रहा है।

## क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं : वित्तमंत्री

ईटानगर, एजेंसी



● अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सीतारमण ने दिया सलाह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को सलाह दी कि वह राज्य में सूक्ष्म व लघु उद्यमों (एमएसई) की उत्पादकता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के साथ क्षमता निर्माण के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण को अपनाए। भारतीय स्टेट बैंक के ऋण पहुंच कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अरुणाचल में आज तक एमएसएमई मंत्रालय द्वारा घोषित औद्योगिक क्लस्टर (संकुल) नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पेमा खांडू से अनुरोध करती हूं कि वे राज्य में 20 जीआई-चिह्नित उत्पादों के लिए क्लस्टर विकास का दृष्टिकोण अपनाएं। छोटे स्थानों पर ऐसे क्लस्टर, मंत्रालय द्वारा घोषित किए जा सकते हैं और ऐसे उद्यमों को वित्तपोषित करने को भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक को जोड़ा जा सकता है। सीतारमण ने कहा कि ऋण पहुंच कार्यक्रम के जरिये पीएम स्वनिधि, स्टैंड-अप इंडिया, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा, एनआरएलएम-एसएचजी, पीएम सूर्य घर और पीएमईजीपी जैसी योजनाएं शुरू हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बैंक ऋण के जरिये लाभ पहुंचाने के लिए 17 योजनाएं शुरू की हैं, जिनके लिए गारंटी की जरूरत नहीं है।

### क्या है क्लस्टर

क्लस्टर उद्यमों का समूह है जो जहां तक संभव हो समीपस्थ क्षेत्र में स्थित होते हैं। यह एक समान तथा समान उत्पादों व सेवाओं का उत्पादन करता है। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय ने एमएसई को अधिक प्रतिस्पर्धी और उत्पादक बनाने में मदद करने के लिए क्लस्टर विकास दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें एमएसई की वृद्धि तथा स्थिरता का समर्थन करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक कर्मचारियों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर 2.44% रही। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 2.15% था। श्रम मंत्रालय के अनुसार, अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) इस साल अगस्त में 0.1 अंक घटकर 142.6 अंक रहा। इस साल जुलाई में सीपीआई-आईडब्ल्यू 142.7 था।

इसमें कहा गया है कि मुद्रास्फीति अगस्त, 2024 में सालाना आधार पर 2.44% रही, जबकि अगस्त, 2023 में यह 6.91 प्रतिशत थी। श्रम और रोजगार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय श्रम ब्यूरो देश के औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण 88 केंद्रों में फैले 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संकलित करता है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### दो तस्कर गिरफ्तार, 37 किलो डोडा-चूरा बरामद

**भीलवाड़ा।** राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेडा थाना क्षेत्र में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) की सूचना पर कार से दो तस्करों को गिरफ्तार कर 37 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है। पुलिस ने मेघवालों का बास समोखी निवासी राकेश उर्फ रांका उर्फ बिच्छु उर्फ आनंदपाल मेघवाल (22) और बुधाराम उर्फ बुद्धराज विश्नोई (26) को गिरफ्तार किया है।

### टाइटलर की याचिका पर 29 नवंबर को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह जगदीश टाइटलर की उस याचिका पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगा जिसमें कांग्रेस नेता ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में उनके खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों के लिए आरोप तय किए जाने को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले की संक्षिप्त सुनवाई के बाद टाइटलर के अधिवक्ता से कुछ गवाहों के बयान फाइल करने को कहा जो रिकॉर्ड में नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को तय की।

### बाढ़ प्रभावित 14 राज्यों को 5,858 करोड़ रुपये जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा मोचन कोष से 14 बाढ़ प्रभावित राज्यों को 5,858.60 करोड़ जारी किए हैं। केन्द्र ने महाराष्ट्र को 1,492 करोड़, आंध्र प्रदेश को 1,036 करोड़, असम को 716 करोड़, बिहार को 655.60 करोड़, गुजरात को 600 करोड़, हिमाचल को 189.20 करोड़, केरल को 145.60 करोड़, मणिपुर को 50 करोड़, मिजोरम को 21.60 करोड़, नागालैंड को 19.20 करोड़, सिक्किम को 23.60 करोड़, तेलंगाना को 416.80 करोड़, त्रिपुरा को 25 करोड़ और बंगाल को 468 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# वांगचुक हिरासत में, अनिश्चितकालीन अनशन शुरू

## लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर दिल्ली की ओर कर रहे थे मार्च

नई दिल्ली, एजेंसी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और दिल्ली सीमा पर हिरासत में लिये अन्य लोगों ने मंगलवार को उन पुलिस थानों पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया जहां उन्हें रखा गया है। इनको उस समय हिरासत में लिया गया जब वे लद्दाख के लिए छठी अनुसूची में दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर राजधानी की ओर मार्च कर रहे थे।

वांगचुक एक महीने पहले लेह से शुरू हुई दिल्ली चलो पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे है। उन्हें और लद्दाख के 120 लोगों को सोमवार रात हिरासत में लिया गया। पदयात्रा का आयोजन लेह एपेक्स बॉडी ने किया था, जो करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर चार साल से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और इसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने, लद्दाख को लोक सेवा आयोग के साथ शीघ्र भर्ती शुरू करने और लेह एवं करगिल जिलों के लिए अलग लोकसभा सीटों की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। पुलिस के अनुसार, वांगचुक व अन्य को निषेधाज्ञा के उल्लंघन में हिरासत में लिया गया और उन्हें बवाना, नरेला औद्योगिक क्षेत्र और अलीपुर सहित विभिन्न पुलिस थानों में ले जाया गया।



दिल्ली चलो पदयात्रा के दौरान पुलिस हिरासत में सोनम वांगचुक।

### वांगचुक की हिरासत अलोकतांत्रिक, अस्वीकार्य : विपक्ष

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा कई अन्य लद्दाख वासियों को हिरासत में लिए जाने की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई को स्वीकार नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी ने एक्स पर कहा कि संवैधानिक अधिकारों के लिए शांतिपूर्वक मार्च कर रहे सोनम और लद्दाख के लोगों को हिरासत में लिया जाना अस्वीकार्य है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर कहा कि सत्ता के नशे में चूर मोदी सरकार ने यह कायरतापूर्ण कार्रवाई की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सोनम वांगचुक की यात्रा को बाधित करके कुछ हासिल नहीं कर सकती। आप नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा कि निहत्थे लोगों से आखिर क्या डर है? दिल्ली आने से कभी किसानों तो कभी लद्दाख के लोगों को रोकते हैं। क्या दिल्ली किसी की बपौती है?

### सोनम को हिरासत में लेने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** सोनम वांगचुक और कई अन्य को हिरासत में लिये जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील ने मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष मामले को सूचीबद्ध करने का उल्लेख किया। अदालत ने मामले को मंगलवार को सूचीबद्ध करने से इनकार करते हुए इस बात पर सहमति व्यक्त की कि यदि अपराह्न साढ़े तीन बजे तक उसके काम की स्थिति सामान्य होती है तो मामले को तीन अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।

# भाजपा ने गरीबों और दलितों की अनदेखी की है : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी



● विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत की जनसभा में कांग्रेस नेता बोले- केंद्र सरकार कुछ अरबपतियों के लिए कर रही काम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर संविधान पर हमला करने, गरीबों और दलितों की अनदेखी करते हुए कुछ अरबपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया। राहुल गांधी पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले सोनीपत में जनसभा को संबोधित किया थे। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार केवल कुछ बड़े उद्योगपतियों के हितों की सेवा करने के लिए काम कर रही है तथा गरीबों, दलितों, किसानों और युवाओं के कल्याण के लिए कुछ नहीं कर रही।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यहां आते समय एक व्यक्ति ने मुझे रोका। उसने मुझे बताया कि वह एक छोटा सा व्यवसाय चलाता है। उसने कहा कि मोदी और हरियाणा सरकार ने उसे बर्बाद कर दिया। गांधी ने कहा कि जब मैंने उनसे इसका कारण पूछा तो उसने कहा कि नोटबंदी हुई और गलत जीएसटी लागू किया गया। जब मैंने पूछा कि उन्होंने (सरकार ने) ऐसा क्यों किया तो उसने बताया कि उन्होंने अडाणी और अंबानी की मदद के लिए ऐसा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि हर कोई जानता है कि केंद्र और हरियाणा सरकार दो-तीन अरबपतियों की मदद करने के लिए चल रही है। आपके पास रोजगार के जो भी रास्ते थे, वे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले छोटे और मध्यम व्यवसाय हरियाणा में रोजगार पैदा करते थे, लेकिन अब ये बंद हो गए हैं। गांधी ने आरोप

# सावरकर पर टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को समन जारी

मुंबई,एजेंसी

● नासिक की अदालत ने मानहानि के मामले पर की सुनवाई

महाराष्ट्र के नासिक जिले की एक अदालत ने हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में उन्हें समन जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नासिक, दीपाली परिमल केडुस्कर ने 27 सितंबर को गांधी को इस संबंध में एक नोटिस जारी किया, जिसमें कहा गया है कि एक देशभक्त व्यक्ति के खिलाफ दिया गया बयान प्रथम दृष्टया अपमानजनक प्रतीत होता है। गांधी को मामले की अगली तारीख पर व्यक्तिगत रूप से या अपने कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होना होगा, जिस पर अभी निर्णय होना बाकी है। शिकायतकर्ता एक गैर सरकारी संगठन के निदेशक हैं। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन्होंने हिंगोली में गांधी द्वारा संबोधित सम्मेलन और 2022 में दिए गए भाषण को सुना और देखा है।

## एनआईए ने बंगाल में 12 जगह पर मारे छापे

**कोलकाता।** एनआईए ने माओवादियों से जुड़े लोगों के कोलकाता समेत प. बंगाल में 12 जगहों पर मंगलवार को एक साथ छापे मारे। सूत्र ने बताया कि दो महिलाओं और उनके सहयोगियों के माओवादियों के साथ कथित संबंधों में दक्षिण कोलकाता के नेताजी नगर इलाके के साथ उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी, बैरकपुर और सोदेपुर, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल और पश्चिम बंगाल के कई अन्य स्थानों पर छापे मारे जा रहे हैं। इन महिलाओं ने पूर्वी भारत में माओवादी नेटवर्क फैलाने के लिए उन्हें भेजे गए धन का कथित तौर पर इस्तेमाल किया।

# सिद्धारमैया ने धनशोधन के मामले पर सवाल उठाए

बेंगलुरु, एजेंसी



● बोले- एमयूडीए में इसके प्रावधान लागू नहीं होते, किस आधार पर ईडी ने किया मामला दर्ज

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मंगलवार को ईडी के धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने पर सवाल उठाया और कहा कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) मामले में इसके प्रावधान लागू नहीं होते। सिद्धारमैया ने कहा कि मुझे नहीं पता कि यह किस आधार पर धन शोधन का मामला है।

संभवतः आपको भी ऐसा ही लगता होगा। मेरे हिसाब से, यह धन शोधन का मामला नहीं बनता क्योंकि ली गई जमीन के बदले में भूखंड दिया गया था, तो यह धन शोधन का मामला कैसे है? सोमवार को ईडी ने सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए की ओर से उनकी पत्नी को 14 भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितताओं को लेकर मामला दर्ज किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। सिद्धारमैया की पत्नी ने सोमवार को एमयूडीए को पत्र लिखकर 14 भूखंडों का स्वामित्व और कब्जा छोड़ने की पेशकश की और कहा कि उनके लिए कोई भी भूखंड उनके पति और मानसिक शांति से बढ़कर नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई किसी चीज को छोड़ने का फैसला करता है कि वह विवाद नहीं चाहता, तो यह अपराध या कबूलनामा कैसे हो सकता है?

### लोकायुक्त पुलिस ने भूमि का किया सर्वेक्षण

**मैसूरु।** भूखंड आवंटन की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस की टीम ने मंगलवार को उस भूमि का सर्वेक्षण किया, जिसके बदले में 14 भूखंड अवैध रूप से सिद्धारमैया की पत्नी को आवंटित हुए थे। भूमि सर्वेक्षण के दौरान विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी, सर्वेक्षक और एमयूडीए के नगर नियोजन सदस्य भी लोकायुक्त टीम के साथ थे।

## टीएमसी नेता घोष की जमानत पर लें निर्णय

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कोलकाता की विशेष अदालत को टीएमसी नेता कुंतल घोष की जमानत पर शीघ्र निर्णय करने का आदेश दिया। घोष को प. बंगाल स्कूल भर्ती-रिश्वत कांड से जुड़े धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई और ईडी शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहा है। आरोप है कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कुछ (आरोपी) नेताओं द्वारा 2014 से 2021 के बीच, शिक्षक बनने के आंकांक्षियों और राज्य सरकार संचालित स्कूलों के गैर शिक्षण कर्मियों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की उगाही की गई।

# मां की हत्या कर अंग खाने के दोषी की मौत की सजा बरकरार

मुंबई, एजेंसी

● बंबई हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी है, उम्रकैद दी तो ये यही करेगा

बंबई हाईकोर्ट ने 2017 में मां की हत्या कर अंगों को कथित तौर पर खाने को लेकर कोल्हापुर की अदालत द्वारा दोषी को दी मौत की सजा मंगलवार बरकरार रखी। कोर्ट ने कहा कि यह नरभक्षी है, सुधरने वाला नहीं, अगर उम्रकैद दी तो ये यही करेगा।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि दोषी सुनील कुचकोरवी की फांसी की सजा बरकरार रखी जाती है। दोषी में सुधार की संभावना नहीं है। यह मामला दुर्लभतम श्रेणी का है। दोषी ने न केवल मां की हत्या की, बल्कि उसने उसके शरीर के अंगों - मस्तिष्क, हृदय, यकृत, गुर्दे, आंत को निकाल लिया और उन्हें बर्तन में पका रहा था। उसने उसकी पसलियां पकाई थीं और उसका हृदय पकाने वाला था। पीठ ने कहा कि अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी इसी तरह का अपराध कर सकता है।

# दो अरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर हाईकोर्ट नाराज

बदलापुर मामला

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न कांड की जांच के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाने पर मंगलवार को एसआईटी से नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस, जोआमतौर पर आरोपियों को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है, इस मामले में उन्हें गिरफ्तार करने में असमर्थ कैसे है। अदालत ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बदलापुर कस्बे के स्कूल में चार और पांच साल की दो बच्चियों का एक पुरुष कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न किया था। आरोपी अक्षय शिंदे घटना के बाद गिरफ्तार हुआ था और 23 सितंबर को मुठभेड़ में वह मारा गया।

# हरियाणा में दुष्यंत और चंद्रशेखर के वाहन पर पथराव, मामला दर्ज

जींद (हरियाणा), एजेंसी

जींद जिले के उचाना विधानसभा क्षेत्र में बीती रात को चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और उत्तर प्रदेश के सांसद चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर अज्ञात लोगों ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त नेताओं का काफिला रुका था बज यह घटना हुई, तब वाहन में कोई नहीं था। चुनाव प्रचार के लिए जा रहे चौटाला और आजाद की गाड़ी पर कुछ युवकों ने पत्थर फेंके और ध्यान भटकाने के लिए धूल मिट्टी उड़ाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। दुष्यंत और पुलिस में बहस भी हुई। उचाना सीट से जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला प्रत्याशी हैं और चंद्रशेखर उनके समर्थन में रोड शो करने आए थे। देर शाम को इनका काफिला उचाना कलां गांव पहुंचा था।

# एक ही मामले के अलग-अलग उल्लेख की परंपरा से सीजेआई चंद्रचूड़ नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

● बोले- वह अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने तत्काल सुनवाई के लिए एक ही मामले का अलग-अलग वकीलों की ओर से उल्लेख करने की परंपरा की मंगलवार को निंदा बताते हुए नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि वह इसकी अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह उनकी खुद की विश्वसनीयता को दांव पर लगाता है। कई बार, वकील अपने मामलों को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कराने के लिए जोखिम उठाते हैं और अधिवक्ताओं को बदलकर एक ही मामले को बार-बार अलग-अलग तारीखों पर उल्लेखित करवाते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अलग-अलग वकीलों द्वारा बार-बार उल्लेख कराने की इस परंपरा को बंद करें। आप सभी जोखिम मोल लेने की कोशिश कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश के रूप में मेरे पास जो भी थोड़ा बहुत विवेक है, उसका इस्तेमाल कभी भी आपके पक्ष में नहीं किया जाएगा, क्योंकि इस न्यायालय को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है।

# थाईलैंड में बस में आग लगने से 25 विद्यार्थियों की मौत

● बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग थे सवार

बैंकॉक, एजेंसी



थाईलैंड में बैंकॉक के बाहरी इलाके में वॉट खाओ फ्राया विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को ले जा रही एक बस में मंगलवार को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा थाईलैंड के खु खोत में ज़ीर रंगसिट शॉपिंग मॉल के पास फाहोन योथिन रोड पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12.30 बजे हुआ।

राजधानी बैंकॉक से लगभग 250 किमी (155 मील) उत्तर में उथाई थानी प्रांत से चली बस में छह शिक्षकों समेत 44 लोग सवार थे। आग लगने के कारणों के बारे में फिलहाल का पता नहीं चल पाया है और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक दमकलकर्मी आग को काबू करने की मशक्कत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोलह विद्यार्थियों और तीन शिक्षकों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवहन मंत्री सूर्या जुआंगरूंगरूंगकिट ने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 56 साल बाद ढाका ग्लेशियर में दफन मिला शहीद का शव

## वर्ष 1968 में लेह से चंढ़ीगढ़ के लिए निकला वायु सेना का विमान हो गया था क्रैश

● चालक सहित 102 यात्रियों को लेकर भरी थी उड़ान, आईडी से हुई सिपाही की पहचान

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भारत-चीन सीमा पर तैनात एक फौजी 56 साल पहले अपने घर के लिए निकला। वह अपने 102 साथियों के साथ वायु सेना के विमान में सवार था। विमान ने उड़ान तो भरी, लेकिन अपने बेस पर वापस नहीं लौट पाया। विमान क्रैश हो गया और सभी 102 लोग लापता हो गए। अब 56 साल बाद पता लगा कि विमान हादसे में लापता हुए सैनिक नारायण सिंह का शव ढाका ग्लेशियर में दफन है। सेना के जवानों ने शव निकाला। शव पहचानने की हालत में नहीं था, लेकिन शव से मिली एक आईडी से शहीद की शिनाख्त सिपाही नारायण सिंह के रूप में की गई। कोलपुड़ी पोस्ट गेरूर ब्लॉक थराली (चमोली) के रहने वाले नारायण सिंह भारतीय सेना में सिपाही थे। वर्ष 1968 में उनकी तैनाती भारत-चीन सीमा पर स्थित लेह में थी। सेना के अधिकारियों ने उनके पुत्र जयवीर सिंह को चार दिन पूर्व एक पत्र भेजा। मेजर साहिल रणदेव की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा, 7 फरवरी 1968 को भारतीय वायुसेना का विमान एन-12-बीएल-534 चंडीगढ़ से उड़ा। छह क्रू सदस्यों के साथ विमान लेह पहुंचा, ताकि भारतीय सेना के लोगों को लेह से चंडीगढ़ वापस लाया जा सके। वापसी में विमान ने लेह से उड़ान भरी। विमान में कुल 102 यात्री (चालक दल सहित) सवार थे, लेकिन चंडीगढ़ की ओर बढ़ते समय खराब मौसम की वजह से ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सिपाही नारायण सिंह भी एक यात्री थे। घटना के बाद सेना ने लगातार अपने लापता जवानों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इधर, अब सेना को ढाका ग्लेशियर में एक शव मिला। शव पहचाना नहीं जा रहा था, लेकिन शव से एक आईडी मिली, जिस पर जिला टिहरी गढ़वाल उत्तर प्रदेश लिखा था। सेना ने पड़ताल की तो पता लगा कि शव सिपाही नारायण सिंह का था। नारायण सिंह की पत्नी बसंती के पुत्र जयवीर सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि फौज ने शव मिलने की पुष्टि की है। सभवतः दो दिन बाद शव को गांव लाया जाएगा।

### शादी के तुरंत बाद मिली पोस्टिंग और फिर शहादत

हल्द्वानी : जयवीर ने बताया कि उनकी मां बसंती देवी का 2011 में निधन हो गया है। बसंती ने अपने बच्चों को कभी नारायण सिंह के बारे में नहीं बताया। हालांकि बाद में बच्चों को इसका पता लग गया। बसंती से शादी के कुछ समय बाद ही नारायण को लेह में पोस्टिंग मिली थी। हादसे को जब पांच साल गुजर गए तो नारायण के भाई भवान सिंह ने बसंती को सहारा दिया। शादी की और फिर दो बच्चे सुजान व जयवीर हुए। हालांकि बच्चों पर किसी तरह का मानसिक असर न पड़े तो नारायण को बच्चों से छिपाए रखा गया।

### 1968 से अब तक बरामद हुए सिर्फ पांच शव

सेना की ओर से जो पत्र जयवीर सिंह को भेजा गया है, उसमें लिखा है कि भारतीय सेना और वायु सेना ने मिलकर कई खोज और बचाव अभियान चलाए गए हैं। अब तक कुल पांच शव बरामद किए गए हैं। सेना एक बार फिर ढाका ग्लेशियर के सामान्य क्षेत्र में खोज और बचाव अभियान चलाएगी, ताकि शहीदों के अवशेषों को ढूंढा जा सके और उन्हें उचित अंतिम सैन्य सम्मान दिया जा सके। सेना ने कहा, यह पीड़ित परिवार के सदस्यों की भावना और इच्छाशक्ति ही है, जो हमारी आत्माओं को शून्य से भी नीचे के तापमान, दुर्गम इलाकों में शहीदों के पार्थिव अवशेषों की खोज जारी रखने के लिए प्रेरित करती है।

## एक नजर

### अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को 50वें सीजर पुरस्कार में किया जाएगा सम्मानित

**पेरिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जूलिया रॉबर्ट्स को सीजर पुरस्कार के 50वें संस्करण में सम्मानित किया जाएगा। एकेडमी ऑफ सिनेमा आर्ट्स एंड टेक्निक्स ने यह घोषणा की। सीजर पुरस्कार की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में बताया गया कि रनअवे ब्राइड, प्रिटी वुमन, नॉटिंग हिल और एरिन ब्रोकोविच जैसी फिल्मों के लिए मशहूर 56 वर्षीय अभिनेत्री को 28 फरवरी, 2025 को फ्रांस की राजधानी के ओलंपिया हॉल में आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान 'ऑनररी सीजर' से पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### जाकिर नाइक एक महीने के पाकिस्तान दौरे पर

**इस्लामाबाद।** भारतीय भगौड़ा डॉ. जाकिर नाइक एक महीने की लंबी यात्रा के लिए पाकिस्तान पहुंचा, जहां वह कराची, इस्लामाबाद और लाहौर जैसे प्रमुख शहरों में व्याख्यान देगा। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्टों से प्राप्त हुई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, तीन दशकों में नाइक की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है। इससे पहले वह आखिरी बार 1992 में पाकिस्तान गए थे, जब वह भारत लौटने से पहले लाहौर में धार्मिक विद्वान डॉ. इसरार अहमद से मिले थे।

### श्रीलंका में मंत्रिमंडल की हुई पहली बैठक

**कोलंबो।** श्रीलंका में नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) गठबंधन की नई सरकार बनने के बाद देश के अब तक के सबसे छोटे मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई, जिसमें सिर्फ तीन मंत्री शामिल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नए मंत्रिमंडल के प्रवक्ता विजिथा हेराथ ने बताया कि सोमवार को हुई इस बैठक में नवनियुक्त राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरसुरिया के अलावा वह शामिल हुए।

### इंडोनेशिया के सुलावेसी प्रांत में भूकंप के तीव्र झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के दक्षिणपूर्व सुलावेसी प्रांत में मंगलवार को भूकम्प के तीव्र झटके महसूस किये गये। देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समयानुसार शाम करीब 04:28 बजे आए भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 आंकी गयी। इसका केंद्र वाकाटोबी रीजेंसी से 186 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में समुद्र तल के नीचे 631 किमी की गहराई पर था। सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि भूकंप से किसी जानमाल की हानि की फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

### चीनी सेना की दक्षिण चीन सागर में समुद्री गश्त

**बीजिंग।** चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) दक्षिणी थिएटर कमांड ने सोमवार से मंगलवार तक दक्षिण चीन सागर में युद्ध-तैयारी गश्त करने के लिए एक नौसैनिक बेड़े का आयोजन किया। पीएलए आर्मी दक्षिणी थिएटर कमांड ने आज एक बयान में कहा कि यह गश्त वार्षिक सैन्य अभ्यास के तहत की गई।

# लेबनान में जमीनी हमले शुरू

## इजराइल ने हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ स्थानीय अभियान छेड़ा

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों के खिलाफ सीमित, स्थानीय अभियान शुरू कर दिया है। सेना उन गांवों में लक्षित जमीनी हमले कर रही है जो इजराइली सीमा के करीब हैं। उसने कहा कि ये ठिकाने उत्तरी इजराइल में इजराइली समुदायों के लिए खतरा पैदा करते हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हिजबुल्ला और हमास का समर्थन करने वाले ईरान को सोमवार को चेतावनी दी थी।

उन्होंने लेबनान के हिजबुल्ला समूह के नेता के एक हवाई हमले में मारे जाने के कुछ दिन बाद कहा, पश्चिम एशिया में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां इजराइल नहीं पहुंच सकता। हिजबुल्ला ने अपने नेता हसन नसरल्ला और अन्य शीर्ष नेताओं के मारे जाने के बाद भी लड़ाई जारी रखने का सोमवार को संकल्प लिया। आतंकी समूह के कार्यवाहक नेता नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके पूरी तरह से तैयार हैं। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि वह लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर स्थानीय जमीनी हमले कर रही है। सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हेगारी ने मंगलवार को मीडिया में जारी एक वीडियो बयान में कहा कि सैनिक यह सुनिश्चित करने के लिए हिजबुल्ला के खिलाफ अभियान चला रहे हैं कि इजराइली नागरिक उत्तरी हिस्से में अपने घरों में लौट सकें। हिजबुल्ला ने गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से ही उत्तरी इजराइल में रॉकेट हमले शुरू कर दिए थे जिससे वहां रहे लोगों को विस्थापित होना पड़ा था।



लेबनान सीमा की ओर बढ़ते इजराइली टैंकर।

### हवाई हमलों में 95 लोग मारे गए, 172 घायल हुए

**बेरूत।** लेबनान के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में कुल 95 लोगों की मौत हो गयी और 172 अन्य घायल हो गये हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार रात यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि बालबेक-हर्मेल जिले में इजरायली हमले में 16 लोग मारे गए और 48 अन्य घायल हुए।

### संदिग्ध हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर हमला किया

**दुबई।** हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को लाल सागर में एक पोत को निशाना बनाकर संदिग्ध हमला किया जो पिछले कुछ सप्ताह में वाणिज्यिक पोतों पर उनका संभवत: पहला हमला है। यह हमला लेबनान में हाल में हुए इजराइली हमलों और हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद हुआ है। इससे पश्चिम एशिया में युद्ध के बड़े स्तर पर फैलने की आशंका पैदा हो गई है। हूती विद्रोहियों ने सोमवार को इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी।

### इजराइल ने लेबनान के कई समुदायों से क्षेत्र छोड़ने का आह्वान किया

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने सीमा के निकट लेबनान के 24 समुदायों को वहां से चले जाने की चेतावनी दी है। इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में सेना भेजने के कुछ घंटों बाद मंगलवार को यह चेतावनी दी गई। इजराइल ने कहा कि उसके सैनिक लेबनान में घुस गये और हिजबुल्ला के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए छापेमारी की। इस बीच हिजबुल्ला ने इजराइल की सेना के लेबनान में घुसने की खबरों को खारिज किया है। इसने कहा यदि वे सीमा पार करते हैं तो उसके (हिजबुल्ला) लड़ाके आमने-सामने की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इजराइल की सेना के प्रवक्ता द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किये गये आदेश में दक्षिणी लेबनान के लगभग 24 समुदायों का जिक्र किया गया है और लोगों को सीमा से लगभग 60 किमी (36 मील) दूर, अवाली नदी के उत्तर में चले जाने को कहा गया है।

**वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हुआ समारोह**

# वायु सेना दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम: राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय वायु सेना देश के दुश्मनों को उनकी सीमा में घुसकर करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बल को सबसे उन्नत प्लेटफार्मों से लैस करने के लिए प्रतिबद्ध है। सिंह ने यहां राष्ट्रीय समर स्मारक में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होना चाहिए ताकि सम्मान, गौरव और देश की सेवा की भावना के साथ जीवन जिया जा सके।

भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिंह ने 'वायु वीर विजेता' कार रैली को प्रारंभ किया जिसे आठ अक्टूबर को लद्दाख के थोइस से रवाना किया जाएगा जो समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे वायु सेना स्टेशनों में से एक है। लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक 7,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह रैली आठ अक्टूबर को वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की जाएगी। सिंह ने कठिन परिस्थितियों में बहादुरी, समर्पण और देशभक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा करने वाले सैनिकों की भी प्रशंसा की।



भारतीय वायु सेना की वर्षगांठ में शिरकत करने पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### चीन सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन सामान्य नहीं : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि चीन से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर है लेकिन इसे सामान्य नहीं कहा जा सकता और यह संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति की बहाली की मांग करते हुए कहा कि जब तक ऐसा नहीं होगा तक स्थिति संवेदनशील बनी रहेगी। जनरल द्विवेदी ने मंगलवार को यहां चाणक्य रक्षा संवाद- 2024 के दूसरे संस्करण के पूर्वावलोकन कार्यक्रम में राष्ट्रीय और वैश्विक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हुए वर्ष 2047 तक एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध भारत के बारे में भारतीय सेना के दृष्टिकोण को रखा। साथ ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण में भारतीय सेना के योगदान पर भी बात की। भारतीय सेना, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) के सहयोग से, 'राष्ट्र निर्माण में उत्प्रेरक : समग्र सुरक्षा के माध्यम से विकास को बढ़ावा' विषय पर चाणक्य रक्षा संवाद-2024 के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रही है।

## पत्रकारिता का दोषी होने की बात मुक्त होने के लिए कबूली: असांजे

**फ्रांस।** विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने मंगलवार को कहा कि उन्हें वर्षों की कैद के बाद रिहा किया गया, क्योंकि उन्होंने पत्रकारिता का दोष होने की बात कबूल कर ली। असांजे ने फ्रांस के स्ट्रासबर्ग में पार्लियामेंट्री असेंबली ऑफ द काउन्सिल ऑफ यूरोप की कानूनी मामलों और मानवाधिकार समिति के समक्ष अपनी हिरासत और दोषसिद्धि के प्रभाव के बारे में साक्ष्य दिया। इस पार्लियामेंट्री असेंबली में 46 यूरोपीय देशों के सांसद शामिल हैं। असांजे को ब्रिटेन की जेल में पांच साल बिताने के बाद जून में रिहा किया गया था। उन्होंने अभियोजकों के साथ समझौते में अमेरिकी सेना से जुड़ी जानकारी हासिल करने और प्रकाशित करने का दोष स्वीकार किया था।

# विदेश मंत्री ने की अमेरिकी वाणिज्य मंत्री से मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वाशिंगटन में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो से मुलाकात की और उन्होंने सेमीकंडक्टर, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित किये जाने के मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश मंत्री ने कहा वाशिंगटन डीसी में वाणिज्य मंत्री रायमोंडो से मिल कर बहुत खुशी हुई। हमने सेमीकंडक्टर्स, आईसीईटी, महत्वपूर्ण खनिजों, विश्वसनीय साझीदारियों और परिस्थितियों में उतार चढ़ाव से अप्रभावित एवं सतत आपूर्ति श्रृंखला पर चर्चा की। हम अपने तकनीकी सहयोग और आर्थिक साझीदारी में जो प्रगति कर रहे हैं, उसके महत्व पर भी बातचीत हुई।



## जापान की संसद ने शिगेरु इशिबा को प्रधानमंत्री चुना

**तोक्यो।** जापान की संसद ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख शिगेरु इशिबा को औपचारिक रूप से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। इशिबा को शुक्रवार को लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी का नेता चुना गया था, ताकि वह फुमियो किशिदा की जगह ले सकें। फुमियो किशिदा के मंगलवार की सुबह प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद इशिबा के अगले प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार ग्रहण करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इशिबा मंगलवार को बाद में अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। किशिदा ने 2021 में प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यभार संभाला था, लेकिन उनकी सरकार के घोटालों से घिरने के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया।

# भारत व पड़ोसी देशों से चल रहा तनाव

## राष्ट्रपति शी ने राष्ट्रीय दिवस पर दी चेतावनी, आगे की राह आसान नहीं

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने मंगलवार को अपना 75वां राष्ट्रीय दिवस मनाया और राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कड़ी चेतावनी दी कि कम्युनिस्ट राष्ट्र के लिए आगे की राह आसान नहीं होगी, क्योंकि उसे आर्थिक चुनौतियों के साथ-साथ अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और भारत सहित अन्य पड़ोसियों के साथ बढ़ते तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को बीजिंग के विशाल तियानमेन स्कवायर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग प्रतीकात्मक ध्वजारोहण समारोह में शामिल हुए। देश में एक सप्ताह का अवकाश घोषित है। राष्ट्रीय दिवस की 60वीं और 70वीं वर्षगांठ की तरह इस बार कोई उत्सव या चीन की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने वाली भव्य सैन्य परेड नहीं हुई, बल्कि शी ने लोगों से कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। शी ने वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर एक भोज के दौरान अपने भाषण में कहा आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयां और बाधाएं आएंगी। (हमें) मुश्किल हालात का सामना करना पड़ सकता है। चीन चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच, आर्थिक गति हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

शी ने कहा हमें शांति के समय में सतर्क रहना चाहिए, आगे की योजना बनानी चाहिए और पूरी (कम्युनिस्ट) पार्टी, पूरी सेना (पीएलए) और देश भर के सभी जातीय समूहों के लोगों पर पूरा भरोसा करना चाहिए। उन्होंने कहा, कोई भी कठिनाई चीन के लोगों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। पार्टी और जनवादी सेना (पीएलए) का नेतृत्व कर रहे राष्ट्रपति शी (71) का पांच वर्षों का यह तीसरा कार्यकाल है।



# डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों, मंत्री से मुलाकात की

● द्विपक्षीय रक्षा संबंधों के साथ वैश्विक स्थित पर चर्चा की

पेरिस, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने यहां फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने, अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक स्थिति पर चर्चा की।

फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांस की अपनी यात्रा के दौरान भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने फ्रांस के सशस्त्र बलों के मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू के साथ व्यापक चर्चा की। इसमें कहा गया है, उनकी बातचीत का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करना और अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाना था। इसके साथ ही उभरते अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिदृश्य को लेकर विचारों का आदान-प्रदान करना था। बैठक के बाद लेकॉर्नू ने कहा हम लोगों ने हमारे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग: राफेल मरीन, स्कॉर्पीन पनडुब्बियां, अंतरिक्ष तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति, विशेष रूप से यूक्रेन पर चर्चा की।



## यूएनजीए में स्थायी सीट के लिए समर्थन करने वाले देशों का धन्यवाद

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोमवार को उन देशों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता देने का समर्थन किया। इनमें यूएनएससी के स्थायी पांच सदस्य देशों में से चार अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस, साथ ही अंगोला, चिली, माइक्रोनेशिया, पुर्तगाल शामिल हैं, जबकि बेलारूस और भूटान ने विकास पहल में मदद के लिए भारत को धन्यवाद दिया। जिन लोगों ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूएनएससी में भारत के साथ-साथ अफ्रीका के एक देश की स्थायी सदस्यता तथा जर्मनी और जापान के समर्थन में बात की, उनमें शामिल हैं: अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट, कीर स्टार्मर।

**ज्ञान-विज्ञान** | नासा के मार्स पर्सिवरेंस रोवर की महत्वपूर्ण खोज, खोलेगी कुछ और राज

# मंगल पर मिली अजीबो-गरीब धारीदार चट्टान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल में एक अजीबोगरीब धारीदार चट्टान की खोज हुई है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर ने यह खोज की है। जेज़ेरो क्रेटर में यह चट्टान मिली है। माना जा रहा है कि यह चट्टान मंगल के बारे में नई जानकारी दे सकती है।

नासा का मार्स पर्सिवरेंस रोवर मंगल की सतह की जांच पड़ताल में लंबे समय से जुटा हुआ है। अभी तक कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है और अब धारीदार चट्टान का मिलना मंगल की सतही पदार्थों का रहस्य उजागर कर सकती है। यह चट्टान अजीब काली और सफेद धारीदार है। मार्स पर्सिवरेंस रोवर लाल ग्रह के अतीत में सूक्ष्मजीव जीवन के साक्ष्य की तलाश कर रहा है। मगर काली और सफेद धारियों वाली इस चट्टान ने बहुत सारे प्रश्न खड़े कर दिए। वैज्ञानिकों ने इसका नाम फ्रेया कैसल रखा है। यह चट्टान कुछ हद तक पृथ्वी के रूपांतरित चट्टानों के समान दिखता है। जिन्हें नाइस, मार्बल व शिस्ट कहा जाता हैं। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकोन ने इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि फ्रेया कैसल उच्च श्रेणी की चट्टान जैसा दिखता है । जिन स्थितियों में मंगल पर फ्रेया कैसल का निर्माण होगा, वह संभवतः पृथ्वी के समान रही होंगी। यह खोज मंगल की सतह पर चट्टानों के बारे मे नई जानकारी उजागर करती है। बहरहाल इस चट्टान का विस्तृत अध्ययन किया जाना है। तभी इसकी वास्तविकता का पता लग सकेगा। मंगल पर अनेक प्रकार की चट्टान मिलती रही हैं, मगर इसका रंग रूप अजीब कहानी बयां करता है। जिस स्थान पर यह चट्टान मिली है, वह स्थान करीब 3.9 अरब साल अस्तित्व में आया । संभावना यह भी जताई जा रही है कि तब कुछ इस तरह की चट्टानें बनी हो सकती है। प्लैनेटरी साइंस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द इस चट्टान का रहस्य उजागर कर देंगे।
बॉक्स



### मंगल पर खोज क्रांति से कम नही

नैनीताल : मंगल ग्रह पर खोज किसी क्रांति से कम नही। पिछले दो दशक में परत दर परत मंगल के खुलासे होते चले गए हैं। इस दिशा में आधुनिक विज्ञान व तकनीक मील का पत्थर साबित हुई है। अब मानव का मंगल पर पहुचना शेष रह गया है। अगले पांच वर्ष में यह कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।